# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 21 जनवरी 2026




# पांचवी 16 और आठवीं की परीक्षा 17 मार्च से, केंद्रीयकृत रहेगा सिस्टम, शुल्क-समय तय

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

पांचवी और आठवीं बोर्ड परीक्षा की समय सारिणी जारी करते हुए लोक शिक्षण संचालनालय ने व्यापक दिशा निर्देश जारी किए हैं। पांचवीं की परीक्षा 16 मार्च से होंगी। आठवीं बोर्ड परीक्षा की तारीख 17 मार्च से 6 अप्रैल तय की गई है। परीक्षा केंद्रीयकृत होंगी। जिलों में इन परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए जिला स्तर पर कमेटियां रहेंगी, जिनके प्रमुख जिला शिक्षा अधिकारी होंगे। यह बताया गया है कि कक्षा 5वीं के लिए कुल 50 अंक निर्धारित किए गए हैं, जिसमें 40 अंक लिखित परीक्षा और 10 अंक प्रायोजना कार्य के होंगे। वहीं, कक्षा 8वीं में कुल 100 अंक होंगे, जिसमें 80 अंक लिखित परीक्षा और 20 अंक प्रायोजना कार्य के लिए निर्धारित हैं। जिला स्तरीय संचालन समिति के अनुमोदन से प्रश्न पत्र निर्माण के लिए एक विशेष समिति का गठन किया जाएगा, जिसमें विषय विशेषज्ञों को शामिल किया जाएगा। समिति 'संलग्नक-बी' में जारी ब्लूप्रिंट के अनुसार कक्षा 5वीं और 8वीं के लिए विषयवार हिन्दी और अंग्रेजी माध्यम के प्रश्न पत्रों के तीन सेट तैयार करेगी। इसके बाद, इन्हें सीलबंद लिफाफे में जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा जाएगा। निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि प्रश्न पत्रों का निर्माण लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी गतवर्ष के ब्लूप्रिंट के आधार पर ही किया जाएगा।

## 5वीं में 40 और 8वीं में 80 अंकों की होगी लिखित परीक्षा

### निजी स्कूलों को जमा करना होगा परीक्षा शुल्क

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) से संबद्ध गैर-अनुदान प्राप्त अशासकीय विद्यालयों (हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम) को भी परीक्षा शुल्क जमा करना होगा। निर्देशों के मुताबिक, कक्षा 5वीं के लिए 55 रुपये और कक्षा 8वीं के लिए 60 रुपये प्रति छात्र की दर से शुल्क जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है। इस संबंध में समुचित निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी संबंधित अशासकीय विद्यालयों को जारी किए जाएंगे।




### 5वीं सारिणी

| विषय | तिथि |
|---|---|
| गणित | - 16 मार्च |
| अंग्रेजी | - 19 मार्च |
| हिंदी | - 23 मार्च |
| पर्यावरण | - 25 मार्च |

परीक्षा का समय (सुबह 9 से 11 बजे)

### 8 वीं सारिणी

| विषय | तिथि |
|---|---|
| गणित | - 17 मार्च |
| हिंदी | - 20 मार्च |
| अंग्रेजी | - 24 मार्च |
| सा. विज्ञान | - 30 मार्च |
| विज्ञान | - गुरुवार |
| संस्कृत/उर्दू | - 6 अप्रैल |

### 28 फरवरी तक पूरे करने होंगे प्रोजेक्ट

निर्देशानुसार परीक्षा से पूर्व विद्यार्थियों को प्रायोजना कार्य दिए जाएंगे। कक्षा 5वीं में 5-5 अंक के दो प्रायोजना कार्य (कुल 10 अंक) और कक्षा 8वीं में 10-10 अंक के दो प्रायोजना कार्य (कुल 20 अंक) होंगे। यह प्रायोजना कार्य 28 फरवरी 2026 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करना होगा। इसके पश्चात, प्रत्येक विद्यार्थी के अंकों की सूची तैयार कर 05 मार्च तक सीलबंद लिफाफे में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को प्रेषित करनी होगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि सी.बी.एस.ई. एवं आई.सी.एस.ई. से संबद्ध गैर-अनुदान प्राप्त अशासकीय विद्यालय इस केन्द्रीकृत परीक्षा में शामिल नहीं होंगे। वहीं, छात्रों की बेहतर तैयारी के लिए स्कूलों को सेम्पल प्रश्न पत्रों का निर्माण कर अभ्यास कराने के निर्देश दिए गए हैं। कक्षा 5वीं एवं 8वीं की केन्द्रीकृत परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए प्रति छात्र व्यय राशि तय कर दी गई है। कक्षा 5वीं के लिए 55 रुपये और कक्षा 8वीं के लिए 60 रुपये प्रति छात्र की दर निर्धारित की गई है। इसी राशि से शासकीय विद्यालयों एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयों की परीक्षा संचालित की जाएगी।

# प्रदेश प्रभारी बन गए राष्ट्रीय अध्यक्ष, नितिन नबीन की नई कार्यकारिणी में छत्तीसगढ़ को भी मिलेगी अहमियत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन अब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए हैं। उनकी नई कार्यकारिणी का भी एक माह के अंदर ऐलान होने की संभावना है। छत्तीसगढ़ को हमेशा से राष्ट्रीय कार्यकारिणी में महत्व मिलता है। छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद उम्मीद बढ़ी है कि प्रदेश को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है।

- छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में मिलता रहा है महत्व

छत्तीसगढ़ के अलग राज्य बनने के बाद से ही छत्तीसगढ़ को हमेशा भाजपा के राष्ट्रीय संगठन में कोई न कोई पद मिलता रहा है। छत्तीसगढ़ को प्रधानमंत्री नरेंद मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह से लेकर सभी राष्ट्रीय नेता बहुत अहमियत देते हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्षों का भी छत्तीसगढ़ से लगाव रहा है। भाजपा के इस बार के नए अध्यक्ष नितिन नवीन भी छत्तीसगढ़ के प्रभारी हैं। इसके पहले राजनाथ सिंह और जेपी नड्डा भी छत्तीसगढ़ के प्रभारी रहे और वे भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। इनके राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर छत्तीसगढ़ को महत्व भी मिला।

### कई नेताओं को जगह मिली है राष्ट्रीय कार्यकारिणी में

इसके पहले सरोज पांडेय को राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया था। वह भाजपा की राष्ट्रीय महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष भी थीं। करूणा शुक्ला भी राष्ट्रीय महिला मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष रहने के साथ ही राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी रही हैं। रामविचार नेताम जहां अजजा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे हैं, वहीं वे राष्ट्रीय महामंत्री भी रहे हैं। इस समय सरोज पांडेय और लता उसेंडी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। इसी के साथ धरमलाल कौशिक और अजय चंद्राकर राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सदस्य हैं। अब नितिन नवीन की नई कार्यकारिणी में भी प्रदेश के नेताओं को अहमियत मिलेगी। श्री नवीन प्रदेश के हर नेता के बारे में जानते हैं, ऐसे में वे किसी भी नेता को बड़ी जिम्मेदारी दे सकते हैं।

### ये नेता रहे हैं राष्ट्रीय संगठन में

प्रदेश में जब 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को जब प्रदेश में हार मिली थी तो इसके बाद प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह को वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। उन पर राष्ट्रीय संगठन बहुत भरोसा करता था और उनको कई बड़े काम भी दिए गए। एक बार उन्होंने 26 जनवरी 2023 को भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय में जेपी नड्डा के बाहर रहने पर झंडा भी फहराया। वे प्रदेश के पहले नेता हैं जिनको यह मौका मिला है। एक समय में राष्ट्रीय संगठन में डॉ. रमन सिंह, सरोज पांडेय और लता उसेंडी तीन उपाध्यक्ष थे। 2023 में विधानसभा का चुनाव जीतने के बाद जब प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी और डा. रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष बने तो उन्होंने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद से इस्तीफा दिया।

# सीएएफ अभ्यर्थियों ने परिवार सहित गृहमंत्री निवास घेरा, पुलिस ने खदेड़ा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 2018 परीक्षा की प्रतीक्षा सूची वाले अभ्यर्थियों ने मंगलवार को राजधानी के सिविल लाइन स्थित गृहमंत्री विजय शर्मा के निवास का घेराव किया।

घेराव करने पहुंचे प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने वहां से खदेड़ा। इस दौरान पुलिस अधिकारी और अभ्यर्थियों के बीच झड़प हुई। सीएएफ प्रतीक्षा सूची अभ्यर्थी मंत्री विजय शर्मा से मुलाकात कर चर्चा करने की मांग पर अड़े रहे, पर पुलिस ने उन्हें बाहर ही रोक दिया। इस दौरान उन्होंने गृहमंत्री निवास के सामने धरना दिया। उनका कहना है कि पुलिस ने महिलाओं और बच्चों के साथ जोर आजमाइश की। बाद में पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए प्रदर्शनकारियों को वहां से खदेड़ दिया। दरअसल, सात साल से छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल में नियुक्ति की बाट जोह रहे प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों का गुस्सा मंगलवार को उस समय फूट पड़ा, जब पुलिस प्रशासन ने उन्हें गृहमंत्री विजय शर्मा से मुलाकात करने से रोका। अभ्यर्थी उनसे चर्चा करने की मांग कर रहे थे। विदित हो, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 2018 परीक्षा के प्रतीक्षा सूची अभ्यर्थियों को अब तक नियुक्ति नहीं मिल पाई है। प्रदेशभर में ऐसे अभ्यर्थियों की संख्या 417 है, जिनकी वेटिंग लिस्ट अब तक क्लीयर नहीं हो पाई।

- हंगामा के बीच पुलिस के साथ झड़प परिवार और छोटे बच्चों के साथ गृहमंत्री से मुलाकात करने आए अभ्यर्थी

### ये है मामला

वर्ष 2018 में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल में 1786 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू की गई। जिसमें 417 अभ्यर्थियों को प्रतीक्षा सूची में रखा गया। भर्ती प्रक्रिया को पूरे सात साल बीतने के बाद भी अब तक प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों की वेटिंग लिस्ट क्लियर नहीं हुई। प्रभावित अभ्यर्थियों का कहना है सीएएफ जैसे सुरक्षा बलों में बड़ी संख्या में पद खाली हैं, वहीं चयन प्रक्रिया पूरी कर चुके युवा बेरोजगारी झेलने मजबूर हैं। उनकी बातों को नजरअंदाज किया जा रहा है।

# 60 हजार से अधिक बीपीएल कार्ड धारी निकले अमीर, इनकम टैक्स भरने वाले किए गए आउट

**रायपुर।** वन नेशन वन कार्ड योजना के तहत प्रत्येक राशन कार्ड सदस्य को ई-केवायसी कराना अनिवार्य करने के बाद अब बीपीएल कार्ड धारकों का भी भौतिक सत्यापन किया जा रहा है कि कार्ड धारक बीपीएल की श्रेणी के लिए पात्र है भी या नहीं। इसके लिए प्रत्येक कार्ड धारक के बैंक खाता में लेनदेन चेक किया जा रहा है कि कहीं वह इंकम टैक्स दे रहा है या फिर इसके दायरे में तो नहीं आता। इस जांच के दौरान छत्तीसगढ़ में अब तक 60 हजार से अधिक ऐसे बीपीएल कार्ड धारकों का पता चला है, जो इंकम टेक्स दे रहे हैं या उसके दायरे में आते हैं। इन सभी कार्डों को विभाग ने निरस्त कर दिया है। निरस्त किए गए कार्ड धारक अब एपीएल कार्ड ही बनवा पाएंगे। इसके लिए उन्हें अब नए सिरे से कार्ड बनवाने के लिए आवेदन करना होगा। बीपीएल श्रेणी का कार्ड बनाने के लिए कार्ड धारक एवं उसके परिवार के सदस्यों को गरीबी रेखा से नीचे होना अनिवार्य है। इसके तहत कार्ड धारक की सालाना आय दो लाख से कम हो, असिंचित भूमि 7.5 एकड़ से ज्यादा न हो, कृषि भूमि 5 एकड़ से ज्यादा न हो, सरकारी नौकरी न हो जैसे कई नियम बने हुए हैं। इन नियमों के तहत पात्र लोगों के ही बीपीएल कार्ड बनाए जा सकते हैं। प्रदेश में ऐसे भी कई बीपीएल कार्ड धारक है जिनके पास 5 एकड़ से अधिक कृषि भूमि एवं 7.5 एकड़ से अधिक असिंचित भूमि है।

### रायपुर जिले में 10 हजार से अधिक बीपीएल कार्ड निरस्त

खाद्य विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार रायपुर जिले में ही 10 हजार से अधिक बीपीएल कार्ड निरस्त किए गए हैं। ये सभी कार्ड धारक बीपीएल श्रेणी में अपात्र पाए हैं। इनमें ज्यादातर कार्ड धारक इंकम टैक्स के दायरे में मिले हैं, जिनका बैंक खाता में सालाना 6 लाख रुपए से अधिक का ट्रांजेक्शन है। यानी इन खाता कार्ड धारकों की सालाना आय 6 लाख से अधिक मान ली गई है। इसके अलावा ऐसे भी कार्ड धारक हैं, जो इंकम टैक्स देते हैं। इस तरह इन लोगों के कार्डों को निरस्त कर दिया गया है। रायपुर के अलावा बिलासपुर, दुर्ग जैसे जिलों में भी 3 से 5 हजार की संख्या में बीपीएल कार्ड निरस्त किए गए हैं। इसके अलावा धमतरी, महासमुंद, राजनांदगांव, कवर्धा, बेमेतरा, बालोद, अंबिकापुर, रायगढ़, कोरबा सहित अन्य जिलों में भी बड़ी संख्या में बीपीएल कार्ड निरस्त किए गए हैं।








# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, बुधवार 21 जनवरी 2026


### ट्रेन में बिसलरी की बोतल भी 20 की जगह 14 रुपए में

**नई दिल्ली।** रेलवे स्टेशन और ट्रेन में अक्सर 'रेल नीर' ही बिकता है। पहले ये 15 रुपए का मिलता था, लेकिन अब इसका रेट 14 रुपए हो गया है। कभी-कभी जब आप ट्रेन में सफर के दौरान बिसलेरी, किनले या फिर अन्य कंपनियों की बोतल खरीदते हैं, तो उसके लिए 20 रुपए देते होंगे लेकिन अब नए नियम के अनुसार अगर आप ट्रेन में रेल नीर के अलावा दूसरी कंपनियों का पानी भी खरीदते हैं, तो भी आपको रेल नीर के बराबर ही दाम देने होंगे।




## खबर संक्षेप

### हीराकुंड जलाशय में पहुंचे 4.21 लाख प्रवासी पक्षी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के संबलपुर जिले में स्थित हीराकुंड जलाशय में सर्दी के इस मौसम में 4.21 लाख से अधिक पक्षी पहुंचे। यह पिछले वर्ष की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है।



छत्तीसगढ़ सीमा तक फैले 5.72 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में स्थित जलाशय में की गई पक्षियों की गणना के दौरान पांच नई प्रजातियों सहित 128 प्रजातियों के कुल 4,21,763 पक्षियों की संख्या दर्ज की गई।

### ट्रक की टक्कर से कार सवार तीन की मौत

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर जिले के गुलावठी थाना क्षेत्र में एक ट्रक की टक्कर से कार में सवार तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान आशुतोष (35), अंकित (37) और महेश (55) के रूप में हुई। बुलंदशहर-मेरठ मार्ग पर सोमवार की रात गुलावठी क्षेत्र में बुलंदशहर की तरफ से आ रही एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर को पार कर गलत दिशा में चली गई। और सामने की तरफ से आ रहे ट्रक से उसकी टक्कर हो गई।

### बाजार में भीषण आग 40 से दुकानें जलीं

**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर के 'यूनिट-1' बाजार में सोमवार देर रात लगी भीषण आग में 40 से अधिक दुकानें जलकर खाक हो गईं और लाखों रुपये का सामान नष्ट हो गया। रात करीब डेढ़ बजे लगी



आग को बुझाने के लिए दमकल के 13 से अधिक वाहन और 80 कर्मियों को घंटों लग गए। दुकानों के एक-दूसरे के बहुत करीब स्थित होने और पर्याप्त जगह न होने की वजह से आग पर काबू पाना मुश्किल था।

### चार दिन बाद पानी से बाहर निकाली गई इंजीनियर की कार

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के नोएडा में एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत के चार दिन बाद राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम ने मंगलवार शाम को इंजीनियर की कार को पानी से बाहर निकाला। नोएडा के सेक्टर-150 में 16 जनवरी को हुई घटना में 27 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत हो गई थी। कई दिनों तक पानी के अंदर पड़ी रही कार की हालत बहुत खराब थी। कार के शीशे टूटे हुए थे और सनरूफ भी टूट गया था।

### बिटकॉइन से जुड़े धनशोधन मामले में दो गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** प्रवर्तन निदेशालय ने 2018 के करोड़ों रुपए के बिटकॉइन जबरन वसूली से जुड़े धन शोधन मामले मंगलवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया। निकुंज भट्ट और संजय कोटड़िया को गिरफ्तारी के बाद धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत विशेष अदालत में पेश किया गया। दोनों के वकील अनीक शेख ने बताया कि अदालत ने उन्हें 24 जनवरी तक ईडी की हिरासत में भेज दिया है। निकुंज और कोटड़िया की गिरफ्तारी 2018 में दर्ज प्राथमिकी पर आधारित है।

## छत्तीसगढ़ में आरक्षक भर्ती की प्रक्रिया में गड़बड़ी

# पुलिस की एक चूक से खाली रह गए आरक्षकों के 1500 पद, जिलों में कामन टेस्ट का ऐसा दिखा साइड इफेक्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में आरक्षकों के छह हजार पदों की भर्ती प्रक्रिया के दौरान पुलिस की एक चूक से आरक्षकों के करीब 1500 पद खाली रह गए हैं। इन पदों पर नियुक्तियां नहीं हो सकी हैं। बताया गया है कि विभाग द्वारा जिलों में कॉमन टेस्ट लिए जाने से ये गड़बड़ी हुई है।

### ये है मामला

राज्य में पुलिस आरक्षकों के छह हजार पदों के लिए पुलिस मुख्यालय द्वारा प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। इस दौरान व्यवस्था ये रखी गई थी कि हर जिले के लिए एक कॉमन कोड जनरेट किया गया था। बताते हैं कि गड़बड़ी की शुरुआत भी यहीं से हो गई। हुआ ये कि एक अभ्यर्थी ने एक साथ दो से चार जिलों में भर्ती के लिए आवेदन दे दिए। जब भर्ती शुरू हुई, तो फिजिकल टेस्ट के बाद यही अभ्यर्थी एक ▶▶| शेष पेज 5 पर

### प्रक्रिया जारी, 1700 की ट्रेनिंग भी शुरू




### अब तक हो चुकी है 1700 की ट्रेनिंग

पुलिस मुख्यालय के सूत्रों ने इसी संबंध में एक अलग जानकारी में बताया कि ये सही है कि एक से अधिक जिलों में एक ही अभ्यर्थी का नाम आने की वजह से कुछ पद खाली रह जाएंगे। ये भी बताया गया है कि भर्ती प्रक्रिया के अगले चरण में अब तक करीब 1700 लोगों की ट्रेनिंग भी प्रारंभ कर दी गई है। इसके बाद जब अनुप्रमाणन पत्र भरे जाएंगे तब ये साफ होगा कि किस जिले में कितने पद खाली रह गए हैं।

### एक चूक पड़ गई भारी

सूत्रों के अनुसार भर्ती प्रक्रिया संचालित करने वाले अधिकारियों ने हर जिले के लिए एक ही कॉमन कोड जारी किया था। इसे ही एक बड़ी चूक माना जा रहा है। अगर हर जिले के लिए अलग-अलग कोड होते या ये साफ कर दिया जाता कि एक अभ्यर्थी एक ही जिले के लिए आवेदन कर सकता है तो ये विसंगति नहीं होती।

## औपचारिक रूप से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित, युवा युग की शुरुआत

शीर्ष पद पर आसीन होने वाले अब तक के सबसे युवा

# नितिन की ताजपोशी के बाद पीएम मोदी ने कहा- नबीन मेरे 'बॉस'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

*नितिन नबीन को मंगलवार को औपचारिक रूप से भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित कर दिया गया। उनके अध्यक्ष बनने के साथ ही ऐसे वक्त में पार्टी के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत हो गई है, जब वह देश की राजनीति पर अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रही है। 45 वर्षीय नबीन पार्टी के शीर्ष पद पर आसीन होने वाले अब तक के सबसे युवा व्यक्ति हैं। सभा में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि जब बात पार्टी के विषयों की आती है, तब माननीय नितिन नबीन जी... मैं एक कार्यकर्ता हूं और आप मेरे बॉस हैं।*

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को नितिन नबीन को भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी और कहा कि पार्टी से संबंधित मामलों में यह युवा नेता उनका 'बॉस' होगा। यहां पार्टी मुख्यालय में एक सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने 45 वर्षीय नवीन को युवा ऊर्जा और संगठन में व्यापक अनुभव वाला एक 'मिलेनियल' बताया, जो पार्टी के लिए बहुत मददगार साबित होगा। अपने 40 मिनट के भाषण में प्रधानमंत्री ने बार-बार नवीन को 'माननीय' कहकर संबोधित किया और पिछले 11 वर्षों में उनकी सरकार की उपलब्धियों को गिनाया, जिसे उन्होंने पार्टी अध्यक्ष को अपने काम का लेखा-जोखा देने के रूप में वर्णित किया। प्रधानमंत्री ने राजनाथ सिंह, ▶▶| शेष पेज 5 पर

### मंदिर-गुरुद्वारे में प्रार्थना, पीएम के हाथों से मिठाई, दिग्गजों की मौजूदगी



### भाजपा के 12वें अध्यक्ष

भाजपा के संगठनात्मक चुनावों के निर्वाचन अधिकारी के. लक्ष्मण ने संगठनात्मक चुनावों के परिणाम घोषित किए और 45 वर्षीय नबीन को चुनाव प्रमाण पत्र सौंपा। नवीन भाजपा के 12वें अध्यक्ष बने, जिसकी स्थापना 1980 में हुई थी और उसी वर्ष उनका जन्म भी हुआ था।

### नए अध्यक्ष का युवाओं से आह्वान

भाजपा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नितिन नवीन ने लोगों, खासकर युवाओं से राजनीति में आने की अपील की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पश्चिम बंगाल समेत पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा की सफलता सुनिश्चित करने हर संभव प्रयास करने का आह्वान किया।

### कांग्रेस पर पीएम ने साधा निशाना

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वे देश की सबसे पुरानी पार्टी द्वारा की गई गलतियों से सबक लें और उन्हें दोहराने से बचें। 1984 में कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में 50 प्रतिशत से अधिक मतों के साथ 400 से ज्यादा सीटें जीती थीं। उन्होंने कहा, लेकिन आज कांग्रेस 100 सीटों का आंकड़ा पार करने के लिए तरस रही है।

### नितिन नबीन से मिलकर सीएम साय ने दी बधाई



*रायपुर। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया, नई दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय में दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से आत्मीय भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। उनका सशक्त संगठनात्मक अनुभव, वैचारिक दृढ़ता और कार्यकर्ताओं से गहरा जुड़ाव भाजपा को नई ऊर्जा* ▶▶| शेष पेज 5 पर

## हरिभूमि-आईएनएच का जिला संवाद 24 को, भिलाई में




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हरिभूमि और आईएनएच न्यूज चैनल के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार 24 जनवरी को महात्मा गांधी कलामंदिर सेक्टर 6 में जिला संवाद 2026 कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। शाम 4 बजे से आयोजित इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सरकार के दो साल पूरे होने पर जिले के विकास में कारगर साबित हो रहीं योजनाओं, विकास कार्यों और समस्याओं पर विस्तार से चर्चा होगी। आयोजन में मुख्य रूप से कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, सांसद



विजय बघेल, जिले के विधायक ललित चंद्राकर, डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, रिकेश सेन, देवेंद्र यादव के अलावा पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय, पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पाण्डेय और पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू अपनी बात विशेष रूप से रखेंगे। साथ ही साथ भिलाई नगर निगम ▶▶| शेष पेज 5 पर

### ये रहेंगे मौजूद

कार्यक्रम में भारती कॉलेज के संचालक सुनील चंद्राकर, शकुंतला ग्रुप के संचालक संजय ओझा, एसआर हॉस्पिटल के संचालक संजय तिवारी, हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के संचालक बृजमोहन उपाध्याय, आरोग्यम हॉस्पिटल के संचालक डॉ. नवीन दारुका, स्पर्श हॉस्पिटल के संचालक डॉ. दीपक वर्मा और डॉ. संजय गोयल सहित सहित शहर के पार्षद, व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

## आवारा कुत्तों के मुद्दे पर सुनवाई

# कोर्ट ने कहा-कसाब ने अवमानना नहीं की थी, लेकिन मेनका ने की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी द्वारा आवारा कुत्तों के मुद्दे पर शीर्ष अदालत के आदेशों की आलोचना करने वाली टिप्पणियों के संबंध में नाराजगी व्यक्त करते हुए मंगलवार को कहा कि उन्होंने अदालत की अवमानना की। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने कहा कि पूर्व मंत्री ने बिना सोचे-समझे सभी के खिलाफ हर तरह की टिप्पणियां की हैं। गांधी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता राजू रामचंद्रन से सवाल करते हुए पीठ ने कहा, आपने कहा कि ▶▶| शेष पेज 5 पर



### मुआवजा देने की बात की थी

शीर्ष अदालत ने 13 जनवरी को कहा था कि वह राज्यों को कुत्ते के काटने की घटनाओं के लिए भारी मुआवजा देने को कहेगी। ऐसे मामलों के लिए कुत्तों को खाना देने वालों को जवाबदेह ठहराएगी। अदालत ने पिछले पांच वर्षों से आवारा पशुओं से संबंधित मानदंडों के लागू न होने पर भी चिंता जताई।

### मेनका गांधी ने क्या कहा था?

पिछले साल, सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया था कि आवारा कुत्तों को एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस, अस्पतालों और बस और रेलवे स्टेशनों के परिसर से हटाया जाए, और फैसला सुनाया था कि स्टेरिलाइजेशन के बाद उन्हें उन्हीं इलाकों में वापस नहीं भेजा जाना चाहिए। मेनका ने इस आदेश की आलोचना करते हुए कहा था कि यह जस्टिस पारदीवाला के फैसले जितना ही बुरा, या उससे भी अधिक बुरा है। इसे लागू नहीं किया जा सकता... अगर 5000 कुत्तों को हटा दिया जाए, तो आप उन्हें कहां रखेंगे? मेनका गांधी ने कहा था कि आपको 50 शेल्टर चाहिए... लेकिन आपके पास वह नहीं है।

### कुत्तों के काटने की जिम्मेदारी को लेकर सवाल

सुप्रीम कोर्ट ने इस महीने की शुरुआत में, कुत्तों के काटने के मामलों में बढ़ोतरी के बाद दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों के मुद्दे पर रिव्यू किया। जजों ने कहा कि पब्लिक सेफ्टी सबसे पहले होनी चाहिए, खासकर स्कूलों, अस्पतालों और रेलवे स्टेशनों जैसी जगहों पर। जो लोग आवारा कुत्तों को खाना खिलाते हैं, उन्हें जिम्मेदारी से काम करना चाहिए।

## सरकार के नए नियम सख्त

# टोल बकाया तो अटकेगा हर काम, फिटनेस-परमिट पर ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

गाड़ी पर टोल टैक्स बकाया है तो आने वाले दिनों में आपको कई जरूरी कामों के लिए परेशानी उठानी पड़ सकती है। केंद्र सरकार ने मोटर वाहन नियमों में अहम बदलाव करते हुए साफ कर दिया है कि बिना बकाया चुकाए वाहन से जुड़े कई सरकारी काम पूरे नहीं होंगे। यह कदम नेशनल हाईवे पर टोल वसूली को मजबूत करने और टोल चोरी पर लगाम लगाने के लिए उठाया गया है। सरकार ने केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 2026 ▶▶| शेष पेज 5 पर

### नई परिभाषा

अगर कोई वाहन टोल प्लाजा से गुजरता है और इलेक्ट्रॉनिक टोल सिस्टम में तय यूजर शुल्क जमा नहीं होता, तो उसे बकाया माना जाएगा। यानी फास्टैग या किसी अन्य डिजिटल माध्यम से भुगतान नहीं हुआ, तो वह राशि सीधे टोल बकाया की श्रेणी में आ जाएगी।

## सहारनपुर में जघन्य हत्याकांड

# मां-पत्नी और 2 बेटों की हत्या कर खुद को भी मार ली गोली

एजेंसी ▶▶| सहारनपुर

उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले से एक बेहद चौकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक राजस्व अधिकारी ने अपनी मां, पत्नी और 2 बेटों की गोली मारकर हत्या कर दी और बाद में खुद की भी जान ले ली। घटना सरसावा थाना क्षेत्र के शाश्वत बिहार कॉलोनी की है। मृतकों में राजस्व अधिकारी (अमीन) अशोक राठी (40), उनकी पत्नी अंजिता (37), मां विद्यावती (70) और दो बेटे कार्तिक



(16) और देव (13) शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अशोक ने वारदात से पहले अपनी बहन को एक संदेश और ऑडियो भेजा था, जिसमें उसने बताया कि वह पूरे परिवार की हत्या कर चुका है और अब खुद को भी मारने जा रहा है।

### पहले भी कर चुका था हत्या का प्रयास

सभी लोगों को जीरो प्वाइंट यानी नजदीक से गोली मारी गई है। अशोक अपने गांव खारिबांस में रहना चाहता था, लेकिन परिजन तैयार नहीं थे। अशोक 2 बार हत्या का प्रयास कर चुका है, लेकिन दोनों बार परिवार बच गए। एक बार कोरोना काल में और दूसरी बार 5 महीने पहले परिवार को मारने की कोशिश की थी।

## बच्चों ने ही मां और बुआ पर लगाया अस्थि चोरी करने का आरोप

# बच्चे कलश लेकर पहुंचे थाने, कहा- साहब पिता की अस्थि दिला दो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

अलग खबर

दो मासूम भाई-बहन खाली कलश लेकर सिविल लाइन थाने पहुंचकर कहा, साहब मृत पिता की अस्थियां दिला दो। उन्होंने अपनी मां पर मुक्तिधाम से पिता की अस्थि चोरी करने का आरोप लगाते हुए सीसीटीवी फुटेज पेश किया है। 20 जनवरी को भारतीय नगर निवासी 21 वर्षीय भाई, 5 वर्षीय बहन संरक्षक मयंक वर्मा के साथ सिविल लाइन थाने पहुंचे। उन्होंने पुलिस को बताया, 15 जनवरी को उनके पिता भारतीय नगर निवासी आलोक ठाकरे पिता स्व. अशोक ठाकरे की मृत्यु हो गई थी। जिसका अंतिम संस्कार भारतीयनगर मुक्तिधाम को किया गया था। हिंदू विधि अनुसार मृतक के पुत्र द्वारा ही पिता को मुखाग्नि दी जाती है और अस्थि विसर्जन पूर्ण विधि विधान के साथ गंगा नदी में किया जाता है। उनके पिता के अंतिम संस्कार में समाज के प्रतिष्ठितजन ▶▶| शेष पेज 5 पर



### पारिवारिक मामला

*नाबालिगों ने शिकायत की है कि मां व बुआ ने मुक्तिधाम से उनके मृत पिता की अस्थियां उठाकर ले गई और विसर्जन कर दिया है। चोरी का मामला नहीं बनता है। मृतका की पत्नी ने शिकायत की है। वह अपने पति की मृत्यु में घर आई तो मोहल्लेवालों ने घर में घुसने नहीं दिया है। दोनों पक्ष की शिकायत की जांच की जा रही है।*

*-एसआर साहू, सिविल लाइन टीआई*

### शिक्षिका मां पर अस्थियां चोरी करने का आरोप

*नाबालिग ने बताया कि मुक्तिधाम से पिता की अस्थियां चोरी करने वाली उनकी मां है। 2 साल पहले वह दोनों बच्चों व पिता को छोड़कर चली गई थी। पिता की मृत्यु होने पर भी उनकी मां नहीं आई थी। दूसरे दिन उनकी मां संपत्ति, पैसे के लालच में आ गई है। उनके पिता ने मां के गुमशूदगी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई थी। उच्च न्यायालय में बंदी प्रत्यक्षीकरण प्रस्तुत किया गया था। उनकी मां मस्तूरी ब्लॉक के किरारी स्कूल में हेड मास्टर है। उसने कभी भी परिवार की कोई देखरेख सहायता नहीं की है। संपति हड़पने के बहाने विवाद उत्पन्न कर रही है। उनकी मां ज्योति पाण्डेय अपने माता पिता के अंतिम संस्कार में पूरे समाज एवं मोहल्लेवालों के सामने गाली गलौज एवं विवाद उत्पन्न कर चुकी है।*

*महाराष्ट्र में जबरदस्त जीत के बाद महायुति में बाहर से सब कुछ 'ऑल इज वेल' दिख रहा है। जीत का जश्न मनाया जा रहा, लेकिन अंदरखाने गठबंधन में जबरदस्त 'गृहयुद्ध' छिड़ गया है। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना खुश होने के बजाय नाराज है। यह नाराजगी इस हद तक बढ़ गई है कि बात दिल्ली दरबार यानी बीजेपी हाईकमान तक पहुंच गई है।*

जीत के बाद महायुति में छिड़ गया है जबरदस्त 'गृहयुद्ध'

# शिंदे ने हार के लिए भाजपा को ठहराया जिम्मेदार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सूत्रों के मुताबिक, शिंदे गुट ने सीधे तौर पर आरोप लगाया है कि मुंबई में उनकी पार्टी को अगर किसी ने सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया है, तो वह कोई और नहीं बल्कि उनकी सहयोगी बीजेपी है। एक न्यूज चैनल ने सूत्रों के हवाले से बताया कि एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने दिल्ली में बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व के सामने एक विस्तृत रिपोर्ट (शिकायत) रखी है। इसमें सबसे अहम मुद्दा उन 30 मुस्लिम बहुल सीटों का है, जिसने शिंदे गुट का खेल खराब किया। शिंदे गुट का आरोप है कि मुंबई की 30 सीटें ऐसी थीं जहां मुस्लिम मतदाताओं की संख्या निर्णायक थी।

**दिल्ली में भाजपा हाई कमान से की शिकायत**

**15 सीटों पर भितरघात और 3 पर बगावत का उल्लेख**



### यह लगाए आरोप

बीजेपी को डर था कि मुस्लिम मतदाता उन्हें वोट नहीं देंगे, इसलिए बीजेपी ने रणनीतिक तौर पर ये 'हारने वाली' या 'मुश्किल' सीटें शिवसेना (शिंदे गुट) के माथे मढ़ दीं। बीजेपी ने खुद इन सीटों पर चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था, जिसका खामियाजा शिंदे गुट को अपने स्ट्राइक रेट में गिरावट के रूप में भुगतना पड़ा। दिल्ली पहुंची शिकायत में सिर्फ मुस्लिम सीटों का ही जिक्र नहीं है, बल्कि 'भितरघात' के भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। सूत्रों का कहना है कि शिंदे गुट ने अपनी शिकायत में कहा है, करीब 15 सीटें ऐसी थीं जहां बीजेपी के स्थानीय कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने गठबंधन धर्म निभाने के बजाय शिवसेना उम्मीदवारों के 'खिलाफ' काम किया। गठबंधन होने के बावजूद 3 सीटों पर बीजेपी ने शिवसेना उम्मीदवारों के खिलाफ अपने प्रत्याशी उतार दिए, जिससे मतों का बंटवारा हुआ।

### इधर, शिंदे की 'होटल पॉलिटिक्स' से बीजेपी भी नाराज

सिर्फ शिकायत शिंदे की तरफ से नहीं है, बल्कि बीजेपी भी एकनाथ शिंदे के एक कदम से बेहद खफा है। चुनाव नतीजे आते ही शिंदे ने अपने नवनिर्वाचित पार्षदों (नगरसेवकों) को एक फाइव स्टार होटल में शिफ्ट कर दिया है। शिंदे को डर है कि कहीं उनके पार्षद टूट न जाएं। इस 'होटल पॉलिटिक्स' की शिकायत बीजेपी के प्रदेश नेताओं ने दिल्ली में की है। बीजेपी नेताओं का मानना है कि एकनाथ शिंदे ने अपनी क्षमता से ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ा, जिससे महायुति का कुल स्ट्राइक रेट खराब हुआ।

### हाईकमान के पाले में गेंद

बीजेपी सूत्रों का दावा है कि अगर बीजेपी ज्यादा सीटों पर लड़ी होती, तो वह अकेले दम पर 100 का आंकड़ा पार कर जाती। अब जब नतीजे आ चुके हैं, तो पार्षदों को होटल में कैद करना गठबंधन के विश्वास पर सवाल उठाने जैसा है। यानी मुंबई फतह करने के बाद अब मेयर की कुर्सी को लेकर रस्साकशी शुरू हो गई है। बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, इसलिए उसका दावा मजबूत है। वहीं, शिंदे गुट अपनी कम सीटों के लिए बीजेपी की रणनीति को जिम्मेदार ठहरा रहा है। अब देखना होगा कि दिल्ली हाईकमान इस 'तू-तू, मैं-मैं' को कैसे शांत करता है।

माघ मेला प्रशासन ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को पदवी को लेकर दिया है नोटिस

# 'महाकुंभ स्मारिका में सरकार ने खुद मुझे शंकराचार्य लिखा और अब भेज रहे नोटिस'

*मौनी अमावस्या के दिन स्नान करने को लेकर हुआ था विवाद*

एजेंसी ▶▶| आगरा

प्रयागराज माघ मेला प्राधिकरण ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को एक औपचारिक नोटिस जारी कर उनके शंकराचार्य पद के दावे पर स्पष्टीकरण मांगा है। प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट में लंबित सिविल अपील संख्या 3010/2020 और 3011/2020 का रेफरेंस देते हुए कहा कि अदालत ने अक्टूबर 2022 में ज्योतिष्पीठ के किसी भी नए पट्टाभिषेक पर रोक लगा दी थी। इसी मामले को लेकर स्वामी अवमुक्तेश्वरानंद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपनी बात रखी है। उन्होंने मेला प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता पीएन मिश्रा ने कानूनी पक्ष रखते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा भेजा गया नोटिस सर्वोच्च न्यायालय की अवमानना की श्रेणी में आता है।



### सुप्रीम कोर्ट का गलत हवाला देकर ये लोग कब तक बच पाएंगे?

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने बताया कि जिस घटना के संदर्भ में उन्होंने अपनी बात रखी थी, उसके बाद बीती रात 12 बजे के बाद एक अधिकारी उनके पास आए और रात में ही नोटिस स्वीकार करने का दबाव बनाने लगे। नोटिस देने वाला व्यक्ति कानूनगो था और नोटिस चस्पा कर प्रशासन के अधिकारी चले गए। उन्होंने सवाल उठाया कि मेला प्राधिकरण के सामने ऐसी कौन-सी आपात स्थिति आ गई, जिसके चलते आधी रात में नोटिस चस्पा किया गया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का गलत हवाला देकर ये लोग कब तक बच पाएंगे? खुद सरकार ने महाकुंभ में सरकार ने एक स्मारिका (पत्रिका) छापी थी, उसमें मुझे शंकराचार्य के रूप में छापा गया था।

### 'नाम से पहले शंकराचार्य शब्द का इस्तेमाल कैसे?

दरअसल, प्रयागराज मेला अथॉरिटी नोटिस जारी कर यह स्पष्टीकरण मांगा है कि स्वामी विमुक्तेश्वरानंद ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य की उपाधि का दुरुपयोग कैसे कर रहे हैं। वाइस चेयरमैन दयानंद प्रसाद द्वारा जारी नोटिस में कहा गया, कोर्ट ने आदेश दिया था कि अपील के निपटारे तक किसी भी धार्मिक नेता को ज्योतिष पीठ का शंकराचार्य नियुक्त नहीं किया जा सकता। तो वर्तमान स्थिति से यह साफ है कि किसी भी धार्मिक नेता को ज्योतिष पीठ का शंकराचार्य नियुक्त नहीं किया गया है, फिर भी सरस्वती ने प्रयागराज माघ मेले 2025-26 में अपने शिविर में एक बोर्ड लगाकर खुद को ज्योतिष पीठ का शंकराचार्य घोषित कर दिया है। 'आपका यह कृत्य या प्रदर्शन माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना दिखाता है।

### ये है मामला

रविवार को मौनी अमावस्या के अवसर पर सरस्वती अपने समर्थकों के साथ संगम में स्नान करने जा रहे थे, तभी पुलिस ने कथित तौर पर उन्हें रोककर मारपीट की। इसके बाद विवाद खड़ा हो गया। इस घटना के बाद सरस्वती अपने शिविर के बाहर धरना देने बैठ गए, उन्होंने खाने और पानी का त्याग कर दिया और मेला प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से माफी की मांग की। विरोध प्रदर्शन अभी भी जारी है।

संयुक्त राष्ट्र ने बताया इसे अभूतपूर्व हमला

# इजराइल ने यूएन के ऑफिस पर चलवाया बुलडोजर, बढ़ा विवाद

एजेंसी ▶▶| यरूशलम



यरूशलम में स्थित संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूएनआरडब्लूए के मुख्यालय पर इजरायल ने बुलडोजर चलवा दिया है। इजरायली सेना पूर्वी यरूशलम में स्थित इस इमारत की कैंपस में बुलडोजर और दूसरे औजारों के साथ घुस गए और संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की इस इमारत को जमींदोज करना शुरू कर दिया। संयुक्त राष्ट्र ने इसे अभूतपूर्व हमला कहा है। पूर्वी यरूशलम में यूनाइटेड नेशंस रिलीफ एंड वर्क्स एजेंसी फॉर फिलीस्तीन रिफ्यूजी (यूएनआरडब्लूए) का मुख्यालय है। यूएनआरडब्लूए युद्धग्रस्त गाजा में फिलिस्तीनी शरणार्थियों को मानवीय सहायता और सुरक्षा प्रदान करती है। यूएन के अनुसार जबतक फिलीस्तीन समस्या का न्यायपूर्ण और स्थायी समाधान नहीं हो जाता तब यूएनआरडब्लूए उन्हें मदद देता रहेगा। यूएनआरडब्लूए फिलिस्तीनी शरणार्थियों को पांच क्षेत्रों- गाजा पट्टी, वेस्ट बैंक, जॉर्डन, लेबनान और सीरिया में सेवाएं देती हैं। यह लगभग 59 लाख पंजीकृत शरणार्थियों की मदद करती है। इजरायल इसी इमारत को गिरा दिया।

### इजराइल का आरोप

यूएनआरडब्लूए के हेडक्वार्टर को गिराने का कदम इस एजेंसी के खिलाफ वर्षों से चल रहे कानूनी लड़ाई के बाद आया है। इजरायल यूएनआरडब्लूए पर हमास के साथ मिलीभगत और आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाता है। इजरायल के विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह तोड़फोड़ एक नए कानून के तहत की गई है, जिसने संगठन पर बैन लगा दिया था और उस पर आतंकवादी समूहों और हमास से संबंध होने का आरोप लगाया था। राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-गविर ने एक बयान में कहा कि वह टीमों के साथ हेडक्वार्टर गए थे और इसे 'ऐतिहासिक दिन' बताया।

HMS शिव साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है 94060-21769
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
HMS देखकर खरीदें
नकली माल से सावधान

मनरेगा चौपाल में बोले राहुल गांधी

# 'गरीबों को भूखे मरता देखना चाहती है मोदी सरकार'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रायबरेली के मनरेगा चौपाल में मंगलवार को केंद्र की बीजेपी सरकार पर जमकर निशाना साधा। साथ ही उन्होंने सरकार पर मनरेगा की मूल भावना को कमजोर करने का आरोप लगाया। राहुल गांधी ने रोहनिया ब्लॉक के ऊंचाहार क्षेत्र में 'मनरेगा बचाओ चौपाल' की अध्यक्षता करते कहा कि मनरेगा का जो कॉन्सेप्ट बना, उसके पीछे दो मुख्य लक्ष्य थे। पहला, सरकार की नीति के तहत ग्राम पंचायतों जैसी लोकल गवर्नमेंट को थोड़ी जिम्मेदारी देनी चाहिए और उन्हें फाइनेंशियल रिस्पांसिबिलिटी दी जाए। दूसरा लक्ष्य था कि हिंदुस्तान के गरीब लोग, खासकर कम उम्र के लोग, उनके लिए एक न्यूनतम वेतन (मिनिमम वेज) बने जिससे उनका लाभ हो। लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी ये नहीं चाहते, वह पावर को केंद्रित रखना चाहते हैं और गरीबों को भूखे मरते देखना चाहते हैं। राहुल ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी जानबूझकर जनता की रक्षा नहीं कर रहे हैं और मनरेगा जैसी योजनाओं को कमजोर करके ग्रामीण भारत को प्रभावित कर रहे हैं।

### 'गांधीजी का किया अपमान'

राहुल ने आगे कहा, 'मामला सिर्फ मनरेगा का नाम बदलने का नहीं है। गांधीजी का अपमान किया गया है, लेकिन उससे भी बड़ी बात है कि हमारे गरीब जनता का जो प्रोटेक्शन था, वह हटा दिया गया है। जो डेमोक्रेटिक जड़ है, एक प्रकार से उसको काटा गया है। कांग्रेस पार्टी पूरे देश में मनरेगा को बचाने का आंदोलन चला रही है जो मजदूरों की मजदूरी और उनके प्रोटेक्शन के लिए है।'

ब्रिटिश सांसद ने अमेरिकी राष्ट्रपति को बताया अब तक सबसे भ्रष्ट नेता

# 'ट्रंप एक इंटरनेशनल गैंगस्टर की तरह काम कर रहे'



एजेंसी ▶▶| लंदन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ धमकियों से अब उनके सहयोगी भी परेशान होने लगे हैं। अमेरिकी विदेश नीति की कड़ी आलोचना करते हुए ब्रिटेन के एक सांसद ने ट्रंप को इंटरनेशनल गैंगस्टर और अमेरिका का अब तक का सबसे भ्रष्ट राष्ट्रपति तक कह दिया। ब्रिटेन की संसद में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी लिबरल डेमोक्रेट के नेता एड डेवी ने ट्रंप द्वारा यूनाइटेड किंगडम और उसके यूरोपीय सहयोगियों को निशाना बनाए जाने पर उनकी आलोचना की। संसद में ब्रिटिश सरकार को संबोधित करते हुए एड डेवी ने मौजूदा वैश्विक कूटनीतिक माहौल को अविश्वसनीय रूप से गंभीर समय बताया। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति पर बिना किसी उकसावे के आक्रामकता का आरोप लगाया और चेतावनी दी कि दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक संबंध लगभग खत्म होने की कगार पर है।

### सहयोग के बजाय जबरदस्ती

*डेवी ने बिना किसी लाग-लपेट के ट्रंप के राष्ट्रपति पद की एक ऐसी तस्वीर पेश की जो सहयोग के बजाय जबरदस्ती पर आधारित थी। डेवी ने कहा, 'राष्ट्रपति ट्रंप एक इंटरनेशनल गैंगस्टर की तरह काम कर रहे हैं। ब्रिटिश सांसद ने ट्रंप पर एक सहयोगी की संप्रभुता को रौंदने की धमकी देने और नाटो को पूरी तरह से खत्म करने की धमकी देने का आरोप लगाया। सांसद डेवी ने ट्रंप को एक ऐसे धमकाने वाले व्यक्ति के रूप में कहा जो सोचता है कि वह जरूरत पड़ने पर बल का प्रयोग करके जो चाहे वह हासिल कर सकता है।*

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

OSTWAL HEART CARE
Dr. Kunal Ostwal MD, DM (Cardiology) Consultant and Interventional Cardiologist
Facilities : ECG ,2D-Echo,TMT
समस्त हृदय रोग, मधुमेह, कोलेस्ट्रोल एवं ब्लड प्रेशर के लिए परामर्श
डी.एम. प्लाजा, बैजनाथपारा, छोटापारा, रायपुर अपॉइंटमेंट के लिये संपर्क करें : 6264289296

अहलूवालिया हॉस्पिटल
81031 28515, 0771-4050006
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
सभी प्रकार की एलर्जी • जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
डेंटल सुविधा भी उपलब्ध
छाती रोग • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्ट्डी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपेथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
• पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सोनोग्राफी, • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बडों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
ओपीडी 50% छूट
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

पाइल्स क्षारसूत्र विशेषज्ञ
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव
11000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130




# गणतंत्र दिवस परेड अभ्यास में कई जवान ट्रिगर खींच नहीं पाए, हर्ष फायरिंग फेल, एडीजी बोले- यह शर्मनाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुलिस परेड ग्राउंड पर गणतंत्र दिवस परेड के अभ्यास के दौरान मंगलवार को अजीब हालात बन गए। हर्ष फायरिंग के अभ्यास के दौरान कई जवान रायफल का ट्रिगर ही नहीं खींच पाए। लोड करने से लेकर एक लय में फायर करने की प्रक्रिया तक, सब कुछ गड़बड़ था। इसे देखकर अभ्यास परेड की सलामी ले रहे विवेकानंद सिन्हा एडीजी नक्सल ऑपरेशन सशस्त्र बल बेहद नाराज हो गए। उन्होंने प्लाटून्स को फटकार लगाते हुए कहा कि वह 2021 से लगातार गणतंत्र दिवस परेड अभ्यास में शामिल हो रहे हैं, लेकिन ▶▶|शेष पेज 5 पर

खास खबर

### अभ्यास में सेना के यह प्रमुख बल

गणतंत्र दिवस परेड प्लाटून में सेना के प्रमुख बलों में सीमा सुरक्षा बल, सशस्त्र सीमा बल, भारत-तिब्बत केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, केंद्रीय औद्योगिक बल के जवान शामिल हैं। इस अभ्यास सत्र के दौरान सेना के जवान खुद को गणतंत्र दिवस परेड पर सेना के शौर्य और साहस का उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तैयार कर रहे हैं।




### जवान रायफल की खामियां बताते रहे

हर्ष फायर फेल होने के बाद एडीजी की फटकार के साथ जवान सफाई देते नजर आए। कई ने रायफल के तकनीकी पहलुओं का जिक्र करते हुए फायरिंग फेल होने का दोष उस पर ही मढ़ दिया। सभी को समझाइश दी गई है। उनको 15 अगस्त से पहले फायर के लिए ट्रेंड होना है।

### अभ्यास से दूर करेंगे

गणतंत्र दिवस परेड अभ्यास में सशस्त्र बल के अलग-अलग प्लाटून भाग ले रहे हैं । ऐसे में बल के नए जवानों को हर्ष फायर परेड सिक्वेंस समझने में समय लग रहा है, जल्द अभ्यास से दूर करेंगे।

- विवेकानंद सिन्हा, एडीजी नक्सल ऑपरेशन



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में तीन की मौत

**जयपुर।** जयपुर के पास मंगलवार सुबह सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई और कम से कम पांच अन्य घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ, जब एक कार अनियंत्रित होकर, सड़क के किनारे खड़े कंटेनर में जा घुसी। हादसा चंदवाजी थाना क्षेत्र में हुआ। एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर कंटेनर से जा टकराई।

### मालवाहक नौका से तस्करी का 180 टन डीजल जब्त

**मुंबई।** मुंबई सीमा शुल्क विभाग ने समुद्र के बीच में एक मालवाहक नौका को रोका और तस्करी किए गए 180 टन से अधिक डीजल जब्त किया। डीजल पानी की टंकियों में छिपाकर रखा गया था। जहाज के कप्तान और उसके मालिक के बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया है। विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने रविवार को समुद्र के बीच में मालवाहक पोत एमवी टीना 4 पर छापा मारा।

*वैश्विक स्तर पर तनाव से बाजार में आया भूचाल*

# फ्रांस की जिद, ट्रंप की धमकी निवेशकों के डूबे नौ लाख करोड़

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ धमकी और फ्रांस की पीस बोर्ड में ना शामिल होने की जिद की वजह से एक बार फिर से ग्लोबली शेयर बाजार में भूचाल आ गया। वैश्विक स्तर पर बढ़ते तनाव के बीच घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को भारी गिरावट आने से निवेशकों के 9.86 लाख करोड़ रुपए डूब गए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,065.71 अंक यानी 1.28 प्रतिशत फिसलकर 82,180.47 अंक पर बंद हुआ।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

वैश्विक स्तर पर तनाव बढ़ने और वैश्विक बाजारों के कमजोर संकेतों के बीच मंगलवार को चौतरफा बिकवाली होने से घरेलू शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 1,066 अंक लुढ़कते हुए 83,000 के नीचे फिसल गया जबकि निफ्टी 353 अंक टूट गया। कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए में गिरावट जारी रहने और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली से निवेशकों की धारणा पर प्रतिकूल असर पड़ा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,065.71 अंक यानी 1.28 प्रतिशत लुढ़ककर 82,180.47 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,235.6 अंक फिसलकर 82,010.58 अंक तक आ गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 353 अंक यानी 1.38 प्रतिशत गिरकर 25,232.50 अंक पर बंद हुआ। यह घरेलू बाजारों में गिरावट का लगातार दूसरा दिन रहा। ▶▶|शेष पेज 5 पर




### एशिया के अन्य बाजारों का ऐसा हाल

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के बाजारों में कारोबार के दौरान एक प्रतिशत से अधिक की कमजोरी देखी गई। अमेरिकी बाजार सोमवार को अवकाश के कारण बंद रहे। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 63.91 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर रहा। सोमवार को सेंसेक्स 324.17 अंक गिरकर 83,246.18 अंक और निफ्टी 108.85 अंक फिसलकर 25,585.50 अंक पर बंद हुआ था।

### मार्केट में गिरावट के 5 कारण

**1. आईटी शेयर लुढ़के**

सूचना प्रौद्योगिकी शेयरों पर बिकवाली का सबसे ज्यादा असर हुआ, जिससे प्रमुख सूचकांक दो महीने के सबसे निचले स्तर पर आ गए। निफ्टी आईटी इंडेक्स 2% गिर गया और दिन का सबसे खराब प्रदर्शन करने वाला सेक्टर रहा।

**2. वैश्विक अनिश्चितता**

वैश्विक अनिश्चितता और टैरिफ के कारण भी दुनियाभर के बाजार में गिरावट आई। इससे भारतीय मार्केट पर भी दबाव बढ़ा। जापान को छोड़कर एशिया-प्रशांत शेयरों का एमएससीआई का सबसे व्यापक सूचकांक 0.3% गिर गया।

**3. विदेशी निवेशकों की बिकवाली**

विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली के चलते भी बाजार में गिरावट आई। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने लगातार दसवें सत्र में इक्विटी की शुद्ध बिकवाली की। सोमवार 19 जनवरी को एफआईआईएस ने लगभग 3,263 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

**4. सुरक्षित संपत्तियों की ओर झुकाव**

कीमती धातुओं में तेज उछाल ने वैश्विक बाजारों में बढ़ती जोखिम से बचने की प्रवृत्ति का संकेत दिया। जैसे-जैसे व्यापार तनाव बढ़ा, निवेशक सुरक्षित संपत्तियों की ओर भागे। मंगलवार को सोना पहली बार 4,700 डॉलर प्रति औंस के पार चला गया, जबकि चांदी रिकॉर्ड ऊंचाई के करीब बनी रही।

**5. तकनीकी संकेतक बाजार**

तकनीकी संकेत बताते हैं कि भले ही प्रमुख सूचकांकों को निकट अवधि में कुछ सहारा मिला हो, लेकिन बाजार की समग्र संरचना कमजोर बनी हुई है।

# चौंका रही चाल, सोना 1.5 लाख के पार, चांदी 20400 रुपए उछली



सोना-1,53,200 रुपए प्रति 10 ग्राम, चांदी-2,23000 रुपए पहुंची

**नई दिल्ली।** वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव और सुरक्षित निवेश की मांग के बीच भारतीय सर्राफा बाजार में ऐतिहासिक तेजी का दौर जारी है। मंगलवार को एमसीएक्स पर सोने और चांदी ने नए रिकॉर्ड स्तरों को छू लिया। राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को सोना मजबूत मांग आने से 5,100 रुपए की छलांग लगाते हुए पहली बार 1.5 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गया जबकि ▶▶|शेष पेज 5 पर

### सोना ने बनाया रिकॉर्ड


फॉरेक्स डॉटकॉम के आंकड़ों के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोना पहली बार 4,700 डॉलर प्रति औंस का स्तर के पार पहुंचा। सोने में 66.38 डॉलर यानी 1.42 प्रतिशत की बढ़त के साथ कीमत 4,737.40 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी हाजिर चांदी ने नया रिकॉर्ड बनाया और 95.88 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।

### युद्ध की आशंकाओं ने बढ़ाई कीमत

लेमन मार्केट्स डेस्क के शोध विश्लेषक गौरव गर्ग ने कहा, मंगलवार को वैश्विक और भारतीय बाजारों में सोने तथा चांदी की कीमतें नए रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गईं। इसका कारण बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव एवं अमेरिका-यूरोपीय संघ के संभावित व्यापार युद्ध की आशंकाओं के बीच सुरक्षित निवेश की मजबूत मांग रही।

ईडी की बड़ी कार्रवाई

# सबरीमाला सोना चोरी में तीन राज्यों में छापा, 11 गिरफ्तार



**पतनमतिट्टा।** केरल में सबरीमाला मंदिर से जुड़े बहुचर्चित सोना चोरी मामले में ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े फंड ट्रांजैक्शन की जांच के तहत 21 जगहों पर छापेमारी की जा रही है। ये छापे केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु के अलगअलग ठिकानों पर चल रहे हैं। ज्ञात हो कि केरल के विश्व-प्रसिद्ध सबरीमाला मंदिर से जुड़ा सोना चोरी विवाद पहली बार 2019 में सामने आया। जांच में यह भी सामने आया ▶▶|शेष पेज 5 पर

### निकाला गया सोना कर्नाटक तक पहुंचा

एसआईटी जांच में पता चला कि चेन्नई की फर्म में केमिकल प्रोसेस के जरिए सोना निकाला गया और कम मात्रा में फिर से प्लेटिंग की गई। निकाला गया सोना बाद में कर्नाटक के बेल्लारी के एक ज्वेलर तक पहुंचा। जब वजन कम निकलने पर सवाल उठे तो मंदिर प्रबंधन संस्था ने कागजों में सोने की प्लेटों को तांबे की प्लेट के रूप में दर्ज कर दिया। कोर्ट ने इसे गंभीर लापरवाही और संदिग्ध कार्रवाई माना।

*असम में तनाव जनजीवन पूरी ठप*

# युवक की हत्या के बाद भड़की हिंसा, दो की मौत


एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

असम के कोकराझार जिले में एक युवक की हत्या के बाद भड़की हिंसा में अब तक 2 लोगों की मौत हो चुकी है। जिले के कई हिस्सों में जनजीवन पूरी तरह ठप हो गया है। मृतकों की पहचान सुनील मुर्मू और सिखना बिस्मित के रूप में हुई है। पुलिस ने अब तक 29 लोगों को हिरासत में लिया है। पूरे इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। इधर, हिंसा के विरोध में ऑल बोड़ो स्टूडेंट्स यूनियन ने चेतावनी दी है कि अगर पीड़ित परिवार को जल्द न्याय नहीं मिला तो कल बोडोलैंड प्रादेशिक परिषद बंद लागू किया जाएगा।

# 10 राज्यों के सीएम के एक सुर, भारत में निवेश संभावनाओं को सराहा

एजेंसी ▶▶| दावोस

वरिष्ठ केंद्रीय मंत्रियों के साथ 10 राज्यों के मुख्यमंत्रियों एवं वरिष्ठ नेताओं ने सोमवार को स्विट्जरलैंड के दावोस में एक सुर से भारत की आर्थिक वृद्धि और निवेश संभावनाओं की सराहना की। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की सालाना बैठक में हिस्सा लेने के लिए दावोस पहुंचे आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू ▶▶|शेष पेज 5 पर




### सबसे बड़ा राजनीतिक प्रतिनिधित्व

इंडिया पैवेलियन के उद्घाटन कार्यक्रम में केंद्र सरकार के कई मंत्रियों के अलावा, 10 राज्यों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। दावोस में भारत का यह सबसे बड़ा और सबसे विविध राजनीतिक प्रतिनिधित्व है। इसमें शामिल नेता विभिन्न दलों से ताल्लुक रखने के बावजूद वैश्विक मंच पर भारत की एकजुट तस्वीर पेश कर रहे हैं।

### भारत ने पकड़ी रफ्तार

इस मौके पर केंद्रीय नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि जब दुनिया की अर्थव्यवस्था धीमी हुई, तब भारत ने रफ्तार पकड़ी और यह वृद्धि पथ अब भी निरंतर जारी है। नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा कि सरकार द्वारा इस बाजार के लोकतांत्रीकरण के लिए किए गए ठोस प्रयासों से भारत तीसरा सबसे बड़ा घरेलू नागर विमानन बाजार बन गया है।

भ्रष्टाचार मामले में कोर्ट का आदेश

# केंद्रीय अफसरों की जांच कर सकती है राज्य पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा कि रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के अपराधों के मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत राज्य पुलिस के अधिकारी केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ जांच कर सकते हैं और आरोप पत्र दाखिल कर सकते हैं। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि राज्य पुलिस द्वारा केंद्र सरकार के किसी कर्मचारी के खिलाफ मामला दर्ज करने से पहले केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ▶▶|शेष पेज 5 पर



### इसलिए सौंपा जिम्मा

पीठ ने कहा, सुविधा और काम के दोहराव से बचने के लिए, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो को केंद्र सरकार और उसके उपक्रमों के कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के मामलों की जांच का जिम्मा सौंपा गया है। भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो-राज्य की एक विशेष जांच एजेंसी को राज्य सरकार और उसके उपक्रमों के कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के मामलों की जांच का जिम्मा सौंपा गया है।




## चिंतन

# भाजपा में अब 'युवा युग' की शुरुआत

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में नेतृत्व परिवर्तन केवल एक संगठनात्मक बदलाव नहीं है, बल्कि यह उस राजनीतिक सोच का संकेत है, जिसमें भविष्य की राजनीति को ध्यान में रखते हुए युवाओं को निर्णायक भूमिका सौंपी जा रही है। 45 वर्षीय नितिन नबीन का भाजपा अध्यक्ष बनना इसी रणनीतिक दिशा की पुष्टि करता है। यह कदम न केवल पार्टी के भीतर पीढ़ीगत संतुलन को दर्शाता है, बल्कि यह भी बताता है कि भाजपा अब स्वयं को "नए भारत" की आकांक्षाओं के अनुरूप ढाल रही है और भविष्य की राजनीति को वर्तमान में आकार देना चाहती है। यह फैसला भाजपा की उस दीर्घकालिक रणनीति को दर्शाता है, जिसमें संगठन को उम्र, ऊर्जा और विचार तीनों स्तरों पर नई धार देने का प्रयास किया जा रहा है। जनसंघ काल से ही भाजपा ने कार्यकर्ता आधारित संगठन का दावा किया है और यह नियुक्ति उसी परंपरा का विस्तार है। 46 वर्ष पुरानी पार्टी का अध्यक्ष यदि 45 वर्ष का हो, तो यह केवल संयोग नहीं, बल्कि सोची-समझी रणनीति का परिणाम है। इसे भाजपा में नए युग, या कहें 'युवा युग' यानी जेन जेड की औपचारिक शुरुआत माना जा सकता है। भाजपा का यह निर्णय कि संगठन में 70 फीसदी पद 60 वर्ष से कम उम्र के नेताओं को और 30 फीसदी पद 60 वर्ष से अधिक आयु के अनुभवी कार्यकर्ताओं को दिए जाएंगे, एक संतुलित और व्यावहारिक मॉडल प्रस्तुत करता है। यह मॉडल भारतीय राजनीति में एक नई कार्य संस्कृति को जन्म दे सकता है। आंकड़े इस बदलाव की पुष्टि करते हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल में 55 वर्ष से कम आयु के 20 मंत्री यानी 33 फीसदी संख्या होना, भाजपा शासित राज्यों में 9 मुख्यमंत्री 55 साल की उम्र से कम होना यानी 64 फीसदी मुख्यमंत्रियों का युवा होना और प्रदेश अध्यक्षों में लगभग 14 का 55 साल की उम्र से कम होना यानी 38 फीसदी युवा नेतृत्व यह दर्शाता है कि यह बदलाव केवल शीर्ष स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि संगठन की जड़ों तक पहुंच चुका है। यह भाजपा को अन्य राजनीतिक दलों से अलग पहचान देता है, जहां नेतृत्व परिवर्तन अक्सर मजबूरी में होता है, न कि रणनीति के तहत। पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु जैसे राज्यों पर फोकस भी इसी युवा रणनीति का हिस्सा है। ये दोनों राज्य राजनीतिक, सांस्कृतिक और वैचारिक रूप से चुनौतीपूर्ण रहे हैं। यहां युवा नेतृत्व न केवल संगठन को मजबूती दे सकता है, बल्कि स्थानीय मुद्दों, युवाओं की आकांक्षाओं और क्षेत्रीय अस्मिता को राष्ट्रीय विमर्श से जोड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कथन कि "अब 45 साल के नबीन मेरे बॉस होंगे" केवल औपचारिक बधाई नहीं, बल्कि पार्टी कैडर के लिए एक स्पष्ट संदेश है कि नेतृत्व की कसौटी उम्र नहीं, बल्कि क्षमता, प्रतिबद्धता और प्रदर्शन है। मंगलवार को नितिन नबीन का कार्यभार संभालना इसी विश्वास को संस्थागत रूप देता है। 1951 में जनसंघ की स्थापना, 1980 में भाजपा का गठन और अब 46 वर्षों की यात्रा में पार्टी ने कई राजनीतिक दौर देखे हैं। आज का यह बदलाव उसी यात्रा का अगला पड़ाव है, जहां भाजपा खुद को आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रासंगिक बनाए रखने की कोशिश कर रही है। अंततः, भाजपा में यह 'युवा युग' केवल चेहरों का बदलाव नहीं है, बल्कि सोच, कार्यशैली और राजनीतिक संवाद में परिवर्तन का संकेत है। यदि युवा ऊर्जा को वैचारिक स्पष्टता और संगठनात्मक अनुशासन के साथ जोड़ा गया, तो यह बदलाव न केवल भाजपा, बल्कि भारतीय राजनीति के लिए भी एक नया मानक स्थापित कर सकता है।



**मिशन**
गीता शुक्ला

# क्या बंगाल में भी परचम लहराएगी बीजेपी

> बीजेपी ने गृह मंत्री अमित शाह के हाथों में बंगाल और तमिलनाडु का चुनाव प्रभार सौंप दिया है। अब लोगों में यह उम्मीद बंध गई है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में भी इस बार बीजेपी दो-तिहाई बहुमत लेकर आएगी। पश्चिम बंगाल की सत्ता से यदि टीएमसी बाहर होती है, तो इसके पीछे बीजेपी के उत्थान के साथ ममता बनर्जी के ध्रुवीकरण वाली राजनीति का पतन भी एक बड़ा कारण होगा। बीजेपी अमित शाह के नेतृत्व में बिहार की ही तरह बूथ-केंद्रित रणनीति अपनाने जा रहा है। पश्चिम बंगाल के कुल 81,000 मतदान बूथों में से बीजेपी ने 65,000 के लिए बूथ समितियां बना ली हैं और सभी 294 विधानसभा क्षेत्रों में विस्तारक तैनात कर दिए हैं।

बिहार के बाद महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय के चुनाव परिणाम ने लोगों को फिर चौकाया है। बीजेपी के प्रति इतना जबर्दस्त समर्थन अब विरोधियों को भी यह कहने पर मजबूर कर रहा है कि भगवा पार्टी कमाल कर रही है। उसका संगठन अब इतना मजबूत हो चुका है कि कोई अन्य पार्टी उसके आसपास भी खड़ी नहीं हो पा रही है। जाहिर है कि बीजेपी में जिस प्रोफेशनल एक्सेलेन्स की बात अखिलेश यादव ने की है, उसे पार्टी में लाने का श्रेय किसी को जाता है तो वह गृह मंत्री अमित शाह हैं, और अब उन्हीं गृह मंत्री के हाथों में बीजेपी ने बंगाल और तमिलनाडु का चुनाव प्रभार सौंप दिया है। अब लोगों में यह उम्मीद बंध गई है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में भी इस बार बीजेपी दो-तिहाई बहुमत लेकर आएगी।

बंगाल से जुड़े कई स्वतंत्र टिप्पणीकार यह कहने लगे हैं कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की टीएमसी 50 सीटों से भी नीचे चली जाएगी और आशंका यह भी व्यक्त की जा रही है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को अपनी सीट भवानीपुर को भी बचाने में बड़े पापड़ बेलने पड़ सकते हैं। पश्चिम बंगाल की सत्ता से यदि टीएमसी बाहर होती है, तो इसके पीछे बीजेपी के उत्थान के साथ ममता बनर्जी के ध्रुवीकरण वाली राजनीति का पतन भी एक बड़ा कारण होगा। दरअसल, अल्पसंख्यक तुष्टीकरण की राजनीति से प्रदेश की 70 फीसदी जनता ऊब चुकी है और इस बार बदलाव की आवाज साफ सुनाई दे रही है। जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले महीने 29 से 31 दिसंबर तक की कोलकाता की यात्रा की, स्थानीय लोगों और बीजेपी कार्यकर्त्ताओं में इसी तरह का जज्बात साफ दिखाई दिया था। यह पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव अभियान की एक तरह से शुरुआत थी। अमित शाह ने अपने चीरपरिचित अंदाज में मैराथन संगठनात्मक बैठकें कीं। पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ साथ आरएसएस के पदाधिकारियों को भी जाग्रत कर दिया और लगे हाथ उन्होंने पश्चिम बंगाल में बीजेपी के लिए दो-तिहाई बहुमत की भविष्यवाणी भी कर दी।

अमित शाह जिस भी विधान सभा चुनाव की जिम्मेदारी लेते हैं, वहां सबसे पहले संगठन को कसने से ही शुरुआत करते हैं। विधायकों, सांसदों के साथ साथ नगर निगम पार्षदों तक के साथ लगातार बंद कमरे में बात करते हैं और कहीं भी किसी गफलत की गुंजाइश नहीं छोड़ते हैं। अपने वैचारिक मूल संगठन के बीच का उनका समन्वय जबर्दस्त होता है। फिर अपने प्रतिस्पर्धियों की कमजोरियों और मुद्दों को चिन्हित कर उनके काउन्टर नैरेटिव तैयार करवाते हैं और उस पर कार्पेट बॉम्बिंग शुरू कर देते हैं। पश्चिम बंगाल में भी अमित शाह ने ममता सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार, चिट फंड घोटाला, नौकरी घोटाला, कोयला घोटाला और पशु तस्करी के मुद्दे चिन्हित कर लिए हैं और उसमें संलिप्त तृणमूल कांग्रेस के नेताओं और मंत्रियों के नाम भी उजागर कर दिए हैं। राज्य के कई मंत्रियों के भ्रष्टाचार में शामिल होने के कारण जेल जाने की घटनाएं लोगों के दिमाग में पहले से ही अंकित हैं। सबसे ऊपर बीजेपी जिस मुद्दे को लेकर चुनाव जीतने के प्रति आश्वस्त है, वह



है बांग्लादेश से घुसपैठ का मुद्दा। ममता बनर्जी इस मुद्दे पर घिर चुकी हैं। अमित शाह के इस आरोप का उनके पास जवाब नहीं है कि आखिर सीमा पर बाड़ लगाने के लिए उन्होंने बीएसएफ़ को ज़मीन देने से क्यों इनकार किया। बीजेपी ने यह रिकार्ड पेश किया है कि असम और त्रिपुरा से घुसपैठ की घटनाएं लगभग बंद हो गई हैं, जबकि पश्चिम बंगाल में अब भी जारी हैं। इस कारण बंगाल की डेमोग्राफी तेजी से बदल रही है। खड़गपुर से कोलकाता और बर्धमान से सिलीगुड़ी तक का पूरा इलाका डेमोग्राफिक रूप से बदल गया है। स्थानीय लोग ही बताते हैं कि ये सारे इलाके अब बांग्लादेशी निवासियों से भर गए हैं।

ये पश्चिम बंगाल के मूल निवासी नहीं हैं, लेकिन संसाधनों पर इनका कब्जा हो चुका है। वे बेहतर पैसे और अच्छी ज़िंदगी के लालच में आए थे, लेकिन बंगाल के राजनीतिज्ञों ने उनका यहीं बसेरा बना दिया। बंगाल की संस्कृति, जीवन शैली, परंपरा, आदि. सब कुछ बदल गया है। बीजेपी के इस वादे में बंगाली समुदाय को एक विश्वास दिखता है कि घुसपैठ पर लगाम के लिए एक नेशनल ग्रिड बनना चाहिए और गृह मंत्री इसको चुनावी अभियान का हिस्सा बनाना चाहते हैं। देखा जाए तो बीजेपी की चुनावी राजनीति की कमान जब से अमित शाह संभाल रहे हैं, तब से लगातार पश्चिम बंगाल में भी पार्टी की स्थिति सुधर रही है। 2016 के विधान सभा चुनाव में बीजेपी को केवल 3 विधानसभा सीटों में ही जीत हासिल हुईं थी, लेकिन 2021 में 77 सीटों को जीतने में बीजेपी सफल रही। उसी तरह से 2014 के लोकसभा चुनाव में बंगाल में बीजेपी को 17 प्रतिशत वोट मिले थे, लेकिन 2024 के लोकसभा चुनावों में पार्टी को 39 प्रतिशत वोटों का सहारा मिला। पिछली हार से सबक लेते हुए भाजपा इस बार जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने में जुट गयी है। पश्चिम बंगाल में संगठन को मजबूत करने के लिए नेताओं को तैनात किया गया है। गौरतलब है कि पिछली बार बंगाली अस्मिता का मुद्दा उठाकर तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा को बाहरी पार्टी के तौर पर प्रचारित किया और चुनाव में इसका लाभ तृणमूल कांग्रेस को मिला। इस बार भाजपा बंगाली अस्मिता के मुद्दे पर सतर्क है। बिहार जीत से उत्साहित भाजपा इस बार पश्चिम बंगाल को लेकर सटीक और सधी रणनीति अपना रही है। आने वाले समय में पश्चिम बंगाल में केंद्रीय मंत्रियों का दौरा तेज होने की संभावना है। बताया जा रहा है कि बीजेपी अमित शाह के नेतृत्व में बिहार की ही तरह बूथ-केंद्रित रणनीति अपनाने जा रही है। पश्चिम बंगाल के कुल 81,000 मतदान बूथों में से बीजेपी ने 65,000 के लिए बूथ समितियां बना ली हैं और सभी 294 विधानसभा क्षेत्रों में विस्तारक तैनात कर दिए हैं। दूसरी तरफ, ममता बनर्जी के शासन काल में अपराध और अपराधियों की मौजूदगी बढ़ती जा रही है। खुद मुख्यमंत्री अराजकता की लाइन पार करती दिखाई देती हैं। वह प्रधानमंत्री पद की गरिमा का भी अक्सर उल्लंघन करती दिखाई देती हैं। केंद्र के साथ बैठकों में भी कागज़ फेंकने, झल्लाने और घमंड दिखाने से बाज नहीं आतीं। बंगाल के लोगों को ममता की इस शासन संस्कृति से लज्जित होना पड़ता है।

पीएम मोदी लगातार धैर्य और सहिष्णुता से पेश आते रहे हैं, लेकिन हाल के दिनों में ईडी के अधिकारियों के साथ ममता का असंवैधानिक व्यवहार उनकी सरकार को बर्खास्त करने का कारण बन सकता था। फिर भी बीजेपी नेतृत्व इसकी मांग से बच रहा है। बीजेपी संभवतः यह मान रही है कि 2026 में बंगाल की सीएम ममता नहीं होंगी और टीएमसी के लिए खुद को बचाए रखना भी संभव नहीं होगा। माना जा रहा है कि मुस्लिम वोट के लिए हिंदुओं के साथ भेदभाव का यह दौर अब आगे नहीं चल सकता। अमित शाह ज़्यादातर मामलों में अपनी बात पर खरे उतरे हैं, अब देखना यह है कि बंगाल भी उनके लिए उनके वादे के साथ खड़ा होगा या नहीं।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## समसामयिक

उज्ज्वल दीपक

# 45 की पार्टी, 45 का अध्यक्ष

20 जनवरी, 2026 का दिन भारतीय राजनीति के लिए केवल एक संगठनात्मक निर्वाचन नहीं है, बल्कि नेतृत्व, उम्र और भविष्य-दृष्टि को लेकर एक स्पष्ट राजनीतिक वक्तव्य है। दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल, भारतीय जनता पार्टी के 45वें स्थापना वर्ष में 45 वर्षीय नितिन नबीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर शत प्रतिशत लोकतान्त्रिक प्रणाली से निर्वाचन हुआ है। यह निर्वाचन उस सोच का परिणाम है जिसमें पार्टी अपने अतीत की विरासत के साथ भविष्य की तैयारी भी साथ-साथ करती है। नितिन नबीन पांच बार विधायक रहे हैं और उन्होंने बिहार के साथ-साथ छत्तीसगढ़ एवं अन्य राज्यों में संगठनात्मक जिम्मेदारियाँ निभाई हैं। वह एक अनुभवी संगठनकर्ता हैं, जिन्होंने पार्टी के विभिन्न स्तरों पर कार्य करते हुए अपनी क्षमता सिद्ध की है। उनकी कार्यशैली निर्मल, सहयोगात्मक और परिणामोन्मुखी रही है। उनके कामकाज की सबसे बड़ी विशेषता "लो-प्रोफाइल, हाई-इम्पैक्ट" शैली रही जहाँ परिणाम बोलते हैं, बयान नहीं। यह निर्वाचन इस बात का प्रमाण है कि भाजपा में योग्यता और समर्पण को ही



सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। भाजपा ने 1980 में अपनी यात्रा शुरू की थी। 45 वर्षों में पार्टी ने वैचारिक स्पष्टता, संगठनात्मक अनुशासन और चुनावी सफलता तीनों को साधा है। 45वें वर्ष में 45 वर्षीय अध्यक्ष का चयन केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि यह बताने का तरीका है कि पार्टी उम्र को बाधा नहीं, बल्कि क्षमता का पूरक मानती है। यह निर्वाचन यह भी दर्शाता है कि भाजपा नेतृत्व परिवर्तन को टालने के बजाय उसे समय रहते अपनाती है। यहां तुलना स्वाभाविक रूप से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से होती है। कांग्रेस में अध्यक्ष पद अक्सर या तो गांधी परिवार से या फिर गांधी परिवार के प्रति निष्ठा से तय होता रहा है। वहां नेतृत्व परिवर्तन प्रायः मजबूरी या संकट के बाद होता है, जबकि भाजपा में यह एक सतत प्रक्रिया का हिस्सा दिखता है। यही फर्क आज की राजनीति में निर्णायक बनता जा रहा है।


नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने के बाद आयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वक्तव्य राजनीतिक और वैचारिक विमर्श का केंद्र बन गया। प्रधानमंत्री मोदी ने मंच से कहा "मैं आज भी भाजपा का एक कार्यकर्ता हूं और पार्टी में आज से नितिन नबीन मेरे बॉस हैं।" यह कथन केवल विनम्रता का प्रदर्शन नहीं था, बल्कि भाजपा की उस कार्यकर्ता-संस्कृति का जीवंत उदाहरण था, जहां पद से अधिक संगठन को महत्व दिया जाता है। यह संदेश कार्यकर्ताओं तक गया कि पार्टी में शीर्ष नेतृत्व भी संगठनात्मक अनुशासन और सामूहिक निर्णय प्रक्रिया का सम्मान करता है। अपने संबोधन की शुरुआत में प्रधानमंत्री मोदी ने जनसंघ की 75 वर्षों की वैचारिक और संगठनात्मक यात्रा को नमन किया। उन्होंने कहा, "करोड़ों कार्यकर्ताओं के त्याग, तपस्या और समर्पण से जनसंघ का वह वट वृक्ष खड़ा हुआ, जिससे आज की भाजपा का जन्म हुआ। आज भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है।" यह कथन भाजपा की उस वैचारिक परंपरा को रेखांकित करता है, जिसने संगठन को केवल सत्ता का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र-निर्माण का साधन बनाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस नेतृत्व परिवर्तन को केवल वर्तमान से नहीं, बल्कि भाजपा की वैचारिक और संगठनात्मक यात्रा की निरंतरता से जोड़ते हुए कहा "पिछले डेढ़ वर्षों में हमने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती, अटल जी की 100वीं जयंती और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष जैसे महापर्व मनाए हैं।" यह वक्तव्य केवल स्मरण का नहीं, बल्कि उस वैचारिक परंपरा का संकेत था, जिसने भाजपा को शून्य से शिखर तक पहुंचाया।

भाजपा का यह सफर अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ, जहां विचारधारा, राष्ट्रवाद और संगठन निर्माण को राजनीति का केंद्र बनाया गया। इसके बाद संगठन को विस्तार देने में वेंकैया नायडू और नितिन गडकरी जैसे नेताओं ने अहम भूमिका निभाई। राजनाथ सिंह के नेतृत्व में भाजपा ने पहली बार पूर्ण बहुमत हासिल कर सत्ता का शिखर छुआ, तो अमित शाह के नेतृत्व में पार्टी ने न केवल दोबारा सत्ता में वापसी की, बल्कि अपने संगठन को अभूतपूर्व विस्तार दिया। हाल के वर्षों में जेपी नड्डा के नेतृत्व में भाजपा ने पंचायत से लेकर संसद तक अपनी निर्णायक उपस्थिति दर्ज कराई।

आज नितिन नबीन के रूप में पार्टी को ऐसा अध्यक्ष मिला है, जो इस पूरी विरासत को समझते हुए नई पीढ़ी की राजनीति को दिशा दे सकता है। यह बदलाव किसी विरासत के अंत का नहीं, बल्कि एक सशक्त परंपरा के अगले चरण का संकेत है जहाँ अनुभव और युवा ऊर्जा मिलकर भाजपा के अगले अध्याय को गढ़ने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें मिलेनियल पीढ़ी का प्रतिनिधि बताया। उन्होंने कहा, "जिस पीढ़ी ने रेडियो पर निर्देश सुने और आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग कर रही है, नितिन जी उसी पीढ़ी का नेतृत्व कर रहे हैं। उनके पास ऊर्जा भी है और संगठनात्मक अनुभव भी, और यह अनुभव निश्चित रूप से पार्टी के कार्यकर्ताओं के काम आएगा।" यह टिप्पणी भाजपा की उस रणनीति को स्पष्ट करती है, जिसमें अनुभव और युवा ऊर्जा का संतुलन साधा जा रहा है। इस अपेक्षा को वही नेतृत्व पूरा कर सकता है जो युवाओं की भाषा, उनके प्लेटफार्म और उनकी चिंताओं को समझता हो।

अंततः, 45 की पार्टी का 45 वर्षीय अध्यक्ष होना भारतीय राजनीति में एक स्पष्ट संदेश है कि नेतृत्व उम्र से नहीं, दृष्टि से तय होता है। यह फैसला केवल भाजपा के लिए नहीं, बल्कि उस बदलते भारत के लिए भी महत्वपूर्ण है जहां राजनीति की धुरी अब भविष्य की ओर घूम चुकी है। *-लेखक भाजपा छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रवक्ता हैं।*

# आत्मसंयमी होना श्रेष्ठ व्यक्ति का प्रथम लक्षण



संकलित
**दर्शन**

आत्मसंयम मनुष्य की ऐसी आंतरिक क्षमता है, जिसके आधार पर मनुष्य अपना समग्र विकास करने में सक्षम होता है। बुरी आदतों पर नियंत्रण आत्मसंयम की शक्ति से ही संभव है। असल में यही खराब आदतें हमारी प्रगति की राह में अवरोध बनती हैं। यदि दृढ़ इच्छाशक्ति और आत्मसंयम में सही ताल मिल जाए तो असंभव से लक्ष्य को भी सरलता से प्राप्त किया जा सकता है। संयम एक ऐसा बीज मंत्र या आवरण है, जो हर स्थिति में कारगर होता है। इस संसार में जितने भी महापुरुष हुए हैं, उनका जीवन यही संदेश देता है कि उनके उत्कर्ष में आत्मसंयम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आत्मसंयमी होना श्रेष्ठ व्यक्ति का प्रथम लक्षण है। जिन लोगों में आत्मसंयम होता है उनका स्वास्थ्य, रिश्ते, आर्थिक स्थिति और करियर अन्य लोगों की अपेक्षा बेहतर होता है। ऐसे लोग जीवन से अधिक संतुष्ट रहते हैं। उन्हें जीवन अधिक सार्थक लगता है। आत्मसंयम का जीवन रचनात्मकता से ओतप्रोत होता है। यह सद्गुण काम, क्रोध, लोभ, मोह और भय को दूर करने के साथ व्यक्ति के व्यक्तित्व को गहराई एवं गंभीरता प्रदान कर उसके जीवन को सुखप्रद बनाता है। आत्मसंयम का महामंत्र आत्मसात कर हम असीमित इच्छाओं के अश्व की लगाम अपने हाथ में रख सकते हैं। थोड़ा गहराई में जाएं तो संयमी की यात्र कंकर से शंकर बनने की है। हमें अपने जीवन में आत्मसंयम की आवश्यकता इसलिए भी पड़ती है, ताकि हम पथ से भटके बिना अपने लक्ष्य तक पहुंचने में सफल हो सकें।

# सुदर्शन रूप में भक्त की प्रेत से रक्षा



संकलित
**प्रेरणा**

संत अनंतकृष्ण बाबा जी के पास एक लड़का सत्संग सुनने के लिए आया करता था। संत से प्रभावित होकर बालक द्वारा दीक्षा के लिए प्रार्थना करने पर बाबा जी ने कहा कि महामंत्र का 11 लाख जप करके आओ उसके बाद विचार करेंगे। लगभग कुछ महीनों के पश्चात जप की संख्या पूरी करने के बाद वह बाबा के पास पुनः आया। बाबा ने बालक को कहा 11 लाख और जप करके आना। अभी 3-4 वर्ष ही बीते थे साधक जीवन में प्रवेश किए हुए, उसके मन में श्रद्धा की कमी होने लगी । वह एक दिन कहीं जा रहा था रास्ते में एक तांत्रिक को कुछ सिद्धियों का प्रदर्शन करते हुए देखा। तांत्रिक ने उससे अपने बारे में पूछा, उसने अपनी उपासना के बारे में बताया । तांत्रिक ने पूछा कि तुम इतने वर्षों से इतनी संख्या में जप करते हो, साधना करते हो उससे तुम्हे कुछ अनुभूति हुई? हमारी तरह प्रेत सिद्ध कर लो, तुम्हारे सब काम प्रेत कर दिया करेगा, बालक ने तांत्रिक से साधन की विधि जानी और शीघ्र ही थोडे मंत्रो के जप से ही सिद्ध प्राप्ति कर ली। उसने तांत्रिक से कहा कि मुझे तो कोई प्रेत सिद्ध हुआ नहीं। तांत्रिक ने कहा पुनः प्रयास करो। इस बार भी प्रेत प्रकट नहीं हुआ। तांत्रिक ने प्रेत को बुलाकर पूछा कि तुम इसके सामने क्यों नहीं प्रकट होते हो? उस प्रेत ने कहा मैं तो जैसे ही इसके थोड़े निकट जाता हूँ, इसके पीछे एक सुदर्शन चक्र प्रकट हो जाता है। मैं महान बलवान होने पर भी उस चक्र के तेज के सामने टिक नही सकता। अवश्य ही कोई शक्ति इसकी रक्षा करती है।

## मंडला-मकरविलक्कू



मंगलवार को पंडालम के शाही प्रतिनिधि पुनार्थम नल नारायण वर्मा, पठानमथिट्टा में मंडला-मकरविलक्कू त्योहार के खत्म होने के मौके पर 18 पवित्र सीढ़ियों से नीचे उतर रहे हैं।

## आज की पाती

### बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट बंद हों

आज के अत्याधुनिक दौर में सोशल मीडिया का अनियंत्रित विस्तार न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व के लिए गंभीर मानसिक संकट का कारण बनता जा रहा है। इस तकनीकी उछाल ने इनसान को धीरे-धीरे मानसिक रूप से निर्बल बनाया है, साथ ही वह स्वाभाविक जीवन जीने की क्षमता भी खोता जा रहा है। सोशल मीडिया का सबसे अधिक विषैला प्रभाव बच्चों की कोमल मानसिकता पर पड़ रहा है। दुनिया के कई विकसित और प्रगतिशील देश बच्चों को सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए कड़े कानून बना चुके हैं और कठोरता से लागू भी कर रहे हैं। वहीं भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्मार्टफोन बाजार है। भारत में भी 16 साल तक के बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट तुरंत बंद होने चाहिए। *- अनिल पांडे, भिलाई*

## ट्रेंड

### नबीन को बधाई



नितिन नबीन संगठन की वैचारिक पृष्ठभूमि पर परिपक्व हैं और बिहार सरकार में कई बार मंत्री रहे हैं। संगठन के विभिन्न दायित्वों का उन्होंने एकनिष्ठता से निर्वहन किया है। ऐसे नौजवान, ऊर्जावान एवं प्रतिभावान अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के लिए बधाई।
**-जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री**

### कार्यकर्ताओं की मेहनत



आज भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बना है, तो इसकी वजह हमारा प्रेरणादायी नेतृत्व है, हमारी विचारधारा और कार्यकर्ताओं की मेहनत है। वो कार्यकर्ता, जो कठिन से कठिन परिस्थिति में भी भारत का ध्वज झुकने नहीं देता है।
**- पीयूष गोयल, केंद्रीय उद्योग मंत्री**

### सत्र का घटता समय



देश में संसद व राज्य विधानमण्डलों के सत्र के घटते समय के साथ-साथ हर बार इनके भारी हंगामेदार एवं स्थगन आदि से इनकी जन उपयोगिता का घटता प्रभाव अक्सर गंभीर चिन्ता का विषय रहा है। इस पर सरकार और विपक्ष दोनों को अति-गंभीर होकर अमल भी ज़रूर करना चाहिये।
**- मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

### पुलिसिया दुर्व्यवहार



प्रयागराज में माघ मेले के दौरान शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के साथ पुलिसिया दुर्व्यवहार और उनका अन्न-जल त्यागकर धरने पर बैठना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है।
**-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

## करंट अफेयर

# सहायक कमांडेंट सिमरन सीआरपीएफ की पुरुष टुकड़ी का करेंगी नेतृत्व

26 जनवरी को जब कर्तव्य पथ पर देश की ताकत, अनुशासन और एकता की झलक दिखाई देगी, तब इतिहास के पन्नों में सीआरपीएफ की सहायक कमांडेंट सिमरन बाला का नाम सुनहरे अक्षरों में दर्ज होगा। सिमरन बाला वह पहली महिला अधिकार हैं, जो सीआईरपीएफ की पूरी पुरुष मार्चिंग टुकड़ी का नेतृत्व करेंगी। बाला को 140 से अधिक पुरुष जवानों की टुकड़ी की कमान सौंपी गई है। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले की रहने वाली 26 वर्षीय बाला इस साल गणतंत्र दिवस पर एक नया इतिहास लिखेंगी। सिमरन पहली ऐसी महिला अधिकारी होंगी जो दिल्ली के कर्तव्य पथ पर सीआरपीएफ की पुरुष टुकड़ी का नेतृत्व करेंगी। वे अपने जिले की पहली महिला हैं जो



अधिकारी रैंक में देश के सबसे बड़े अर्धसैनिक बल का हिस्सा बनी हैं। यह कामयाबी उनके परिवार के लिए बल्कि पूरे जम्मू-कश्मीर के लिए गर्व का विषय है। क्योंकि वह 140 से अधिक पुरुष जवानों की कमान संभालकर देश की नारी शक्ति का लोहा मनवाएंगी। सिमरन सिर्फ एक अधिकारी नहीं, एक विचार हैं जो बताता है कि भारत बदल रहा है। गणतंत्र दिवस पर जब वह कदमताल करेंगी, तब हर बेटी के भीतर यह विश्वास और मजबूत होगा कि सुरक्षा बलों का नेतृत्व और कमान एक महिला कितने दमदार तरीके से निभा सकती हैं।

## ऑफ बीट

# कई ग्लुटेन मुक्त उत्पादों में कैलोरी-शर्करा अधिक

अमेरिकी उपभोक्ता अक्सर ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों के लिए अधिक भुगतान करते हैं, फिर भी ये उत्पाद आमतौर पर ग्लुटेन युक्त विकल्पों की तुलना में



कम प्रोटीन और अधिक शर्करा एवं कैलोरी प्रदान करने वाले होते हैं। वर्तमान में कई ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में फाइबर, प्रोटीन और आवश्यक पोषक तत्वों की कमी होती है। इसके अलावा, ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में आमतौर पर ग्लुटेन युक्त अन्य उत्पादों की तुलना में अधिक शर्करा पाई जाती है। ग्लुटेन-मुक्त आहार के लंबे समय तक सेवन का संबंध 'बॉडी मास इंडेक्स' (बीएमआई) में वृद्धि और पोषण संबंधी कमियों से है। ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद को अमेरिका में ऐसे उत्पाद के रूप में परिभाषित किया जाता है जिनमें ग्लुटेन प्रति 10 लाख में 20 भाग से कम या उसके बराबर होता है। लेकिन ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद में बड़े पैमाने पर गेहूं, राई, जौ और कभी-कभी जई की कमी होती है, जबकि ये सभी 'रबीनॉक्सिलन' के समृद्ध स्रोत हैं जो एक महत्वपूर्ण स्टार्च रहित पॉलीसेकेराइड है। अरबीनॉक्सिलन कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है, जिसमें लाभकारी आंत बैक्टीरिया को बढ़ावा देना, पाचन को बढ़ाना, रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करना और संतुलित आंत माइक्रोबायोटा का समर्थन करना शामिल है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# संजय के साथ शेयर कीं 2006 की यादें

एजेंसी ▶▶ मुंबई



बॉलीवुड के सितारे इन दिनों साल 2016 की यादें शेयर कर रहे हैं। ऐसे में अभिनेत्री समीरा रेड्डी एक कदम आगे बढ़ गई हैं। उन्होंने 2006 की यादें शेयर की हैं। उन्होंने 'मुसाफिर' के साथी कलाकार संजय दत्त के साथ 20 साल पहले की तस्वीर शेयर की है। समीरा रेड्डी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वह संजय दत्त के साथ एक तस्वीर दिखाते हुए कहती हैं कि 2016 का ट्रेंड क्यों फॉलो करें। चलो 2006 में चलते हैं। इसके बाद वीडियो में संजय दत्त नजर आते हैं। संजय दत्त हंसते हैं और समीरा रेड्डी उनसे गले मिलती हैं। वीडियो के कैप्शन में समीरा ने लिखा है '20 साल पहले के संजय दत्त के साथ। वह अभी भी उसी तरह हैं।' वीडियो में 'मुसाफिर' का गाना 'ओ साकी' बज रहा है। संजय गुप्ता के निर्देशन में बनी फिल्म 'मुसाफिर' (2004) में अनिल कपूर, आदित्य पंचोली, महेश मांजरेकर और शक्ति कपूर भी अहम भूमिकाओं में थे। कोएना मित्रा ने इस फिल्म से एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी। यह अमेरिकन फिल्म 'यू टर्न' (1997) की रीमेक थी। समीरा रेड्डी अपनी अपकमिंग फिल्म 'चिमनी' की रिलीज की तैयारी कर रही हैं। इसमें वह काली का किरदार निभाती नजर आएंगी। समीरा 'मैंने दिल तुझको दिया', 'रेस' और 'टैक्सी नंबर 9211' जैसी फिल्मों में अपने काम के लिए जानी जाती हैं।

## रहस्यमयी फिल्म अस्सी का पोस्टर बना पहेली फरवरी में होगी रिलीज

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर एक फिल्म का अनाउंसमेंट लोगों का ध्यान खींच रहा है। इसमें रिलीज डेट के सिवाय कुछ भी बताया नहीं गया है। टाइटल के नाम पर लिखा है अस्सी। यह मूवी सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। एक्स पर कई एंटरटेनमेंट हैंडल्स और क्रिटिक्स ने इसका पोस्टर शेयर किया है। अस्सी के साथ में एक पहेलीनुमा हिंट है साथ ही अर्जेंट देखने की अपील भी है। मंगलवार को वायरल हुआ एक फिल्म का पोस्टर लोगों के दिमाग में कुलबुलाहट पैदा कर रहा है। लाल रंग के पोस्टर पर लिखा है, अस्सी। प्रतिदिन। हर दिन। साथ में मैसेज है, अगर आपको पता होता कि ये क्या है। एक दिन में अस्सी बार। हर दिन। हर बीस मिनट में और जब सच में आपको पता चलता है तो बहुत तेज हिट करता है, बहुत तेज। अस्सी, 20 फरवरी को सिनेमाघरों में। तुरंत देखनी चाहिए। इस अनाउंसमेंट की खास बात ये है कि इसमें एक्टर, डायरेक्टर, प्रोडक्शन हाउस किसी भी चीज की जानकारी नहीं दी गई है। अनाउंसमेंट पर डिसकशन शुरू हो चुका है। सोशल मीडिया पर कई लोग लिख रहे हैं कि यह अलग तरह की मार्केटिंग स्ट्रैटजी है। लोग इस बात पर भी हैरानी जता रहे हैं कि फिल्म की कास्ट में कोई बड़ा चेहरा नहीं दिखाया गया है।




## श्रेयस होंगे पलाश की फिल्म के लीड हीरो

**मुंबई।** म्यूजिक कंपोजर, डायरेक्टर पलाश मुछाल पिछले दिनों क्रिकेट स्मृति मंधाना से टूटी अपनी शादी को लेकर चर्चा में रहे। लगभग दो महीने बाद वह काम पर लौटे हैं। जल्द ही एक अनाम फिल्म निर्देशित करेंगे। इस फिल्म में लीड रोल में बॉलीवुड के एक नामी अभिनेता नजर आएंगे। पलाश मुछाल ने अपनी एक अनाम फिल्म की घोषणा की है। इस फिल्म को वही निर्देशित करेंगे। इसकी कहानी एक आम आदमी की जिंदगी पर आधारित होगी। फिल्म में लीड रोल एक्टर श्रेयस तलपदे निभाएंगे। पलाश मुछाल पहली बार किसी फिल्म का निर्देशन नहीं कर रहे हैं। वह पहले भी 'अर्ध' और 'काम चालू है' जैसी फिल्में बना चुके हैं।






## कोहरा-2 ओटीटी पर 11 को होगी रिलीज

**मुंबई।** ओटीटी पर 'कोहरा' की अपार सफलता के बाद, बरुण सोबती और उनकी टीम एक नए सीजन 'कोहरा 2' के साथ वापसी कर रहे हैं। इस बार मोना सिंह एक सख्त पंजाबी पुलिस अधिकारी के रूप में शो में शामिल हो रही हैं। मंगलवार को निर्माताओं ने 'कोहरा 2' की ओटीटी रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। 'कोहरा 2' 11 फरवरी 2026 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग शुरू हो जाएगा। यह सीरीज केवल नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। मेकर्स ने एक 'कोहरा 2' का नया पोस्टर शेयर किया। इसके साथ कैप्शन में लिखा, 'धुंध में सच खो जाता है, आइए इस नए शहर में सच को ढूंढें।' यह सीरीज क्राइम, रहस्य और ड्रामा से भरी होगी। पॉपुलर वेब सीरीज 'कोहरा' का दूसरा सीजन अब वापस आ रहा है। पहला सीजन काफी पसंद किया गया था। इस सीजन में नया केस, नई कहानी और नई जोड़ी दिखेगी। इस सीरीज में बरुण सोबती दोबारा असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर अमरपाल गरुंडी के किरदार में लौट रहे हैं।




## धुरंधर के सीक्वल का नाम 'धुरंधर: द रिवेंज'

**मुंबई।** अक्षय खन्ना, रणवीर सिंह, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, सारा अर्जुन, राकेश बेदी जैसे कलाकरों से सजी 'धुरंधर' बॉक्स ऑफिस पर रिलीज के 46 दिन बाद भी टिकी हुई है। इस मूवी का दो महीने बाद दूसरा पार्ट भी आएगा, जिसको लेकर फैंस अभी से ही एक्साइटेड हैं। अब इसके टाइटल को लेकर एक नई जानकारी सामने आई है। 'धुरंधर 2' का नाम 'धुरंधर द रिवेंज' रखा गया है। साथ ही सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने फिल्म के सीक्वल के टीजर को हरी झंडी दिखा दी है, जिसका समय 1 मिनट से ज्यादा का है। साथ ही मूवी को ए सर्टिफिकेट दे दिया गया है, जिसे 'बॉर्डर 2' के साथ दिखाया जाएगा। सनी देओल और रणवीर सिंह की फिल्म देशभक्ति पर हैं और इसी का फायदा जियो स्टूडियोज की टाम उठाना चाह रही है। 'धुरंधर' के अंत में दिखाए गए क्रेडिट नोट से नया टीजर लिया गया है और उसे बड़े पर्दे पर दिखने के बाद डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर भी जारी किया जाएगा। 'धुरंधर' में जहां अक्षय खन्ना के किरदार रहमान डकैत की मौत हो जाती है। वहीं खबर है कि वह 'धुरंधर द रिवेंज' में भी दिखाई देंगे। उन्होंने एक हफ्ते अपने हिस्सा की शूटिंग भी की है। इनके अलावा, रणवीर सिंह, आर माधवन, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, राकेश बेदी, सारा अर्जुन दिखाई देंगे। पहले पार्ट ने अब तक भारत में 826.50 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया है। वहीं वर्ल्डवाइड इसने 1283.5 करोड़ रुपए कमा लिए हैं।



### 19 मार्च को होगी रिलीज

आदित्य धर की डायरेक्टेड फिल्म 'धुरंधर: द रिवेंज' 19 मार्च को थिएटर्स में ईद के मौके पर रिलीज होगी। इसका क्लैश यश की 'टॉक्सिक' से होगा। जिसके टीजर के आने के बाद इंटरनेट पर दोनों के फैंस दो गुटों में बंट गए थे। दोनों ही बड़ी फिल्में हैं और दोनों का अलग कलेवर। अब देखना होगा कि किसकी चित होती है और किसकी पट।



10 YEAR WARRANTY
BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE
72198 21111
SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST | BAJAJ AUTO CREDIT | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू, बचत 31 जनवरी 2026 तक लागू है. दर्शाई गई कुल सेविंग्स का तात्पर्य है कैशबैक से प्राप्त बचत की कुल राशि, ज़ीरो प्रोसेसिंग फ़ीस और 5 फ्री सर्विसेस (3 स्टैंडर्ड फ्री सर्विसेस और 2 अतिरिक्त फ्री सर्विसेस). फ्री सर्विस की बचत, शेड्यूल्ड लेबर चार्जेस के लिए है. लागू ऑफ़र्स, मॉडल्स/राज्यों के अनुसार बदल सकते हैं. शून्य पीएफ़ पर सेविंग्स, फ़ायनान्सर पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती हैं. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नकल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. पल्सर 125 ऑफ़र नेयॉन और कार्बन फ़ाइबर मॉडल्स पर. **राडा (RADA) ऑटो एक्सपो 2026 रायपुर के दिशानिर्देशों के अनुसार वाहनों पर RTO टैक्स में 50% की बचत लागू.

**Authorized Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Raipur:** Ashram Chowk (GE Road) VANDANA BAJAJ 7714083955,9713540079, Telibandha 7714083955•Devpuri Raipur ARUN BAJAJ 9770420235 • **Baloda Bazar** ARUN BAJAJ 90009399506 • **Bhatapara** ARUN BAJAJ 7828353259 • **Bhilai** AVN BAJAJ 7884252700, 9644066266 • **Durg** VENKATESH BAJAJ 4060122,8982005707 • **Dhamtari** TIRUPATI BAJAJ 9516872343, 7987872343 • **Kanker** TIRUPATI BAJAJ 7587841176 • **Bhanupratappur** TIRUPATI BAJAJ 9977911298 • **Jagdalpur** T M BAJAJ 9986433880, 9425592466 • **Mahasamund** BHAWANI BAJAJ 9424205048, 224789 •**Saraipali** BHAWANI BAJAJ 9424211576 • **Rajnandgaon** KAKKAD BAJAJ 9301111111 **Dongargarh** KAKKAD BAJAJ 9028597766 • **Kawardha** CHANDRAYAN BAJAJ 8435158906 **Pandatarai** CHANDRAYAN BAJAJ 8435158906.



# आजादी का अलख जगाने का सशक्त माध्यम बना लोक नाट्य

लोक नाट्य
डा. संतराम देशमुख

दाऊ रामचंद्र देशमुख ने छत्तीसगढ़ देहाती कला विकास मंडल के माध्यम से आजादी का अलख जगाने अनेक लोक नाट्य का मंचन कर लोगों को देश की आजादी के प्रेरणाश्रोत के रूप में प्रदर्शन करते रहे, जिसमें काली माटी, बंगाल का अकाल, सरग अऊ नरक, जनम अऊ मरन, मिस मीयो का डांस और बेगुनाहों को फांसी प्रमुख रहे। नाचा के अंतर्गत प्रदर्शित इन प्रहसनो का उद्देश्य लोगों में राष्ट्रीय भावना जागृत करना ही था। यही नहीं, उस दिनों हास्य व्यंग्य युक्त



कामेडी भी प्रस्तुत की जाती थी। जिसके नायक अक्सर अंग्रेजी शासन की जी हुजूरी करने वाले थैली शाह हुआ करते थे, मसलन राय साहब मिस्टर भोंदू। इन लोक नाट्य का गहरा असर लोगो पर दिखने लगा, जिससे कलाकारों का उत्साह बढ़ने के कारण अनेक स्थानों पर लगातार मंचन होते रहती थी। पहले के लोग आज भी इन प्रस्तुतियों को याद कर भावुक हो जाते हैं।



आस्था
डा. किरण नुरूटी

## देवताओं का प्रतीक चिन्ह होता है मंजूर मूठ



आदिवासी अंचल में देवताओं का प्रतीक चिन्ह मंजूर मूठ होता है। यह डेढ़ फुट बांस का टुकड़ा होता है, जिसके ऊपरी हिस्से में मोर पंख का गुच्छा तथा उसके नीचे चारों ओर घुंघरुओं का गुच्छा होता है। इसके अलावा देवी देवताओं के प्रतीक के रूप में मिट्टी के हाथी, घोड़े, पीतल की मूर्तियां, लोहे के त्रिशूल और सांकल आदि भी होते हैं। प्रत्येक गांव में एक लकड़ी का झूला बना होता है जिस पर देवी आरूढ़ होती हैं और उस झूले में झूलती हैं। गांव की सीमा पर एक देव खूंटा होता है। यह भी देव का प्रतीक होता है। देवताओं की पालकी होती है, जिसे देव कुरची भी कहा जाता है। देवी पेंड्रावड़ीन की पालकी होती है तथा सजा सजाया टोकनी होती है। देव पर्व में गाड़ा बाजा, तुरही का उपयोग देवताओं को आमंत्रित करने के लिए किया जाता है। इसके अलावा देवताओं को हवा करने के लिए देव चंवर होता है जो घोड़े के बालों के गुच्छों का बना होता है।

स्वतंत्रता सेनानी
लखन लाल आदिल

## निर्भीकता से अंग्रेजों का सामना करती रहीं हेमकुंवर



श्रीमती हेमकुंवर बंछोर पाटन तहसील के ग्राम दरबार मोखली के दाऊ मालगुजार दीनदयाल बंछोर के ज्येष्ठ पुत्र गैंदलाल की धर्म पत्नी थी। आपका मायका रायपुर जिले का ग्राम पथरी था। आपने तीसरी कक्षा तक शिक्षा ग्रहण की। आप स्वतंत्रता सेनानी डा. खूबचंद बघेल की चचेरी बहन थी। बघेलजी का सहयोग और मार्गदर्शन आपको मिलता रहा। आपके पति भी वकालत करने के साथ ही राजनीतिक गतिविधियों में लगे रहते थे। नागपुर जेल में रहते आपके पति साहित्यिक कार्यों में भी लगे रहे। आप अपने पति और भाई की असामयिक मृत्यु के बाद उनके रुके कार्य को आगे बढ़ाने में अपना पूरा ध्यान देने लगी। स्वतंत्रता संग्राम के कार्यों में आपकी संलग्नता के साथ ही आपकी पहचान समाजसेवी और दानदाता के रूप में बनी।

### लेखकों से..

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

मेला मड़ई
प्रो. अश्विनी केशरवानी




# आस्था से जुड़ा होता है बेलपान मेला

छत्तीसगढ़ अंचल में फाल्गुन मास तक मेला मड़ई का दौरा चलता है। प्राचीन काल से ग्रामीण अंचलों में मेला मड़ई का आयोजन होता आ रहा है जिसमें ग्रामीण खेती किसानी के कार्यों से निवृत्त होने के बाद मनोरंजन के लिए यह आयोजन करते आ रहे हैं। इस मेला मड़ई के स्वरूप में आधुनिकता का समावेश होना स्वाभाविक पर लोगों का रुझान आज भी देखी जाती है। मेला अक्सर विशेष अवसरों पर खासकर नदी के किनारे आयोजित होते हैं जिसमें लोगों की धार्मिक आस्था जुड़ी होती है। ऐसे ही धार्मिक महत्व का मेला बिलासपुर जिला मुख्यालय से 30 कि मी और तखतपुर से 12 कि मी की दूरी पर बेलपान स्थित है। यहां शिवजी का एक प्रसिद्ध मंदिर है। यहां एक कुंड से छोटी नर्मदा नदी का उदगम हुआ माना जाता है जो आगे जाकर मनियारी नदी में मिल जाती है। इस नदी में अस्थि विसर्जित की जाती है। यहां के शिव मंदिर का निर्माण सन 1757 से 1786 के बीच बिम्बाजी भोंसले ने कराया। इस स्थल पर प्रति वर्ष माघ पूर्णिमा को सात दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है जिसमें दूर दूर से मेले में आकर अपनी आस्था प्रकट करते हैं।



पर्यटनः डी पी देशमुख

# अनोखी छटा बिखेरता अंधियारझोला जलप्रपात



छत्तीसगढ़ का गरियाबंद जिला भी प्रकृति की नैसर्गिक सुंदरता को संजोए हुए हैं। आज भी यहां के जंगलों में सघन वनों के अलावा, अनेक दुर्लभ जीव जंतु के अलावा पर्वत पहाड़ों का भी अपना महत्व है। इसी तरह का अनेक विशेषताओं से भरा अंधियारझोला जलप्रपात है जो गरियाबंद से लगभग 50 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। ग्राम रसेला के समीप मलेवा मुड़ीपानी पहाड़ पर अपनी छटा बिखेर रही है। करीब 100 से 130 फीट ऊंचे पहाड़ से कल कल ध्वनि से गिरता जल अत्यंत मनमोहक होता है। यहां वर्ष भर पर्यटकों का आना जाना लगा रहता है। पर्यटकों की संख्या में भी लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है। इस प्राकृतिक दृश्य तक पहुंचने के लिए अनेक कठिनाइयों का सामना लोगों को करना पड़ता है फिर भी इसका महत्व बढ़ता ही जा रहा है। ख़ासकर बरसात के दिनों में यहां का नजारा और भी खूबसूरत होता है।

सुरता
चेतन भारती

## संत होने के बावजूद भी स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय रहे पुणेन्द्र

छत्तीसगढ़ की पावन धरा में निर्विवाद संत का अवतरण 16 नवंबर 1928 को कार्तिक पूर्णिमा के दिन हुआ। इसलिए पिता ने अपने इस पुत्र का नाम पुराण रखा। सन्यास ग्रहण करने के बाद गुरु ने उनका नाम पुणेन्द्र रख दिया। बाद में आपको बालक भगवान के नाम से प्रसिद्धि मिली। बालक के जन्म के बाद ही माता राधा देवी स्वर्ग सिधार गई। पिता राम किसुन ने बालक को उसी अवस्था में हटकेश्वर नाथ महादेव मंदिर रायपुर के पुजारी को सौंप दिया। पांच वर्ष की आयु में ही बालक भगवान गुजराती परिवार के साथ बद्रीनाथ, केदारनाथ, यमनोत्री, गंगोत्री, ऋषिकेश और हरिद्वार की यात्रा की। किशोरावस्था में भारत की आजादी के लिए स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने लगे। सन 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में अंग्रेजों के




विरुद्ध संघर्ष में सहयोगी बने। संन्यासी वेशभूषा के कारण आपको पकड़ लेने के बाद अंग्रेज सजा न देकर किसी दूर में ले जाकर छोड़ देते थे।आपके अनेक चमत्कार की घटनाएं बुजुर्गों द्वारा सुनने को मिलती रहती हैं। आप रामचरित मानस के साथ ही भागवत प्रवचनकर्ता थे। अनेक शिष्य आपके सानिध्य में रहे। 14 अगस्त 2002 को आप इस नश्वर काया को त्याग दिए।

गांव का नामः डा. प्रकाश पतंगीवार

> नारागांव के सुकालू, पीताम्बर, बिसाहू और सूरजू भी शामिल थे। इन चारों सेनानियों ने 19 अक्टूबर 1930 को जिला स्तर पर जल सत्याग्रह में भाग लिया था। इसी तर्ज पर सिहावा, रुद्री, नवागांव और कंडेल में भी सत्याग्रह हुआ। चारों सैनिक 24 दिन जेल में रहे। 24 नवम्बर 1930 को इन्हें जेल से छोड़ा गया। जेल से छूटने के बाद इन्होंने आंदोलन को जारी रखा।

# नारा लगाने वालों की स्मृतियों को संजोने गांव का नाम हुआ नारागांव

जब महात्मा गांधी दूसरी बार धमतरी आए तो गुरूर अंचल के किसानों के साथ नारागांव के निवासी भी आंदोलन में भाग लेने गए थे। तब भीड़ को तितर बितर करने के लिए अंग्रेजों ने दमन चक्र चलाया। जब अत्याचार किया जाने लगा तब आसपास के गांव के नौजवान उत्तेजित हो गए और अंग्रेजों के विरुद्ध नारे लगाते रहे। बहुत से किसानों को जेल भेज दिया गया। इसमें नारागांव के सुकालू, पीताम्बर, बिसाहू और सूरजू भी शामिल थे। इन चारों सेनानियों ने 19 अक्टूबर 1930 को जिला स्तर पर जल सत्याग्रह



में भाग लिया था। इसी तर्ज पर सिहावा, रुद्री, नवागांव और कंडेल में भी सत्याग्रह हुआ। चारों सैनिक 24 दिन जेल में रहे। 24 नवम्बर 1930 को इन्हें जेल से छोड़ा गया। जेल से छूटने के बाद इन्होंने आंदोलन को जारी रखा।

क्षेत्र के गांव गांव जाकर आजादी की अलख जगाई। यहां के निवासियों ने खूब यातनाएं सही। सिंचाई की सुविधा उस समय उपलब्ध नहीं थी। खेती किसानी के लिए पानी जरूरत होने पर उपलब्ध नहीं कराई जाती थी। आज नारा लगाने वाले सेनानी सदा के लिए देश हित में नारा लगाते अमर हो गए। गांव के लोगों ने उन सेनानियों की स्मृतियों को संजोने गांव का नाम नारागांव रख दिया। एक तरह से उन स्वतंत्रता सेनानियों के समर्पण, त्याग और बलिदान को चिर स्थाई बनाए रखने के लिए लिया गया ऐतिहासिक कदम है।

## जैकेट के शेष

### पुलिस की एक ....

जगह के लिए चयनित हो गया, लेकिन बाकी के दो या तीन स्थान इसी एक व्यक्ति की वजह से खाली हो गए। जानकारों की मानें, तो यही कारण है कि छह हजार में से 1500 पदों पर भर्ती नहीं की जा सकी है।

### नितिन की ताजपोशी ...

नितिन गडकरी, अमित शाह, जेपी नड्डा जैसे वरिष्ठ नेताओं के साथ-साथ केंद्रीय मंत्रियों, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा, 'उनका हर शब्द हमें एक नई दिशा देगा। उनका मार्गदर्शन एक अमूल्य धरोहर होगा जो हमारे भविष्य की कार्ययोजना को निर्धारित करेगा। मोदी ने भाजपा के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार के काम का जिक्र करते हुए कहा, मैं भी एक पार्टी कार्यकर्ता के रूप में नए अध्यक्ष को अपने काम का हिसाब दे रहा था। मैंने अपना हिसाब दे दिया है। अब वह मेरी सीआर (रिपोर्ट) लिखेंगे। मैं उनके मार्गदर्शन की प्रतीक्षा कर रहा हूं। नवीन को संगठन पर्व के समापन पर पार्टी मुख्यालय में भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया गया, जिसमें बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक के विभिन्न पार्टी पदों के लिए चुनाव हुए। मोदी ने कहा, जब बात पार्टी के विषयों की आती है, तब माननीय नितिन नवीन जी... मैं एक कार्यकर्ता हूं और आप मेरे बॉस हैं। उन्होंने कहा, अब माननीय नितिन नवीन जी हम सभी के अध्यक्ष हैं और उनका दायित्व सिर्फ भाजपा को संभालना ही नहीं है बल्कि राजग के सभी साथियों के बीच तालमेल का दायित्व भी उन्हें संभालना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नए भाजपा अध्यक्ष उस युग से ताल्लुक रखते हैं जिसमें लोग बचपन में रेडियो पर खबरें सुनते थे और अब कृत्रिम मेधा (एआई) का उपयोग करने में माहिर हैं। मोदी ने कहा, नितिन जी में युवा ऊर्जा और भरपूर अनुभव दोनों हैं। मोदी ने कहा कि घुसपैठिए देश की सुरक्षा के लिए बहुत गंभीर खतरा पैदा करते हैं और उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनकी पहचान करना और उन्हें वापस भेजना अत्यंत आवश्यक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा ने अपनी राजनीतिक यात्रा 'एक अलग पहचान वाली पार्टी' के रूप में शुरू की थी और पिछले कुछ वर्षों में वह सुशासन की पार्टी के रूप में उभर कर सामने आई है। उन्होंने कहा, 'स्वतंत्रता के बाद देश ने शासन के कई मॉडल देखे हैं - कांग्रेस का वंशवादी राजनीति का मॉडल, वामपंथियों का मॉडल, क्षेत्रीय दलों का मॉडल और अस्थिर सरकारों का दौर। मोदी ने कहा, लेकिन आज देश भाजपा के विकास मॉडल को देख रहा है, जो स्थिरता, सुशासन और संवेदनशीलता से परिपूर्ण है।

**वाजपेयी, आडवाणी और जोशी को किया याद :** प्रधानमंत्री ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी, लाल कृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी के नेतृत्व में भाजपा ने शून्य से शिखर तक का सफर तय किया है। मोदी ने कहा, इस सदी में एम. वेंकैया नायडू और नितिन गडकरी जैसे नेताओं के साथ-साथ हमारे कई वरिष्ठ सहयोगियों ने संगठन का विस्तार किया। राजनाथ जी के नेतृत्व में पहली बार भाजपा ने अपने दम पर पूर्ण बहुमत हासिल किया। उन्होंने कहा, फिर अमित शाह के नेतृत्व में भाजपा ने कई राज्यों में सरकारें बनाईं और केंद्र में लगातार दूसरी बार सत्ता में आई। जेपी नड्डा के नेतृत्व में भाजपा पंचायत से लेकर संसद तक हर स्तर पर मजबूत हुई।'

### नितिन नबीन से मिल ....

और स्पष्ट दिशा प्रदान करेगा। उनके नेतृत्व में राष्ट्रसेवा, सुशासन और विकसित भारत का संकल्प और अधिक मजबूत होगा। प्रभु श्रीराम जी के आशीर्वाद से भाजपा का यह नवयुग राष्ट्र निर्माण की नई गाथा रचे यही मंगलकामना है।

### हरिभूमि-आईएनएच का ....

के महापौर नीरज पाल, भिलाई चरोदा नगर निगम के महापौर निर्मल कोसरे, और दुर्ग नगर निगम की महापौर अल्का बाघमार सहित कांग्रेस की ओर से जिलाध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, राकेश ठाकुर और धीरज बाकलीवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे सहित कई हस्तियां भी कार्यक्रम में शामिल होंगी। कार्यक्रम का संचालन हरिभूमि व आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी करेंगे।
उनके द्वारा स्वास्थ्य विषय पर आईपी मिश्रा, शिक्षा पर सोनल रुंगटा, कृषि विषय पर अनिल शर्मा, उद्योग मामलो में केके झा और विकास कार्यों को लेकर मंत्री गजेंद्र यादव से सवाल किए जाएंगे।

### टोल बकाया तो ....

को लागू कर दिया है। इसके तहत जिन वाहनों पर टोल टैक्स का भुगतान बाकी होगा, उन्हें एक राज्य से दूसरे राज्य में ट्रांसफर करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र यानी एनओसी नहीं मिलेगा। इसके अलावा ऐसे वाहनों का फिटनेस सर्टिफिकेट भी रिन्यू नहीं किया जाएगा। कमर्शियल वाहनों के मामले में नियम और सख्त हैं, क्योंकि बकाया टोल होने पर उन्हें नेशनल परमिट जारी नहीं किया जाएगा।

### कोर्ट ने कहा-कसाब ....

अदालत को अपनी टिप्पणी में सावधानी बरतनी चाहिए, लेकिन क्या आपने अपनी मुवक्किल से पूछा है कि उन्होंने किस तरह की टिप्पणियां की हैं? क्या आपने उनका पॉडकास्ट सुना है? उन्होंने बिना सोचे-समझे सबके खिलाफ तरह-तरह की टिप्पणियां की हैं। क्या आपने उनके हाव-भाव देखे हैं? पीठ ने कहा कि अदालत की उदारता के कारण वह पूर्व केंद्रीय मंत्री के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू नहीं कर रही है। न्यायमूर्ति मेहता ने रामचंद्रन से पूछा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री के रूप में मेनका गांधी ने आवारा कुत्तों की समस्या को खत्म करने के लिए बजट में क्या आवंटन कराने में मदद की। रामचंद्रन ने जवाब दिया कि वह आतंकवादी अजमल कसाब की ओर से भी पेश हो चुके हैं और बजट आवंटन एक नीतिगत मामला है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने टिप्पणी की, अजमल कसाब ने अदालत की अवमानना नहीं की, लेकिन आपके मुवक्किल ने की है। पीठ ने कहा कि कुत्तों को खाना देने वालों को जवाबदेह ठहराने के संबंध में उसकी टिप्पणी व्यंग्यपूर्ण नहीं, बल्कि गंभीर थी, हालांकि यह मामले की सुनवाई के दौरान हुए संवाद के दौरान की गई थी।

**राज्यों को मुआवजा देने की बात की थी :** शीर्ष अदालत ने 13 जनवरी को कहा था कि वह राज्यों को कुत्ते के काटने की घटनाओं के लिए भारी मुआवजा देने को कहेगी। ऐसे मामलों के लिए कुत्तों को खाना देने वालों को जवाबदेह ठहराएगी। अदालत ने पिछले पांच वर्षों से आवारा पशुओं से संबंधित मानदंडों के लागू न होने पर भी चिंता जताई।

### बच्चे कलश लेकर ....

शामिल हुए थे। किन्तु महिलाओं द्वारा मुक्तिधाम में प्रवेश कर अंतिम संस्कार में विघ्न डालने की कोशिश की गई है। 17 जनवरी को महिला पिता की अस्थियां मुक्तिधाम में घुसकर चुराकर झोले में भरकर ले गई है। हिन्दू विधि अनुसार अस्थि को नदी में प्रवाहित करने देने से इंकार कर रही है। सीसीटीवी कैमरे में महिला अस्थि चोरी करते हुए दिखाई दे रही है।

## मनोज तिवारी के घर में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** भोजपुरी स्टार और सांसद मनोज तिवारी के घर में चोरी करने वाले शख्स की गिरफ्तारी हो चुकी है। पिछले 2 सालों में मनोज तिवारी के घर में चोरी की गई वारदातें हुईं। जिसमें अलग-अलग समय में कुल 5.40 लाख चोरी किए गए थे। अब गुरुवार यानी 15 जनवरी को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।


**कार्यालय नगर पालिक निगम जोन क्र 03 बिलासपुर (छ.ग.)**
**निविदा सूचना**

क्र.47/न.पा.नि./जोन क्र.03/2025-26 दिनांक 19/01/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु मैनुअल निविदा दिनांक 10/02/2026 को सायं काल 4:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 22 सामुदायिक भवन में अतिरिक्त सुविधाओं का विस्तार कार्य। | 5.15 | 3900 | 750 |

नगर निगम के विभागीय वेब साईट www.bilaspurnagarnigam.com से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता, जोन क्र.03
नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)
Green City, Clean City, Dream City.



**C⚡PDCL छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड** SAVE ENERGY
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) / (छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की उत्तरवर्ती कंपनी)
CIN U40108CT2003SGC015822, Email ID- EEONM.BHATAPARA@CSPC.CO.IN
GST Number of CSPDCL -22AADCC6047KIZR
कार्यालय कार्यपालन अभियंता (सं / सं.) संभाग भाटापारा

क्र./10-20/10-25/सामा./7182 **बिजली बंद की सूचना** भाटापारा, दिनांक 20/01/2026

एतद् द्वारा जन सामान्य को सूचित किया जाता है कि दिनांक 21.01.2026 दिन बुधवार को समय सुबह 11:00 बजे से शाम 03:00 बजे तक 220 के. व्ही. सुहेला सबस्टेशन पर 160 एम. व्ही.ए. पॉवर ट्रांसफार्मर क्रमांक – 02 के 132 के. व्ही. मेन बस से 132 के. व्ही. मेन बस आइसोलेटर के क्षतिग्रस्त R & B Phase Conductor के प्रतिस्थापन के कारण नीचे दर्शाये क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

| क्र. | 33/11 के.व्ही विद्युत लाइन का नाम | 33/11 के.व्ही से प्रभावित उपकेन्द्र |
|---|---|---|
| 1 | 33 केव्ही जरौद फीडर | 33/11 जरौद उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त 11 के.व्ही फीडर |
| 2 | 33 केव्ही सुहेला टाऊन फीडर | 33/11 के.व्ही सुहेला उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त 11 के.व्ही फीडर |
| 3 | 33 केव्ही हथबंद फीडर | 33/11 के.व्ही हथबंद उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त 11 के.व्ही फीडर |
| 4 | 33 केव्ही इण्डस्ट्रीयल फीडर | 33/11 के.व्ही जांगड़ा उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त 11 के.व्ही फीडर |
| 5 | 33 केव्ही पड़कीडीह फीडर | 33/11 के.व्ही पड़कीडीह उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त 11 के.व्ही फीडर |
| 6 | 33 केव्ही गाड़ाभाठा फीडर ( Idle) | - |

उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है एवं आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन संभाव्य है।

"स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें"
"समयावधि में देयक का भुगतान करे, लाईन विच्छेदन से बचें।"

कार्यपालन यंत्री (सं / सं.) संभाग
छ. स्टेट पा.डि.कं. लि. भाटापारा


## पेज एक के शेष

### गणतंत्र दिवस परेड अभ्यास में कई...

आज तक कभी ऐसा नहीं देखा कि हमारी सेना के प्लाटून्स हर्ष फायर में फेल हुए हो। यह एक एंटी नक्सल मूवमेंट वाले जवानों के लिए शर्मनाक है। उन्होंने कड़ी चेतावनी देते हुए सभी प्लाटूनों से आगे के परेड अभ्यास में सुधार करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने को कहा। बता दें कि 10 जनवरी से पुलिस परेड ग्राउंड पर सेना व पुलिस बल के जवान परेड अभ्यास कर रहे हैं। गणतंत्र दिवस परेड समारोह में महज पांच दिन शेष रह गए हैं। पिछले 10 दिनों में अभ्यास के बाद भी उत्कृष्ट परेड प्लाटून समारोह के सलामी के लिए दक्ष नहीं हो सके हैं। यही वजह रही कि एडीजी खासे नाराज हुए और उन्होंने जवानों को चेतावनी दी।

### फ्रांस की जिद, ट्रंप की धमकी...

सोमवार को सेंसेक्स में 324.17 अंक की कमजोरी आई थी जबकि निफ्टी 108.85 अंक गिरा था। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, बाजार में गिरावट का सिलसिला मंगलवार को भी जारी रहा। कमजोर वैश्विक संकेतों और व्यापक बिकवाली से बाजार धारणा कमजोर रही। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली और कमजोर रुपये से भी जोखिम लेने से परहेज देखा गया। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से इटर्नल में सबसे अधिक 4.02 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके बाद बजाज फाइनेंस का शेयर भी 3.88 प्रतिशत गिर गया।

### चौंका रही चाल, सोना 1.5 लाख के पार...

चांदी ने 20,400 रुपए के उछाल के साथ नया रिकॉर्ड बना दिया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने कहा कि सोना दिल्ली में 5,100 रुपए की बढ़त के साथ 1,53,200 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) पर पहुंच गया। इसके साथ ही सोने ने 1.5 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम का अहम मनोवैज्ञानिक स्तर भी पार कर लिया। सोना सोमवार को 1,48,100 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। चांदी की कीमतों ने भी स्थानीय सर्राफा बाजार में मजबूती दिखाते हुए नया उच्चतम स्तर छू लिया। सफेद धातु 20,400रुपए यानी लगभग सात प्रतिशत बढ़कर 3,23,000 रुपए प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) पर पहुंच गई। सोमवार को चांदी की कीमतों में 10,000 रुपए की तेजी देखी गई थी, जिससे यह तीन लाख रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर को पार कर गई थी। विदेशी बाजारों में भी सोना और चांदी की मांग में तेजी रही।

### सबरीमाला सोना चोरी में तीन...

कि 1998-1999 में चढ़ाया गया 30 किलो सोना, जिसे उद्योगपति विजय माल्या ने दान किया था। वही सोना अब चोरी और हेराफेरी के आरोपों के केंद्र में है। जांच में पता चला कि इसकी साल 2019 में कुल 42.8 किलो सोने की प्लेटेड मूर्तियां मरम्मत के लिए चेन्नई की एक निजी फर्म को दी गईं लेकिन जब ये मूर्तियां लौटीं, तो उनका वजन केवल 38.2 किलो पाया गया, यानी करीब 4.5 किलो सोना गायब था। इस मामले में अब तक 11 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

**जांच में मिले अन्य घोटोले के संकेत :** ईडी के अधिकारियों ने बताया कि जांच में सबरीमाला मंदिर में अन्य वित्तीय अनियमितताओं और घोटालों के संकेत भी मिले हैं, जिसमें मंदिर के चढ़ावे और अनुष्ठानों से संबंधित धन का घोटाला शामिल है। इसकी भी जांच की जा रही है। ईडी ने कहा कि यह जांच आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल सबूत जब्त करने और इसमें शामिल लोगों का पता लगाने की जा रही है।

### 10 राज्यों के सीएम के एक सुर...

नायडू ने कहा कि भारत पहले से ही दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और अगले दो-तीन वर्ष में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। फिर 2048 तक यह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बन जाएगा। उन्होंने 'इंडिया पैवेलियन' के उद्घाटन कार्यक्रम में कहा, हम दिग्गजों से प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। भारत एक सोई हुई ताकत है और अगर हम जाग गए तो 2047 तक नंबर एक बन जाएंगे। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि उनका राज्य नरेन्द्र मोदी सरकार की 'एक्ट ईस्ट' और अन्य नीतियों से अत्यधिक लाभान्वित हो रहा है। देश की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला राज्य बन गया है।

### केंद्रीय अफसरों की जांच कर सकती है...

की पूर्व अनुमति की आवश्यकता नहीं है। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने सोमवार को कहा कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अपराधों की जांच राज्य एजेंसी या केंद्रीय एजेंसी या किसी भी पुलिस एजेंसी द्वारा की जा सकती है, इस शर्त के साथ कि पुलिस अधिकारी एक विशेष रैंक का होना चाहिए। पीठ ने कहा कि इसका उल्लेख अधिनियम की धारा 17 में देखा जा सकता है। धारा 17 राज्य पुलिस या राज्य की किसी विशेष एजेंसी को केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ रिश्वतखोरी, भ्रष्टाचार और कदाचार से संबंधित मामलों को दर्ज या जांच करने से नहीं रोकती है।

**राजस्थान हाईकोर्ट का आदेश बरकरार :** कोर्ट ने कहा कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अपराध संज्ञेय होते हैं और इसलिए राज्य पुलिस द्वारा इनकी जांच की जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश राजस्थान उच्च न्यायालय के उस आदेश को बरकरार रखते हुए आया है, जिसमें केंद्र सरकार के एक कर्मचारी के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले को रद्द करने से इंकार कर दिया गया था। उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया था कि भले ही आरोपी केंद्रीय सरकारी कर्मचारी था, फिर भी राजस्थान एसीबी (भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो) को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत आपराधिक मामला दर्ज करने का अधिकार था। शीर्ष अदालत ने कहा, उच्च न्यायालय ने यह कहते हुए सही दृष्टिकोण अपनाया कि यह कहना गलत है कि केवल सीबीआई ही अभियोजन शुरू कर सकती है।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**विविध कार्य हेतु ई-निविदा सूचना**

क्र.सं. (1) ई-निविदा संख्याः- डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-181-25-26, दिनांकः 15.01.2026

**कार्यः** वरिष्ठ मंडल अभियंता/मध्य/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत धुटकू ब्लास्ट साइडिंग में जल निकासी में सुधार के लिए अप्रोच छोर पर आर.सी.सी बॉक्स ब्रिज का निर्माण एवं ब्रिज संख्या 36 के अप में टो वॉल का प्रावधान, भनवारटंक से खोडरी सेक्सन के बीच अप एवं डाउन लाइन के छोटे पुलों (49ए अप, 49ए डाउन, 50के अप, 50के डाउन, 50ए अप, 56ए अप, 56बी अप और 56के डाउन) के अप्रोचेज पर बोल्डर गिरने से रोकने के लिए किमी 797/30-798/03 और किमी 800/1-5 एवं किमी 800/11-17 के किमी के बीच कटिंग का चौड़ीकरण।

**निविदा मूल्य (रू.):** 14,54,58,166.28/-, **अमानत राशि (रू.):** 8,77,300.00/-, **कार्य पूर्णता की अवधिः** 18 माह, **निविदा जमा की आरंभ तिथिः-** दिनांकः 26.01.2026 के 11.00 बजे से। **निविदा जमा की अंतिम तिथिः-** दिनांकः 09.02.2026 के 11:00 बजे तक।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)
सीपीआर/10/632 द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail



**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर**
**मामले की श्रेणी : राजस्व**
संदर्भः- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं.-00072 डूंडा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक - RD202526440726700044

**ईश्तहार**

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00072 के अंतर्गत ग्राम डूंडा के वर्तमान भूमिस्वामी **श्रीमति मीरा वासवानी पिता/पति - पति रमेश कुमार वासवानी पता - सा. सेक्टर-2 देवेन्द्र नगर** के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 6/82 (0.0460) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता **रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर पिता/पति - पता - भक्त माता कर्मा व्यावसायिक परिसर न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर छ.ग.** के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06.02.2026 को **समय सुबह 11 बजे** स्थान न्यायालय **न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर** पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15/01/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदारः
Prakash Soni
रायपुर (छ.ग.)







## राशिफल

**मेष** – वाणी में कठोरता के भाव रहेगा, संचित धन में कमी आ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**वृष** – धैर्यशीलता में कमी आ सकती है, अपनी भावनाओं को वश में रखें। पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।

**मिथुन** – माता से धन की प्राप्ती हो सकती है। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, आय में वृद्धि होगी।

**कर्क** – आत्मवश्विास में वृद्धि होगी, कुटुंब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उच्च शिक्षा एवं शोध आदि कार्यों के लिए विदेश प्रवास की संभावना बन रही है।

**सिंह** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे, संतान सुख में वृद्धि होगी। आय में कमी व खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है।

**कन्या** – स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है, परंतु आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कार्यों के प्रति जोश व उत्साह रहेगा।पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं।

**तुला** – वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि की ओर रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** – शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों से यश व मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जीवन साथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।

**धनु** – कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, संतान को कष्ट रहेगा। आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कला व संगीत के प्रति रूझान बढ़ेगा।

**मकर** – कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वस्त्रों व गहनों के प्रति रूझान रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कुंभ** – कुटुंब की किसी महिला से धन प्राप्ती के योग बन रहे हैं, भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। बातचीत में संयत रहें, वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे।

**मीन** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी, किसी मत्रि के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में मान-सम्मान बढ़ेगा।

## शब्द पहेली - 6115



**बाएँ से दाएँ**
1.उथल-पुथल, कोलाहल-4
5.अस्पताल-4
8.पक्षाघात-3
9.मिट्टी, धूल-2
11.पुष्प, फूल, सुमन-3
12.बुरे कार्य करनेवाला-4
14.जादू, तंत्र-मंत्र-2
15.सौत, सपत्नी-3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा-2
19.नगर में रहनेवाले-5
22.गणपति, गणेश-5
25.बागवान-2
26.जुदा, पृथक्-3
27.जी, इच्छा-2
28.पहरेदार-4
30.सिसकना-3
31.रहस्य-2
33.सोना, धतूरा-3
35.हृदयगति, स्पंदन-4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री-2,2

**ऊपर से नीचे**
2.उद्देश्य, गंतव्य-2
3.राम-सीता के पुत्र-2,2
4.टालना-2,3
5.स्याही रखने का पात्र-3
6.क्षार-2
7.सुंदरी (उर्दू-4)
10.जबरदस्ती-4
13.होशियार-3
16.पुत्र, बेटा-3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना-2
18.जान, जीवन-2
20.जहर, विष-3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद-2
22.छोटा रास्ता, कूचा-2
23.अपवित्रता (उर्दू-3)
24.पक्षियों का शोर-4
25.मानसिक सोच-5
26.गुनाह, जुर्म-4
28.रखवाली करना-4
29.मुर्गा-3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है-2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-2

**शब्द पहेली- 6114 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | त | था | क | थि | त | ■ | क | या | म | त |
| ना | प | ■ | ह | ■ | र | का | बी | ■ | त | र |
| मु | ■ | त | वा | य | फ | ■ | ला | वा | ■ | खा |
| ना | पा | क | ■ | ■ | दा | नी | ■ | दा | म | न |
| सि | ■ | दी | ■ | प | र | ■ | सा | ■ | हि | ■ |
| ब | ह | र | हा | ल | ■ | नि | रा | ला | प | न |
| ■ | र | ■ | नि | ■ | आ | शा | ■ | ज | ■ | ज |
| अ | म | र | ■ | अ | तं | ■ | ■ | वा | न | र |
| मा | ■ | मा | न | ■ | क | र | त | ब | ■ | बं |
| न | या | ■ | ज | ल | वा | ■ | ना | ■ | क | द |
| त | क | दी | र | ■ | द | शा | व | ता | र | ■ |

## सूडोकु नवताल - 6125

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6124 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

## तमिलनाडु विधानसभा में हाई वोल्टेज ड्रामा

# गवर्नर का बिना स्पीच दिए विधानसभा से वॉकआउट

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

### राष्ट्र गान के अपमान का आरोप
### स्टालिन बोले- ये असेंबली की बेइज्जती



तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि मंगलवार को विधानसभा में अपना उद्घाटन भाषण देने से पहले ही बाहर चले गए। उन्होंने राष्ट्रगान के प्रति अनादर की भावना व्यक्त करते हुए निराशा जताई। उन्होंने यह भी दावा किया कि कार्यवाही के दौरान उनका माइक्रोफोन बंद कर दिया गया था। राज्यपाल ने कहा कि मैं निराश हूं। राष्ट्रगान को उचित सम्मान नहीं दिया गया। उन्होंने आगे कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि उनके भाषण में बाधा डाली गई। वहीं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने राज्यपाल आर.एन. रवि पर सदन का अपमान करने का आरोप लगाया है। विधानसभा के पहले सत्र के उद्घाटन दिवस पर विधानसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राज्यपाल आरएन रवि औपचारिक संबोधन दिए बिना विधानसभा से बाहर चले गए, यह सदन का अपमान है। मुख्यमंत्री और डीएमके पार्टी के नेता एम.के. स्टालिन ने कहा कि राज्यपाल का यह कदम सदन का अपमान है और विधानसभा के प्रोटोकॉल के खिलाफ है। इसके बाद तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने एक प्रस्ताव पेश किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा इस बात को स्वीकार नहीं करती कि राज्यपाल राज्य सरकार द्वारा तैयार किए गए पारंपरिक भाषण को पढ़े बिना विधानसभा से बाहर चले जाते हैं। विधानसभा राज्यपाल के अंग्रेजी भाषण को, विधायकों के सिस्टम में अपलोड होने के बाद, दिया गया भाषण मानती है और विधानसभा की कार्यवाही में इसे इसी रूप में दर्ज किया जाएगा।

### तीन सालों से विवाद

सुबह राज्यपाल आर एन रवि सदन को संबोधित करने पहुंचे, इस दौरान कई राजनीतिक दलों के नेता भी उपस्थित थे। राज्यपाल ने मांग की कि तमिल राष्ट्रगान के बाद राष्ट्रगान बजाया जाए, और जब अध्यक्ष अप्पावु ने इनकार कर दिया, तो वे उद्घाटन भाषण पढ़े बिना ही सदन से बाहर चले गए। पिछले दो वर्षों से पारंपरिक भाषण न देने के बाद यह तीसरी बार है जब उन्होंने सदन से वॉकआउट किया है। वर्ष 2024 और 2025 में भी राज्यपाल ने विधानसभा को संबोधित नहीं किया। पिछले वर्ष, उन्होंने विधानसभा से वॉकआउट किया था क्योंकि उनके भाषण की शुरुआत में राष्ट्रगान नहीं बजाया गया था।

### एआईएडीएमके ने किया वॉकआउट

इस बीच, तमिलनाडु में बिगड़ती कानून व्यवस्था का हवाला देते हुए विपक्षी एआईएडीएमके ने विधानसभा से वॉकआउट किया और सत्ताधारी डीएमके के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। स्टालिन ने कहा कि राज्यपाल का यह कदम 100 साल पुरानी विधानसभा का अपमान है। मैं सीएन अन्नादुरई के उस कथन को याद करना चाहूंगा जो उन्होंने इससे पहले कहा था कि बकरी को दाढ़ी की क्या जरूरत है, और राज्य को राज्यपाल की क्या जरूरत है?

### तमिल भावनाओं को आहत करने का आरोप

सीएम ने कहा कि अन्नादुराई और कलाइग्नर एम. करुणानिधि, दोनों ने ही पूर्व मुख्यमंत्री रहते हुए कभी राज्यपाल के पद का अपमान नहीं किया। मेरे विधायकों और मैंने भी उन्हीं के पदचिह्नों का अनुसरण किया है। राज्यपाल के विरुद्ध कभी कोई विरोध नहीं किया। हालांकि, राज्यपाल का वर्तमान और पूर्व कृत्य निंदनीय है। तमिलनाडु विधानसभा करोड़ों तमिलों की भावनाओं को प्रतिबिंबित करती है।

## बर्फीले तूफान की वजह से हादसा, 30 से ज्यादा ट्रक फंसे

# अमेरिका में 100 से ज्यादा गाड़ियां टकराईं



*वाशिंगटन। अमेरिका के मिशिगन राज्य में बर्फीले तूफान की वजह से बड़ा सड़क हादसा हुआ है। सोमवार को एक इंटरस्टेट हाईवे पर 100 से ज्यादा गाड़ियां आपस में टकरा गईं। कई गाड़ियां सड़क से फिसल गईं। फॉक्स न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक 30 से ज्यादा सेमी-ट्रेलर ट्रक फंसे हुए हैं। हादसे के बाद पुलिस को हाईवे के दोनों तरफ का ट्रैफिक बंद करना पड़ा। यह दुर्घटना मिशिगन के ग्रैंड रैपिड्स शहर के दक्षिण-पश्चिम में इंटरस्टेट 196 पर हुई। मिशिगन स्टेट पुलिस के मुताबिक, हादसे में कई लोग घायल हुए हैं, लेकिन अब तक किसी की मौत की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस ने बताया कि फंसे हुए वाहनों को हटाने के लिए राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया।*

## कर्नाटक के डीजीपी रामचंद्र राव को केंद्र ने किया सस्पेंड

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के डीजीपी के रामचंद्र राव पर सख्त एक्शन लेते हुए उन्हें सस्पेंड कर दिया गया है। उनके कई अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिसमें वो महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में नजर आ रहे थे। रामचंद्र ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। उनका कहना है कि उन्हें फंसाया जा रहा है। ये पूरी तरह से मनगढ़ंत है और ये वीडियो पूरी तरह से फेक है। वीडियो कांड के बाद रामचंद्र कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर से भी मिलने पहुंचे थे, मगर दोनों की मुलाकात नहीं हो सकी।

## आतंकियों के लिए मैगी और बासमती चावल, कई महीने का इंतजाम

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में किश्तवाड़ जिले के ऊपरी इलाकों में आतंकवादियों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान जारी है। तीसरे दिन मंगलवार को सुरक्षा बलों ने कई लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। चतरू क्षेत्र के मन्द्राल-सिंहपुरा के पास सोनार गांव में रविवार को अभियान शुरू किया गया था। इस बीच, मुठभेड़ में एक पैराट्रूपर शहीद हो गया और छिपे हुए आतंकवादियों की ओर से अचानक किए गए ग्रेनेड हमले से 7 अन्य घायल हो गए। आतंकवादी घने जंगल में भाग गए, लेकिन खाने-पीने की चीजें, कंबल और बर्तनों सहित बड़ी मात्रा में सर्दियों के सामान से भरे उनके ठिकाने का भंडाफोड़ किया गया है।

# सोशल मीडिया पर कनाडा ग्रीनलैंड और वेनेजुएला को अमेरिका का हिस्सा बताया

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

■ ट्रंप ने नाटो चीफ को किया फोन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूट को साफ तौर पर बताया कि ग्रीनलैंड अमेरिका की राष्ट्रीय और वैश्विक सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि दुनिया में शांति ताकत के जरिए ही कायम की जा सकती है और अमेरिका दुनिया का सबसे ताकतवर देश है।

ट्रंप ने सोमवार को नाटो चीफ मार्क रूट से फोन पर बात की। बातचीत में ग्रीनलैंड के मुद्दे पर स्विट्जरलैंड के दावोस बैठक बुलाने का फैसला लिया गया। हालांकि उन्होंने बैठक की तारीख नहीं बताई। ट्रंप ने रूट को साफ तौर पर बताया कि ग्रीनलैंड अमेरिका की राष्ट्रीय और वैश्विक सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि दुनिया में शांति ताकत के जरिए ही कायम की जा सकती है और अमेरिका दुनिया का सबसे ताकतवर देश है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया 'ट्रुथ सोशल' पर एक मैप भी शेयर किया, जिसमें कनाडा, ग्रीनलैंड और वेनेजुएला को अमेरिका का हिस्सा दिखाया गया।

# 'एआई' के प्रभावी उपयोग हेतु समन्वय स्थापित हो : हरिवंश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

■ भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन

राज्य सभा के उपसभापति, हरिवंश ने मंगलवार को लखनऊ में 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन (एआईपीओसी) के पूर्ण अधिवेशन में भाषण दिया। विभिन्न राज्यों से आए पीठासीन अधिकारियों को संबोधित करते हुए, उन्होंने विधान मंडलों की कार्यकुशलता में वृद्धि करने में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की भूमिका पर बल दिया, साथ ही इस तकनीक को उपयुक्त एवं विश्वसनीय बनाने के लिए अपेक्षित विभिन्न कदमों का भी उल्लेख किया। संसद में एआई के व्यावहारिक उपयोग एवं इसके क्रियान्वयन के विभिन्न तरीकों को रेखांकित करते हुए, उन्होंने संसद और राज्य विधान मंडलों के बीच अधिक समन्वय किये जाने की आवश्यकता पर बल दिया, जिससे विधान मंडलों के संस्थागत ज्ञान का उपयोग संसद तथा राज्य विधान सभाओं—दोनों के द्वारा प्रभावी रूप से किया जा सके।

# असम की 'बागुरुम्बा ध्वू नृत्य' को मिली वैश्विक पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

■ पीएम मोदी की पहल रंग लाई

असम की पारंपरिक जनजातीय पहचान से जुड़ा 'बागुरुम्बा ध्वू नृत्य' आज वैश्विक मंच पर पूरी धमक के साथ अपनी मौजूदगी दर्ज करा चुका है। इस सांस्कृतिक पुनर्जागरण के केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वह पहल है, जिसने स्थानीय लोकनृत्य को डिजिटल माध्यमों के ज़रिये अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई। पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल के जरिये इस नृत्य को जैसे ही साझा किया नेटीजन ने हाथों हाथ लिया। नृत्य के बारे में जानने समझने ऑनलाइन ट्रैफिक की बाढ़ आ गई। डिजिटल आंकड़े इस बदलाव की कहानी खुद बयां करते हैं। गूगल पर 'बागुरुम्बा डांस' के लिए वैश्विक खोज रुचि पिछले 20 वर्षों में अपने सर्वोच्च स्तर पर पहुँच गई है। यह संकेत है कि दुनिया भर के लोग अब असम की इस अनूठी सांस्कृतिक विरासत को जानने-समझने में दिलचस्पी ले रहे हैं।

### क्या है बागुरुम्बा ध्वू नृत्य

बागुरुम्बा ध्वू नृत्य असम के बोड़ो समुदाय की पहचान है। इसे आमतौर पर बागुरुम्बा उत्सव के दौरान प्रस्तुत किया जाता है। पारंपरिक पोशाक, कोमल शारीरिक मुद्राएं, और प्रकृति से जुड़ी भाव-भंगिमाएं इस नृत्य को विशिष्ट बनाती हैं। यह नृत्य स्त्री शक्ति, सामुदायिक एकता और प्रकृति के साथ सहअस्तित्व का प्रतीक है।


epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

**Appointment आवश्यकता**

**सुरक्षागार्ड**

अतिशीघ्र आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड वेतन 13000/- सुपरवाइजर वेतन 15000/- फील्ड अधिकारी वेतन 15000/- आवास मुफ्त, योग्यतानुसार वेतन संपर्क:- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय:- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7747000016, 7746000016, 7746000019. (RO-348)

**होटल कर्मी**

आवश्यकता है- होटल कार्य (महिला/ पुरुष) पोस्ट - कुक/ शेफ, किचन स्टाफ, सुपरवाइजर, मैनेजर, रिसेप्शनिस्ट, सफाई कर्मचारी, वेटर, कप्तान जानकार को प्राथमिकता। संपर्क -होटल अपना केशरी ,होटल शिव-प्रभा , पावर हाऊस भिलाई, मो.-98932-15251, 89669-81590.(आरो न.-215)

**हेल्पर**

आवश्यकता है- जॉब वैकेंसी होलसेल मेडिकल शॉप, महावीर नगर, रायपुर में कार्य हेतु 4 हेल्पर लड़कों की आवश्यकता है*ऑफिस टाइम सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक संडे छुट्टी सेलेरी 9 हजार *संपर्क - 8344890000* सुबह 10 बजे के बाद संपर्क करें(RO-139)

**दुकान/गोडाऊन कार्य**

आवश्यकता है- हार्डवेयर दुकान / गोडाउन के लिए लड़कों की आवश्यकता है , 5वीं पास, अकाउंट्स/कंप्यूटर जानने वाले भी अप्लाई करें। बॉम्बे मार्केट, राज टॉकीज के सामने। संपर्क करें: 9302702087.(RO-4068)

**ऑपरेटर**

आवश्यकता है- कंपनी में हाईवा और जेसीबी चलाने हेतु ऑपरेटर चाहिए। 12 घंटा ड्यूटी रहेगा। उरला बोरझड़ा रायपुर सम्पर्क करे:- 8319355496.(RO-484)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य एवं टेलीकॉलिंग हेतु अविवाहित उत्साही लड़को की आवश्यकता है, उम्र 18-28, वेतन 10,000/- +कमीशन +बोनस, ट्रेनिंग के पश्चात कमाये 15-20 हजार प्रतिमाह, रहना फ्री संपर्क:- 7870192397, 7796880121.(RO-455)

आवश्यकता है- टेलीकॉलिंग ऑफिस कार्य हेतु लड़की एवं महिलाओं की आवश्यकता है। सैलरी 7000+ कमीशन+ वीकली बोनस से कमाए 15,000 से 20,000 पता- इंद्रावती कालोनी राजा तालाब रायपुर Mob. 9179348439.(RO-485)

**गार्ड/सुपरवाइजर**

आवश्यकता है- रायपुर, बलौदाबाजार, जांजगीरचांपा, कोरबा, रायगढ़ हेतु वेल्डर, कटरफिटर, गार्ड, इलेक्ट्रीशियन, हेल्पर, कम्पयूटर ऑपरेटर, ड्राइवर, चपरासी स्टोरकीपर, सुपरवाईजर 5वीं-ग्रेजुएट वेतन 11000 से 30000 रहना फ्री नया पता- बस स्टैण्ड बिलासपुर 7898973405. (RO-39659)

**सेल्समैन/ड्रायवर**

आवश्यकता है- चायपत्ती के मार्केटिंग कार्य हेतु सेल्समेन जो बाहर रह सके एवं ड्राइवर की आवश्यकता है संपर्क करें जैन ट्रेडर्स नियर SBI ATM के सामने गली आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर छत्तीसगढ़ - 74699-80000, 0771-4075490.(RO-6539)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- ड्राइवर की आवश्यकता है लोकल आदमी को प्राथमिकता थोड़ा पढ़ा लिखा होना चाहिए लाइसेंस पुराना होना चाहिए रायपुर लोकल चलना है एंड्राइड मोबाइल हो संपर्क मो. 831925 4400, 9329 578 999 तेलीबांधा रायपुर (RO-136)

आवश्यकता है- ड्राइवर चाहिए- स्कूल बस चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवर (हैवी लाइसेंस) की शीघ्र आवश्यकता है। सम्पर्क करें- शिवोम विद्यापीठ, सांकरा, रायपुर। मो.- 9109126445.(RO-192)

हरिभूमि क्लासीफाईड

आवश्यकता है- ऑटोमेटिक कार चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। 35 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है । ड्यूटी टाईम प्रतिदिन सुबह 9 से रात 9 बजे तक , रविवार ड्यूटी टाईम सुबह 9 से दोपहर 3:00 बजे तक (सूचना :- जेसीबी, हाइड्रा, आदि जैसी गाड़ी चलाने वाले संपर्क ना करें ) सैलरी 25,000/-प्रतिमाह । रहने, खाने-पीने, बाइक, पेट्रोल की व्यवस्था नहीं दी जाएगी । जो तत्काल जॉइन कर सके वही संपर्क करें, बेवजह कॉल ना करें । पता - सिविल लाईन्स, रायपुर, कॉल करने का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संपर्क :- 9644720222.(RO-22)

**एकाउंटेंट/फील्ड वर्क**

आवश्यकता है- फाफाडीह/जेल रोड में अनुभवी एकाउंटेंट और ऑफिस, फील्ड व अन्य सभी कार्यों हेतु अनुभवी ऑफिस स्टाफ चाहिए। बीड़ी-सिगरेट/शराब-गुटखा आदि निषेध। 9300593000. (RO-7240)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- हार्डवेयर नट-बोल्ट दुकान में काम हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता। योग्यता – पाँचवी / बारहवीं वेतन – 14,500/- से योग्यता अनुसार कार्य स्थान – बॉम्बे मार्केट, राज टॉकीज के सामने, रायपुर (छ.ग.) कॉलिंग समय – सुबह 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक मो. 9827911777.(RO-4066)

**गार्ड/सुपरवाइजर**

आवश्यकता है- श्री वासु लॉजिस्टिक लिमिटेड के गोडाउन में काम करने के लिए सिक्योरिटी गार्ड की आवश्यकता है। इंटरव्यू सुबह 10 से 12 बजे तक वासु लॉजिस्टिक तेंदुआ रिंगरोड न.-4, रायपुर। संपर्क:- 7000681512, 7828901615.(RO-483)

आवश्यकता है- सुरक्षा-कर्मी रसमड़ा, जोरातराई हेतू सुरक्षा गार्ड /सुपरवाइजर की आवश्यकता है सेलरी 12500/-ग्रॉस एवं 11000/- नेट पी.एफ मेडीकल की सुविधा एवं रहने की सुविधा- MO.-8871229000, 7909857240.(आरो-4133)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**प्लेट मैन/फिडर**

आवश्यकता है- मल्टीकलर ऑफसेट प्रिंटिंग मशीन (कमोरी) में काम करने के लिए प्लेट मैन एवं फिडर मैन की आवश्यकता है। सम्पर्क - 9340739151 (वेतन योग्यतानुसार) पता : आमानाका, रायपुर (छ.ग.) (RO-135)

**मैनेजर**

Requirment- Playzone–Raipur (C.G.), Playzone Manager, Teachers/Activity Facilitators, Support Staff Eligibility- Graduate/Freshers can apply Work Profile, Activity & workshop planning- Hobby classes, Parent interaction, Daily operations Salary: Negotiable Send CV on: WhatsApp: 7777805162. Email: connect@tumble-tales.co.in (RO-4701)

**डाटा ऑपरेटर**

आवश्यकता है- COMPUTER DATA ENTRY OPERATOR FOR ACCOUNTS LADIES PREFERRED CONTACT: HAMARA PETROL PUMP, DURG RAVI- 7879665758.(आरो-10351)

**अकाउंटेंट**

आवश्यकता है- अकाउंटेंट चाहिए जिसको जीएसटी एवं टैलीप्राइम अनुभव हो संपर्क करें राजा स्टील ट्रेडर्स कृष्णा टॉकीज रोड रिसाली भिलाई बायोडाटा व्हाट्सएप करें 98261380 80.(आरो न.-213)

**सुपरवाइजर/ऑपरेटर**

आवश्यकता है- सुरक्षागार्ड, गनमैन, सुपरवाइजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, फील्ड ऑफिसर कामवाली बाई। वेतन योग्यता अनुसार आवास फ्री। पता- श्रीसांई सिक्युरिटी सर्विस, सांई निवास कॉम्प्लेक्स, जेजे हॉस्पिटल के बाजू में तोरवा बिलासपुर 9301186703, 8253010291.(RO-39669)

**स्टोर मैनेजर**

WANTED- Store Manager Sales Executive For Premium Luxury Designer Store Eligibility Graduate-Fashion / Design/Sales & Customer Handling with retail background Location- Choubey Colony Salary-negotiable Mail or WhatsApp 7777805165. support@raahe.in (RO-4900)

**फील्ड वर्क**

आवश्यकता है- यूनिटी कंस्ट्रक्शन वेलूवर फील्ड वर्क हेतु पुरूष उम्मीदवार की आवश्यकता है। अनुभव फ्रेशर (नए) उम्मीदवार आवेदन कर सकते है। उम्र 19से 40वर्ष संपर्क करें:-75584-94487.(आरो न.-212)

**मार्केटिंग/गार्ड**

आवश्यकता है- औद्योगिक क्षेत्र हेतु मार्केटिंग ऑफिसर, यूनिट सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, लेडीस गार्ड, कंप्यूटर ऑपरेटर योग्यता आठवीं से स्नातक वेतन 10000- 20000 सुविधा ईपीएफ, आवास, कैंटीन संपर्क:- भारती सिक्योरिटी सर्विस कैपिटल प्लाजा चतुर्थतल- 411, लालपुर रायपुर 9302390554, 9343809026.(RO-487)

**इलेक्ट्रीशियन/लेबर**

आवश्यकता है- विज्ञापन एजेंसी में बिलासपुर हेतु (1) डिजाइनर- 1 पद (कोरलड्रॉ, इलस्ट्रेटर, फाटोशॉप अनुभवी) सिर्फ डिजाइनर हेतु सम्पर्क करें- 9644004112 एवं इलेक्ट्रीशियन, सुपरवाईजर, ड्राईवर, फ्लैक्स माउंटिंग लेबर कार्य हेतु 10 लडके, लड़कियां चाहिए अन्य पद हेतु सम्पर्क करें- 6264550163, 9685542250 इंटरव्यू- दोपहर 2 से 4बजे पता- सी15, ग्राउंड फ्लोर, नारायण प्लाजा, बिलासपुर (RO-39702)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**आया/गार्ड/कुक**

आवश्यकता है- संतोषी नगर में संचालित स्कूल के लिए ड्राइवर,गार्ड,आया बाई, कंप्यूटर हार्डवेयर तकनीशियन एवं कुक की आवश्यकता है। वाट्स आप करे या संपर्क करे 9425214413, 9300253335.(RO-meeth)

**For Rent किराया**

किराये से उपलब्ध है- गोदाम (Godown) / स्टोरेज हाउस किराये पर उपलब्ध है: व्यापारी, थोक विक्रेता, किराना / FMCG स्टॉक, औद्योगिक सामग्री, किसी भी प्रकार का सूखा माल सुविधाएँ: सुरक्षित और अच्छी लोकेशन माल चढ़ाने-उतारने की आसान सुविधा अच्छा वेंटिलेशन बिजली और पानी की सुविधा टेम्पो आने-जाने की सुविधा स्थान: चुनाभट्टी , लाखेनगर, रायपुर क्षेत्रफल: 1000 वर्ग फुट संपर्क करें: 7869433600.(RO-A)

किराये से देना है- किराया शहर के हृदय स्थल पुराना बस स्टैण्ड, टेलीफोन एक्सचेंज रोड, कपड़ा मार्केट रोड बिलासपुर में 12×45 की शानदार दुकान किराए से देना है सम्पर्क करें- 9827478774. (RO-39687)

**Available उपलब्ध**

PRODUCT AVAILABLE - Get The Real Taste Of Kerala Snacks & Spices In Cheap rate In The Iron Melting City. Contact -J.R. TRADERS, Bhilai (Ruabandha)- Borsi Colony Road, Near Borsi Railway Gate, Borsi Bhata, Mob.- 9179883365, 9301811379 (RO-214)

हरिभूमि क्लासीफाईड

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

**CLASSIFIED RATE CARD** — 01 अप्रैल 2025 से लागू — हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

SCHEME
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.

COLOUR 20% Extra Charge For Disply

5% GST For All Ad

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /-1 Sunday | 800 /-1 Sunday |
| 900 /-2 Sunday | 1200 /-2 Sunday |
| 1200/-3 Sunday | 1500/-3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| | | | |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |


CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वादों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

**Healthcare**

गुप्त रोगी स्वयं मिले



शादी से घबराहट गुप्त रोग
■ शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
■ शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
■ लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन
■ लिंग में टेढ़ापन
■ वीर्य में शुक्राणु की कमी
■ बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
■ पेशाब में धातु जाना
■ शुगर से सेक्स मे आई हुई कमजोरी

संपर्क जे.जे. अहमद दवाखाना
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने बस स्टेण्ड, भिलाई
प्रतिदिन - सोम से शनि समय - 9 बजे से 5 बजे तक
रविवार - 9 बजे से 2 बजे तक
9098889899

# टाटा लाई इलेक्ट्रिक व डीजल श्रेणियों में 17 ट्रकों का पोर्टफोलियो

## वृद्धि रफ्तार कायम रखने नई श्रृंखला से उम्मीदें: सीईओ

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

जीएसटी दरों में कटौती के बाद वाणिज्यिक वाहनों की मांग में आई तेजी का लाभ उठाने के मकसद से टाटा मोटर्स लिमिटेड इलेक्ट्रिक और डीजल इंजन दोनों श्रेणियों में 17 ट्रकों का नया पोर्टफोलियो लेकर आई है। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी गिरीश वाघ ने मंगलवार को यह जानकारी दी। टाटा समूह की वाणिज्यिक वाहन कंपनी टाटा मोटर्स लिमिटेड के प्रमुख ने कहा कि कंपनी अब इलेक्ट्रिक ट्रकों को अधिक वहन क्षमता के साथ पेश कर इस खंड में भी अपना विस्तार कर रही है। इलेक्ट्रिक ट्रकों के बारे में वाघ ने कहा कि सात टन से लेकर 55 टन तक की क्षमता वाले टाटा ट्रक्स डॉट ईवी पिछले कुछ वर्षों में ग्राहकों के साथ मिलकर विकसित किए गए हैं और अब तक 3.5 लाख किलोमीटर से अधिक का परीक्षण पूरा कर चुके हैं।



### आई-मोएव इलेक्ट्रिक ट्रक भी शामिल

सीईओ ने कहा कि कंपनी इस सकारात्मक रुझान का फायदा उठाने के लिए अगली पीढ़ी के 17 ट्रकों की नई श्रृंखला पेश कर रही है, जिसमें 'आई-मोएव' (इंटेलिजेंट मॉड्यूलर इलेक्ट्रिक व्हीकल) संरचना पर आधारित इलेक्ट्रिक ट्रक भी शामिल हैं। कंपनी कम दूरी वाले इलेक्ट्रिक आपूर्ति खंड में पहले से मौजूद है और अब भारी श्रेणी के इलेक्ट्रिक ट्रकों की तरफ अपना विस्तार कर रही है।

### नई डीजल श्रृंखला अजुरा पेश

वाघ ने कहा कि ये इलेक्ट्रिक ट्रक इस्पात, सीमेंट, रसायन, ई-कॉमर्स और वाहन कलपुर्जा जैसे क्षेत्रों को चरणबद्ध तरीके से अपने लॉजिस्टिक आधार को कार्बन-मुक्त करने में मदद करेंगे। इसके साथ ही कंपनी ने मध्यम एवं हल्के वाणिज्यिक वाहन खंड में नई डीजल इंजन श्रृंखला 'अजुरा' को भी पेश किया जो ग्राहकों को अधिक भार-वहन क्षमता, बेहतर ईंधन दक्षता और उन्नत सुरक्षा के जरिये बेहतर लाभप्रदता प्रदान करेगी। कंपनी ने तीसरी तिमाही में 1,15,577 वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री की जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 95,770 इकाइयों से 21 प्रतिशत अधिक है इसके साथ ही टाटा मोटर्स की वाणिज्यिक वाहन बाजार में कुल हिस्सेदारी बढ़कर 35.7 प्रतिशत हो गई।

## स्विगी की विस्तार की अभी कोई योजना नहीं

**दावोस।** खाद्य व पेय पदार्थ की आपूर्ति करने वाले ऑनलाइन मंच स्विगी के 'फूड मार्केटप्लेस' के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रोहित कपूर ने कहा कि कंपनी ने अभी तक भारत में 85-90 प्रतिशत बाजार का दोहन नहीं किया है और घरेलू बाजार में मौजूद अपार संभावनाओं को देखते हुए, अभी वैश्विक विस्तार की कोई योजना नहीं है। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक से इतर 'पीटीआई-भाषा' के साथ बातचीत में कपूर ने कहा कि भारत में अब भी बदलाव की काफी संभावनाएं हैं और फिलहाल वैश्विक विस्तार की कोई योजना नहीं है। उन्होंने कहा कि अवसर न केवल खाद्य क्षेत्र में हैं बल्कि देश भर के कई अन्य व्यवसायों में भी मौजूद हैं।

# चीनी उत्पादन जनवरी के मध्य तक 22 फीसदी बढ़ा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- सालाना आधार पर बढ़कर 1.59 करोड़ टन हुआ : इस्मा

गन्ने की अधिक आपूर्ति और बेहतर पैदावार के चलते भारत का चीनी उत्पादन 2025-26 सत्र में 15 जनवरी तक सालाना आधार पर 22 प्रतिशत बढ़कर 1.59 करोड़ टन हो गया है। उद्योग संगठन इस्मा ने मंगलवार को यह जानकारी दी। भारतीय चीनी एवं बायो-ऊर्जा विनिर्माता संघ (इस्मा) ने एक बयान में कहा कि पिछले साल इसी अवधि में उत्पादन 1.3 करोड़ टन था। इस साल 15 जनवरी तक लगभग 518 चीनी मिलें चालू थीं, जबकि एक साल पहले यह संख्या 500 थी। देश में चीनी का सत्र अक्टूबर से सितंबर तक चलता है। सबसे बड़े उत्पादक राज्य महाराष्ट्र में उत्पादन सालाना आधार पर 42.7 लाख टन से 51 प्रतिशत बढ़कर 64.5 लाख टन हो गया। उत्तर प्रदेश में उत्पादन 42.8 लाख टन से बढ़कर 46 लाख टन हो गया। कर्नाटक का उत्पादन सालाना आधार पर 27.5 लाख टन से बढ़कर 31 लाख टन हो गया। इस्मा ने कहा, ''गन्ने की पर्याप्त उपलब्धता, बेहतर पैदावार और प्रमुख उत्पादक क्षेत्रों में सुचारू कामकाज के कारण 2025-26 के सत्र में भारत के चीनी क्षेत्र ने अब तक स्थिर प्रगति की है।'' हालांकि, उद्योग निकाय ने चेतावनी दी कि गन्ने की बढ़ती कीमतों और चीनी की कीमतों में गिरावट से मिलों की वित्तीय स्थिति खराब हो रही है और किसानों को गन्ने के भुगतान में देरी हो रही है।

### कीमतें गिरकर 3,550 रुपए प्रति क्विंटल पर आई

इस्मा ने बताया कि महाराष्ट्र और कर्नाटक में मिलों से निकलने वाली चीनी की कीमतें गिरकर लगभग 3,550 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गई हैं, जो उत्पादन लागत से काफी कम है। संस्था ने कहा कि चीनी का भंडार बढ़ रहा है, और संकेत मिल रहे हैं कि गन्ने के भुगतान का बकाया बढ़ना शुरू हो गया है। अगर मौजूदा हालात बने रहे तो यह और बढ़ सकता है।

## फिक्की की विनिर्माण पर तिमाही सर्वेक्षण रिपोर्ट जारी

# फिक्की विनिर्माण सूचकांक तीसरी तिमाही में पहुंचा अब तक के उच्चतम स्तर पर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

उत्पादन लागत अधिक रहने के बावजूद फिक्की विनिर्माण सूचकांक चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। इसमें 91 प्रतिशत कंपनियों ने स्थिर या उससे अधिक उत्पादन दर्ज किया है जो जुलाई-सितंबर के 87 प्रतिशत से अधिक है। फिक्की के विनिर्माण पर तिमाही सर्वेक्षण (क्यूएसएम) के 68वें संस्करण में तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर) तिमाही में आठ प्रमुख क्षेत्रों के विनिर्माताओं के प्रदर्शन एवं बाजार की स्थिति का आकलन किया गया।

### ये उद्योग व वस्तुएं शामिल

इनमें मोटर वाहन कलपुर्जों, पूंजीगत सामान, रसायन, उर्वरक तथा दवा, इलेक्ट्रॉनिक एवं इलेक्ट्रिकल, मशीन उपकरण, धातु व धातु उत्पाद, वस्त्र, परिधान तथा प्रौद्योगिकी वस्त्र तथा विविध वस्तुएं शामिल हैं। लघु एवं मझोले उद्यम दोनों क्षेत्रों की विनिर्माण इकाइयों से प्रतिक्रियाएं प्राप्त की गई हैं जिनका वार्षिक कारोबार संयुक्त रूप से तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक है।

### बिजली व यूटिलीटी लागत में वृद्धि

करीब 57 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बिक्री के प्रतिशत के रूप में उत्पादन लागत में वृद्धि की जानकारी दी जो पिछली तिमाही के निष्कर्षों के अनुरूप है और यह दर्शाता है कि लागत अब भी अधिक है। उद्योग मंडल ने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में उत्पादन लागत में वृद्धि मुख्य रूप से कच्चे माल की उच्च लागत, मुद्रा में उतार-चढ़ाव और लॉजिस्टिक, बिजली व यूटिलीटी लागत में वृद्धि के कारण हुई है।



### विनिर्माण क्षेत्र में निरंतर वृद्धि जारी

तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में विनिर्माण सूचकांक का प्रदर्शन भारत के विनिर्माण क्षेत्र में निरंतर वृद्धि एवं बढ़ते आशावाद को दर्शाता है। यह आशावाद घरेलू मांग में भी स्पष्ट है क्योंकि 86 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में पिछली तिमाही की तुलना में अधिक या समान ऑर्डर की उम्मीद जताई है जो माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दर में कटौती की घोषणा के बाद और भी बढ़ गई है।

### औसत उपयोग क्षमता करीब 75 फीसदी

सर्वेक्षण के अनुसार, विनिर्माण क्षेत्र में मौजूदा औसत क्षमता उपयोग करीब 75 प्रतिशत है जो इस क्षेत्र में निरंतर आर्थिक गतिविधि को दर्शाता है। आगामी छह महीनों में निवेश एवं विस्तार के लिए भविष्य का निवेश दृष्टिकोण स्थिर है। 70 प्रतिशत से अधिक उत्तरदाताओं ने तीसरी तिमाही में निर्यात के स्तर में वृद्धि या पिछले तिमाही के 69 प्रतिशत की तुलना में समान स्तर की वृद्धि दर्ज की।

### कार्यशील पूंजी की उपलब्धता बढ़ी

सर्वेक्षण के अनुसार, विनिर्माणकर्ताओं द्वारा भुगतान की जाने वाली औसत ब्याज दर 8.9 प्रतिशत बताई गई है। 87 प्रतिशत से कुछ अधिक उत्तरदाताओं ने कार्यशील पूंजी या दीर्घकालिक पूंजी के लिए बैंकों से पर्याप्त धनराशि की उपलब्ध होने की जानकारी दी है।

### बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 3.7 प्रतिशत पर

कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस और रिफाइनरी उत्पादों के उत्पादन में गिरावट के कारण दिसंबर 2025 में देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर घटकर 3.7 प्रतिशत पर रही। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार दिसंबर 2024 में यह दर 5.1 प्रतिशत थी। मंगलवार को जारी आंकड़ों से पता चला कि इन आठ क्षेत्रों के प्रदर्शन में मासिक आधार पर सुधार हुआ है। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-दिसंबर अवधि के दौरान इन क्षेत्रों के उत्पादन में 2.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 4.5 प्रतिशत थी।

## रुपया सात पैसे टूटकर 90.97 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** रुपया मंगलवार को सात पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.97 (अस्थायी) के अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। धातु आयातकों से डॉलर की मजबूत मांग और लगातार विदेशी पूंजी की निकासी से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि वैश्विक अनिश्चितता ने जोखिम से बचने की प्रवृत्ति को बढ़ा दिया है और उभरते बाजारों की मुद्राओं पर दबाव बनाए रखा है। इसके अलावा, विदेशी पूंजी की निकासी के कारण घरेलू शेयर बाजार में सुस्ती भी इसकी एक वजह रही।

## एलटीआई माइंड ट्री का लाभ घटकर 970 करोड़

**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी एलटीआई माइंडट्री का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 10.5 प्रतिशत घटकर 970.6 करोड़ रहा। मुख्य रूप से नए श्रम संहिता लागू होने की वजह से एकमुश्त प्रावधान के कारण कंपनी का लाभ घटा है। कंपनी ने एक साल पहले इसी तिमाही में 1,085 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा (शेयरधारकों को देय) अर्जित किया था। एलटीआई माइंडट्री ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि नवंबर 2025 में नए श्रम संहिता लागू होने के कारण कंपनी पने 590 करोड़ की एकमुश्त राशि का प्रावधान किया है। 'बढ़ी हुई राशि (590.3 करोड़ रुपये) की महत्वपूर्ण, एकमुश्त प्रकृति को देखते हुए, समूह ने इसे 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और नौ महीनों के लिए लाभ और हानि के एकीकृत विवरण में इसे 'असाधारण मद' के रूप में रखा है।'

## बिजनेस साइट

# सुमीत बाजार में सबसे बड़ा '26 महा ऑफर', ग्राहकों के लिए बंपर छूट

**रायपुर।** देश के 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सुमीत बाजार ने अपने ग्राहकों के लिए देश का सबसे बड़ा '26 महा-ऑफर' प्रस्तुत किया है। यह ऑफर 17 से 31 जनवरी 2026 तक लागू रहेगा, जिसमें ग्राहकों को बंपर खरीदारी का अवसर मिलेगा। इस विशेष महा-ऑफर के अंतर्गत घरेलू उपयोग की वस्तुओं के साथ-साथ फैशन से जुड़े सैकड़ों उत्पाद बेहद आकर्षक कीमतों पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। बेडशीट, साड़ी, कुर्ती, मेंस वियर, लेडीज वियर, बच्चों के वस्त्र, फुटवियर, कंबल, ब्लैंकेट, कुशन कवर, पिलो कवर, ट्रैक पैंट, टी-शर्ट, शर्ट, जींस सहित अनेक उत्पाद मात्र 26, 126, 226, 326, 426 एवं 526 रु में ग्राहकों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस अवसर पर सुमीत बाजार के डायरेक्टर संयम कांकरिया ने बताया कि मकर संक्रांति के बाद शुभ खरीदारी के मुहूर्त प्रारंभ हो जाते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए ग्राहकों की खरीदारी को और अधिक लाभकारी बनाने के लिए यह विशेष ऑफर तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि आगामी शादी सीजन को देखते हुए दूल्हा-दुल्हन की पसंद के अनुरूप विशेष 'शुभम् भवतु' कलेक्शन भी लॉन्च किया गया है। इसके साथ ही शादी-ब्याह एवं त्योहारों में देने-लेने हेतु सभी प्रकार के कपड़े होलसेल रेट पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

- 'शुभम भवतु' कलेक्शन भी हुआ लांच

### परिवार सहित ऑफर का लाभ उठाएं

गुणवत्ता, विश्वास और उचित मूल्य के लिए पहचाने जाने वाले सुमीत बाजार ने इस गणतंत्र दिवस अवसर पर शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने परिवार सहित पधारें और इस ऐतिहासिक 26 महा-ऑफर का भरपूर लाभ उठाएं।


**OFFICE OF THE COMMISSIONER NAGAR PALIK NIGAM, CHIRMIRI**
**Malviya Nagar, West Chirmiri, Distt.- M.C.B.(C.G.)**

NIT. No. 3633/Tech.-11/NPN Chirmiri/2025-26 — **E-procurement Tender Notice** — Chirmiri, Dated- 19/01/2026
**Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

Online bids are invited for followings works up to 05.02.2026

| S. No. | System Tender no. | Name of work | Last Date for online bid Submission | Last Date for Physical Submission | Probable Amount of Contract (In Lakh) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 184049 | Construction & Development of Bypass Road, From Sonawani Naka, Domanhill to Pt. Dindayal Upadhyay Pondi Via Koriya (2nd Call) | 05/02/2026 | 09/02/2026 | Rs 746.17 |

The details can be viewed and downloaded online directly from Government of Chhattisgarh e-Procurement System Portal (https://eproc.cgstate.gov.in) from 19.01.2026 at 17:30 Hours (IST) on wards.
For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

Executive Engineer
Nagar Palika Nigam Chirmiri
District- M.C.B (C.G)

S-46626/3

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, बोकारो**

ई–निविदा आमंत्रण सूचना
ई– पुनर्निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/BOKARO/41/2024-25/GR_03/4th Call

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र०सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बोकारो जिला के नावाडीह प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत पेंक एवं पंचायत मुंगोरंगामाटी के कोठी के बीच चमगड़वा नाला पर पुल निर्माण। (लम्बाई 34.26 मी०) | 25347500.00 | 507000.00 | 10000.00 | 18 माह |

2.वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 28.01.2026
3.ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 28.01.2026 से दिनांक 11.02.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4.ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, बोकारो।
5.ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 13.02.2026 अपराह्न 02:00 बजे
6.ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, बोकारो।
7.ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06542 291060 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8.परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,बोकारो

PR 371177 (Rural Development)25-26*D

**कार्यालय कलेक्टर, (आदिवासी विकास शाखा) बालोद छ.ग.**
Fax- 07749-223915 Email-id actwd.balod@gmail.com

क्रमांक/1114/आ.जा.क/ निर्माण/2025-26 — **!! निविदा आमंत्रण !!** — बालोद, दिनांक 16.01.2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग द्वारा भवन दर अनुसूची जो दिनांक 01.01.2015 से (समस्त संशोधन सहित) प्रभावशील है। एस.ओ.आर पद्धति के तहत पंजीकृत डाक (ए.डी.) स्पीड पोस्ट के माध्यम से वर्ष 2025-26 में जिले के विभागीय छात्रावास/आश्रमों में लघु निर्माण/जीर्णोद्वार/मरम्मत/अनुरक्षण कार्य के लिये निविदा आमंत्रित किया जाता है। जिसका विवरण निम्नानुसार है।

(राशि लाख में)

| क्र. | स्वीकृत कार्य का नाम एवं कार्य स्थल का नाम | विकास खण्ड | कार्य की अनुमानित लागत | प्रतिभूति राशि | निविदा का दर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्री.मै.आदिवासी बालक छात्रावास डौण्डीलोहारा बोर खनन कार्य | डौण्डीलोहारा | 1.94 | 2000/- | 300/- |
| 2 | प्री.मै.आदि.बालक छात्रा भाठागाँव "आर" में अतिरिक्त कक्ष निर्माण | गुण्डरदेही | 9.98 | 9900/- | 750/- |
| 3 | प्री.मै.आदर्श आदिवासी बालक छात्रावास क्र. 1 डौण्डी में जीर्णोद्वार कार्य | डौण्डी | 4.99 | 5000/- | 750/- |
| 4 | प्री.मै. अनुसूचित जन जाति बालक छात्रावास कोचवाही बोर खनन कार्य जीर्णोद्वार कार्य | गुरूर | 1.94 | 2000/- | 300/- |
| 5 | आदिवासी बालक आश्रम दुर्गीटोला में शौचालय जीर्णोद्वार | डौण्डीलोहारा | 1.10 | 1100/- | 300/- |
| 6 | प्री.मै.आदिवासी कन्या छात्रा.डौण्डीलोहारा वि.खं.डौण्डीलोहारा जीर्णोद्वार निर्माण कार्य | डौण्डीलोहारा | 3.62 | 3600/- | 750/- |
| 7 | प्री.मै.आदिवासी बालक छात्रावास बिटाल वि.ख. डौण्डी जीर्णोद्वार कार्य | डौण्डी | 8.55 | 9000/- | 750/- |
| 8 | प्री.मै.आदिवासी बालक छात्रा भवरमरा वि. ख. डौण्डीलोहारा में जीर्णोद्वार कार्य | डौण्डीलोहारा | 9.75 | 9800/- | 750/- |
| 9 | पो.मै.आदिवासी बालक छात्रा. डौण्डीलोहारा में नलकूप खनन कार्य | डौण्डीलोहारा | 1.77 | 1800/- | 300/- |
| 10 | पो.मै.आदिवासी कन्या छात्रवास डौण्डी में पेयजल सप्लाई कार्य | डौण्डी | 1.04 | 1000/- | 300/- |
| 11 | प्री.मै.आदि. बालक छात्रा, भाठागाँव "बी" दरवाजा खिड़की मरम्मत कार्य | गुण्डरदेही | 5.23 | 5500/- | 750/- |
| 12 | प्री.मै. सूरज आदिवासी बालक छात्रा. डौण्डी वि. खं. डौण्डी जीर्णोद्वार निर्माण कार्य | डौण्डी | 3.14 | 3100/- | 750/- |
| 13 | प्री.मै. सूरज आदिवासी बालक छात्रा. डौण्डी वि.खं.डौण्डी में जीर्णोद्वार कार्य | डौण्डी | 3.14 | 3100/- | 750/- |
| 14 | शासकीय आदिवासी बालक क्रीड़ा परिसर डौण्डी में जीर्णोद्वार कार्य | डौण्डी | 6.50 | 6500/- | 750/- |
| 15 | शासकीय आदिवासी बालक क्रीड़ा परिसर डौण्डी में जीर्णोद्वार कार्य | डौण्डी | 6.10 | 6100/- | 750/- |
| 16 | प्री.मै. आदर्श आदिवासी बालक छात्रावास क्र. 2 डौण्डी में जीर्णोद्वार कार्य | डौण्डी | 4.19 | 4190/- | 750/- |
| | योग - (अक्षरी- बहत्तर लाख अन्ठयानबे हजार रू.) | | 72.98 | | |

निविदा हेतु प्रस्तावित कार्य विवरण, निविदा प्रपत्र एवं निविदा शर्ते अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में उपस्थित हो कर निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि नगद रू. 750/- एवं 300/ - भुगतान कर कार्यालय दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

1. निविदा हेतु आवेदन की अंतिम तिथि :- 27.01.2026 दिन मंगलवार, दोपहर 3.00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि :- 30.01.2026 दिन शुक्रवार, शाम 5.00 बजे तक
3. निविदाकार से निविदा प्रपत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि :- 06.02.2026 दिन शुक्रवार, शाम 5.00 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि :- 09.02.2026 दिन मंगलवार, दोपहर 12.00 बजे तक

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास बालोद

G-252606163/3

**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER**
**CHHATTISGARH RURAL ROAD DEVELOPMENT AGENCY PROJECT CIRCLE, RAIPUR (C.G.)**
Telephone no.- 0771-4030164 E-Mail- se.circlepmgsy@gmail.com

NIT No 221/26/Tech-2/CGRRDA/2026 — Raipur Dated 19/01/2026

Superintending Engineer, Project Circle Raipur on behalf of Governor of Chhattisgarh invites bids in electronic tendering system for, Repair & Maintenance of Building work, sanctioned for Raipur district of the state, from the eligible contractors / Firms registered with unified registration system (e-registration) for the works mentioned below. Date of release of Invitation for Bids through e-procurement:

| S. No | NIT No | Work Name | Amount (Rs. in Lakhs, i/c 18% GST) | Rate invited |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 221 | पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग कार्य निमोरा हेतु जोनल निविदा | Total cost - 40.00 | Percentage Rate SOR for Building Work 2015 PWD (1st Call) |

Detailed N.I.T. and other Details can be viewed on our website https://eproc.cgstate.gov.in. on or after 22/01/2026. In future any related corrigendum would be seen in the notice section of the website.

Superintending Engineer
Chhattisgarh Rural Road Development
Agency Project Circle, Raipur, (C.G.)
E-mail : se.circlepmgsy@gmail.com
Ph: 0771-4030164

S-46621/1

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता**
**महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)**

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(द्वितीय आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 183907 / निविदा सूचना क्र. 09/वलेलि / 2025-26, दुर्ग दिनांक 16.01.2026

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 02.02.2026 17:30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैः-

**कार्य का नाम** - दुर्ग ( बेमेतरा) जिले के विकासखण्ड बेरला के बारगांव नाला व्यपवर्तन के शीर्ष कार्य का जीर्णोद्धार एवं नहर की रिमाडलिंग एवं लाईनिंग कार्य आर. डी. 0 मी. से 5700 मी. तक साथ ही 01 नग वियर, 09 नग व्ही. आर. बी. निर्माण एवं 15 नग कोलाबा फिक्सिंग कार्य

**अनुमानित लागत** - रू. 353.78 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 23.01.2026 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

**नोट** : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
तांदुला जल संसाधन संभाग, दुर्ग
कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार,
जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.

G-252606153/4

**Chhattisgarh State Minor Forest Produce(T&D) Co-operative Federation Limited"**
Van Dhan Bhawan", Sector - 24, Nava Raipur Atal Nagar, Tel: 0771-2513100 - 110 E-mail: mfpfed.cg@nic.in Website: www.cgmfpfed.org

Notification No. MFP/Fed/Audit/2026/I, — Raipur Dated: 21.01.2026

**TENDER NOTICE**

**Request for Proposal for Appointment of Statutory Auditor for Financial Year 2025-2026** Proposal are invited from Chartered Accountant Firm having Head/Branch Office in Raipur District and are empaneled with Registrar Co-Operative Societies Chhattisgarh for Statutory Audit under Chhattisgarh Co-operative Act, 1960, for the Financial Year 2025-2026.

The Eligibility Criteria, terms and conditions and other details are set out in tender documents and amendments are downloaded only from the website www.cgmfpfed.org and the e-Procurement portal https://cgmfpfedtenders.abcprocure.com.

Executive Director

S-46620/1

**कार्यालय अधिष्ठाता**
**पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.)**

:: रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रण सूचना ::

पत्र क्रं.- 1390/ निविदा/2025-26

रायपुर, दिनांक 19/01/2026

चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर में अध्ययनरत विद्यार्थियों / स्टाफ के लिए महाविद्यालय भवन में स्थित लगभग 1300 स्क्वेयर फीट के कक्ष में जिम स्थापित करने हेतु इच्छुक प्रतिष्ठित कम्पनी / संस्थानों / फर्म आदि से Expression Of Interest का प्रस्ताव आमंत्रित की जाती है। अधिक जानकारी एवं निविदा प्रपत्र महाविद्यालय के वेबसाईट www.ptjnmcraipur.in से डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है।

निविदा जमा की अंतिम तिथि 06/02/2026 समय अपरान्ह 03:00 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि 06/02/2026 समय सायं 4:00 बजे

**स्थान** : अधिष्ठाता कार्यालय, पं.ज.ने. स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

अधिष्ठाता
पं.ज.ने. स्मृति चिकित्सा
महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.)

G-252606170/1

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता, गोदावरी कछार,**
**जल संसाधन विभाग, जगदलपुर (छ.ग.)**

ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(चतुर्थ आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 183934 / निविदा सूचना क्र. 20 / व. ले.लि. / 2025-26 दि. 19.01.2026

निम्नलिखित कार्य के लिए दिनांक 06.02.2026 17:30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

**कार्य का नाम** - कोंडागांव जिले के विकासखंड कोंडागांव में "एफ" टाईप क्वार्टर का जीर्णोद्धार कार्य, "जी" टाईप क्वार्टर ( 1, 2, 6, 7, 8 एवं 9 ) का जीर्णोद्धार कार्य, "जी" टाईप क्वार्टर का निर्माण कार्य, "एच" टाईप क्वार्टर का जीर्णोद्धार कार्य, मेन बाऊण्ड्री वॉल एवं पंप हाऊस का निर्माण कार्य।

**अनुमानित लागत** - रू. 289.50 लाख
(एस. ओ. आर. दिनांक 01.08.2010 से प्रचलित (यथा संशोधित दिनांक 22.08.2022 तक)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 27.01.2026 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

**नोट** : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है। इस निविदा में जल संसाधन विभाग द्वारा जारी निविदा पूर्व अर्हता प्रमाण पत्र जिसकी वैधता दिनांक 30.09.2026 तक है, वह लागू होगी।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, कोंडागांव
कृते मुख्य अभियंता, गोदावरी कछार
जल संसाधन विभाग, जगदलपुर, छ.ग.

G-252606160/2

ऑस्ट्रेलियन ओपनः सिनर ने एरिना को हराया, खिताबी हैट्रिक के लिए अभियान की शुरुआत

# सिनर और कीज ने दिखाई चैंपियन वाली झलक, दूसरे राउंड में शानदार एंट्री

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

मौजूदा चैंपियन यानिक सिनर और मैडिसन कीज ने अपने खिताब बचाने के अभियान की सकारात्मक शुरुआत करते हुए मंगलवार को ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। सिनर ने रॉड लेवर एरिना पर सिर्फ तीन गेम गंवाए और एक घंटे से थोड़ा अधिक समय बिताकर खिताबी हैट्रिक पूरा करने के अपने अभियान की शुरुआत की। विश्व में दूसरे नंबर के खिलाड़ी सिनर जब 6-2, 6-1 से आगे चल रहे थे, तभी ह्यूगो गैस्टन ने अचानक एक अज्ञात चोट के कारण मैच से हटने का फैसला किया। सिनर ने कहा, 'मैंने देखा कि वह दूसरे सेट में बहुत तेज गति से सर्व नहीं कर रहा था लेकिन मैं इस तरह से मैच नहीं जीतना चाहता था।' सिनर वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में लगातार तीन बार चैंपियन बनने वाले चौथे खिलाड़ी बनने की राह पर हैं।



## कीज ने ओलेक्सांद्रा को हराया

नौवीं वरीयता प्राप्त कीज ने पहले दौर में ओलेक्सांद्रा ओलिन्यकोवा को 7-6 (6), 6-1 से हराया। अपने 50वें ग्रैंड स्लैम मैच में खेल रही कीज ने पहले सेट में 4-0 से पिछड़ने के बावजूद वापसी करके यूक्रेन की खिलाड़ी के खिलाफ मुकाबला टाईब्रेकर तक पहुंचाया। पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में खेल रही ओलिन्यकोवा ने टाईब्रेकर में भी 4-0 की बढ़त हासिल कर ली थी, लेकिन वह दो सेट प्वाइंट के मौकों को भुनाने में असफल रही। कीज ने कहा, 'मैच की शुरुआत में थोड़ी नर्वस हो गई थी। मैं



जितनी नर्वस थी उसे देखते हुए वापसी करना और जीत हासिल करना शानदार रहा।' कीज़ ने ओलिन्यकोवा की प्रशंसा की जिन्होंने मैच के बाद ऑटोग्राफ दिए और कोर्ट पर यूक्रेन का ध्वज लहराया।

### दो वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हारीं

इस बीच महिला वर्ग में सुबह के सत्र में दो वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को हार का सामना करना पड़ा। इंडोनेशिया की जेनिस टजेन ने कनाडा की 22वीं वरीयता प्राप्त लेयला फर्नांडीज को 6-2, 7-6 (1) से और चेक गणराज्य की टेरेजा वैलेंटोवा ने ऑस्ट्रेलिया की 30वीं वरीयता प्राप्त माया जॉइंट को 6-4, 6-4 से हराया।

### शेल्टन ने किया दूसरे दौर में प्रवेश

बाएं हाथ से खेलने वाले खिलाड़ियों के बीच हुए मुकाबले में अमेरिकी खिलाड़ी बेन शेल्टन ने फ्रांस के यूगो हंबर्ट को 6-3, 7-6 (2), 7-6 (5) से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। पुरुष वर्ग में आठवीं वरीयता प्राप्त शेल्टन पिछले साल में टूर्नामेंट के सेमीफाइनल तक पहुंचे थे। पांचवीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेट्टी बेल्जियम के राफेल कोलिग्नन के चौथे सेट में रिटायर होने के बाद दूसरे दौर में पहुंच



गए। बेल्जियम के खिलाड़ी ने कथित तौर पर ऐंठन और चक्कर आने के कारण मैच बीच में ही छोड़ दिया। उस समय मुसेट्टी 4-6, 7-6 (3), 7-5, 3-2 से आगे चल रहे थे। आगे बढ़ने वाले अन्य खिलाड़ियों में एलियट स्पिज़िरी भी शामिल हैं, जिन्होंने 19 वर्षीय ब्राज़ीलियाई खिलाड़ी जोआओ फोन्सेका को 6-4, 2-6, 6-1, 6-2 से हराया। करेन खाचानोव और सेबेस्टियन बाएज़ भी दूसरे दौर में पहुंच गए हैं।

## सानिया ने किया महिला खिलाड़ियों के लिए 'द नेक्स्ट सेट' लॉन्च

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सानिया मिर्जा ने 'द नेक्स्ट सेट' नामक एक पहल की घोषणा की, जिसका उद्देश्य टेनिस सहित भारत की अग्रणी और उभरती महिला खिलाड़ियों को सलाह और समर्थन देना है। सानिया ने खेल जगत



को वापस कुछ देने के उद्देश्य से यह पहल शुरू की है, जिसमें शीर्ष स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली खिलाड़ियों को सहायता प्रदान करना है। इस कार्यक्रम के तहत मुख्य रूप से एक समर्पित सहायता प्रणाली तक सहजता से पहुंच बनाना होगा, जिसमें कोच, फिजियोथेरेपिस्ट आदि शामिल होंगे।



## डब्ल्यूपीएल में वैष्णवी की सरप्राइज एंट्री, डेब्यू मैच में मचाई थी सनसनी

**वडोदरा।** भारतीय स्पिनर वैष्णवी शर्मा को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के शेष मैचों के लिए चोटिल विकेटकीपर बल्लेबाज जी कमलिनी की जगह मुंबई इंडियंस की टीम में शामिल किया गया। सत्रह वर्षीय कमलिनी ने डब्ल्यूपीएल के इस सत्र में पांच मैचों में से चार में पारी की शुरुआत की, जिसमें उन्होंने 97.40 के स्ट्राइक रेट से केवल 75 रन बनाए। डब्ल्यूपीएल ने कहा, 'वैष्णवी शर्मा 30 लाख रुपए में मुंबई इंडियंस में शामिल होंगी।' वैष्णवी 2025 में भारत की अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम की सदस्य थीं। उन्होंने पिछले महीने श्रीलंका के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला से टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया, जिसे भारत ने 5-0 से जीता था।




## बीसीसीआई ने किया आईपीएल के लिए जेमिनी से करार

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई ने इंडियन प्रीमियर लीग 2026 से पहले गूगल के एआई प्लेटफॉर्म जेमिनी के साथ 270 करोड़ रुपए का प्रायोजन करार किया है। जेमिनी की प्रतिद्वंद्वी कंपनी चैट जीपीटी महिला प्रीमियर लीग के प्रायोजकों में से एक है। बीसीसीआई के अधिकारी ने बताया,'यह करार तीन साल के लिए है और आईपीएल की वैश्विक अपील की बानगी देता है।' बीसीसीआई को पिछले साल जर्सी के लिए नया प्रायोजक तलाशना पड़ा जब भारत सरकार ने ड्रीम 11 जैसे वास्तविक धन गेमिंग प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लगा दिया। बाद में अपोलो टायर 579 करोड़ रुपए के करार के बाद जर्सी का नया प्रायोजक बना।

## तीसरी बार नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में भाग लेंगे प्रज्ञानानंदा

**स्टावेंजर।** भारतीय स्टार आर प्रज्ञानानंदा ने पुष्टि की कि वह तीसरी बार नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में भाग लेंगे। नयी पीढ़ी के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों में शामिल प्रज्ञानानंदा ने 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है । उन्होंने कहा,' नॉर्वे शतरंज में वापसी को बेकरार हूं। मुझे 2024 में वहां खेलने में काफी मजा आया। बेहद रोमांचक प्रारुप।' नॉर्वे शतरंज के सीओओ बेनेडिक्टे रेस्ट्रे एस ने कहा,' प्रज्ञानानंदा ने 2024 में यहां शानदार प्रदर्शन किया। उनका फिर स्वागत करना बेहतरीन होगा।' प्रज्ञानानंदा ने सबसे पहले 2022 में नॉर्वे शतरंज में भाग लेकर टूर्नामेंट जीता था। इसके बाद 2024 में मैग्नस कार्लसन को क्लासिकल प्रारुप में पहली बार हराया।



## ब्रैसवेल की चोट बढ़ाएगी कीवी टीम की टेंशन, क्लार्क रहेंगे स्क्वॉड का हिस्सा

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के कोच रॉब वाल्टर ने कहा कि ऑलराउंडर माइकल ब्रैसवेल का भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में खेलना इस बात पर निर्भर करेगा कि वह इंदौर में खेले गए तीसरे वनडे के दौरान बाएं पैर की पिंडली में लगी मामूली चोट से उबर पाते हैं या नहीं। न्यूजीलैंड ने होल्कर स्टेडियम में भारत को 41 रन से हराकर वनडे श्रृंखला 2-1 से जीती थी लेकिन फील्डिंग के दौरान पिंडली में हल्की चोट लगने के कारण ब्रैसवेल गेंदबाजी नहीं कर पाए थे।

## यूपी डोमिनेटर्स ने दिल्ली दंगल वॉरियर्स को हराया

**नोएडा।** यूपी डोमिनेटर्स ने प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) के एक मुकाबले में शानदार वापसी का बेहतरीन नजारा पेश करते हुए दिल्ली दंगल वॉरियर्स को 5-4 से हरा दिया। पुरुषों के 86 किलोग्राम वर्ग में दिल्ली दंगल वॉरियर्स के वफाइपुर हादी बख्तियार ने मिखाइलोव वासिल को 7-4 से हराया। इसके बाद महिलाओं के 76 किलोग्राम वर्ग में दिल्ली की अनास्तासिया अल्पीवा ने ओजो डामोला हन्ना पर 11-2 से जीत हासिल की। पुरुष वर्ग के 74 किलोग्राम वर्ग के मुकाबले में भी दिल्ली का पलड़ा भारी रहा। अजरबैजान के तुरान बायरामोव ने अभिमन्यु मांडवाल को 3-0 से हराकर दिल्ली को 3-0 की बढ़त दिला दी। यूपी को आखिरकार तपस्या गहलावत ने महिलाओं के 57 किलोग्राम वर्ग में कार्ला गोंजालेज पर 8-2 से हराकर वापसी दिलाई।



## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)

### नियंत्रण वर्ष 2026-27 से वर्ष 2029-30 हेतु बहुवर्षीय सकल राजस्व आवश्यकता एवं वर्ष 2026-27 हेतु दायर टैरिफ याचिका पर आपत्ति एवं सुझाव आमंत्रित करने हेतु सूचना

विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 62 व 64 एवं उनके अन्तर्गत अधिसूचित छत्तीसगढ राज्य विद्युत नियामक आयोग (छराविनिआ) (बहुवर्षीय टैरिफ सिद्धांतों के अनुरूप टैरिफ के निर्धारण और टैरिफ एवं प्रभारों से अनुमानित राजस्व के अवधारण हेतु अपनायी जाने वाली कार्य प्रणाली एवं प्रक्रिया तथा निबंधन एवं शर्तें) विनियम, 2021 तथा छराविनिआ (बहुवर्षीय टैरिफ के निर्धारण हेतु निबंधन एवं शर्तें) विनियम, 2025 के प्रावधानों के अनुपालन में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (CSPDCL) द्वारा नियंत्रण वर्ष 2026-27 से वर्ष 2029-30 हेतु बहुवर्षीय सकल राजस्व आवश्यकता एवं वर्ष 2026-27 हेतु माननीय छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के समक्ष टैरिफ याचिका दायर की गई है। इस याचिका को याचिका क्रमांक 103/2025 के रूप में पंजीकृत किया गया है। इस याचिका में CSPDCL ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए फाईनल टू-अप, वित्तीय वर्ष 2026-27 से वित्तीय वर्ष 2029-30 के नियंत्रण अवधि के लिये बहुवर्षीय वार्षिक राजस्व आवश्यकता का निर्धारण एवं वित्तीय वर्ष 2026-27 के खुदरा टैरिफ के निर्धारण का प्रस्ताव सम्मिलित है, जिसका सारांश नीचे तालिकाओं में दर्शाया गया है:-

**अ. वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतिम टू-अप का सार:**

| स.क्र. | विवरण | राशि (रू. करोड़ में) |
|---|---|---|
| 01. | टैरिफ आदेश दिनांक 01.06.2024 में अनुमोदित वार्षिक राजस्व आवश्यकता | 20,799.11 |
| 02. | ऑडिटेड अकाउंटस के आधार पर वार्षिक राजस्व आवश्यकता | 26,698.64 |
| 03. | ऑडिटेड अकाउंट के अनुसार विद्युत विक्रय से राजस्व | 24,999.74 |
| 04. | स्टेण्डएलोन राजस्व अंतराल/(आधिशेष) (3-2) | 1,698.90 |
| 05. | वित्तीय वर्ष 2022-23 में CSPDCL के अंतिम टू-अप के प्रभाव के कारण राजस्व अंतराल/(आधिशेष) केरिंग कॉस्ट सहित | 3,823.11 |
| 06. | संचयी राजस्व अंतराल/(आधिशेष) (4+5) | 5,522.01 |
| 07. | राज्य शासन से वित्तीय सहायता | 1,000 |
| 08. | वर्ष 2024-25 हेतु कुल संचयी राजस्व अंतराल/(आधिशेष) (6-7) | 4,522.01 |
| 09. | केरिंग/(होल्डिंग) कॉस्ट | 251.47 |
| 10. | कुल Closing राजस्व अंतराल/(आधिशेष) (8+9) | 4,773.48 |

**ब. वित्तीय वर्ष 2026-27 से वित्तीय वर्ष 2029-30 के नियंत्रण अवधि हेतु सकल राजस्व आवश्यकता**

(रू. करोड़ में)

| स.क्र. | विवरण | वर्ष 2026-27 | वर्ष 2027-28 | वर्ष 2028-29 | वर्ष 2029-30 |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | विद्युत क्रय व्यय | 21,150.81 | 22,437.96 | 24,964.63 | 27,179.48 |
| 02 | संचारण एवं संधारण व्यय | 3,250.34 | 3,614.89 | 3,940.21 | 4,230.99 |
| 03 | ब्याज एवं वित्तीय व्यय | 429.50 | 518.27 | 587.62 | 632.33 |
| 04 | अन्य व्यय | 1,116.15 | 1,259.58 | 1,381.35 | 1,488.65 |
| 05 | गैर-टैरिफ आय | 486.49 | 524.69 | 565.89 | 610.33 |
| 06 | सकल राजस्व आवश्यकता | 25,460.30 | 27,306.02 | 30,307.93 | 32,921.13 |

**स. वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु वार्षिक राजस्व आवश्यकता (स्टैण्डएलोन) एवं सकल कमी का सार:**

| स..क्र. | विवरण | राशि (रू. करोड़ में) |
|---|---|---|
| 01. | वर्ष 2026-27 के लिये वार्षिक राजस्व आवश्यकता का अनुमान | 25,460.30 |
| 02. | प्रचलित दरों एवं प्रभारों के आधार पर अनुमानित राजस्व | 26,216.22 |
| 03. | वर्ष 2026-27 के लिये स्टेण्ड एलोन राजस्व अंतराल/(आधिशेष) (2-1) | (755.92) |
| 04. | वर्ष 2024-25 का Forward की गई कैरिंग कॉस्ट सहित कुल Closing राजस्व अंतराल/(आधिशेष) | 4,773.48 |
| 05. | वर्ष 2025-26 के लिए कैरिंग कॉस्ट | 530.91 |
| 06. | वर्ष 2026-27 के लिए कैरिंग कॉस्ट | 294.98 |
| 07. | वर्ष 2026-27 के लिये कुल Closing राजस्व अंतराल/(आधिशेष) (4+5+6) | 5,599.37 |
| 08. | टैरिफ आदेश वर्ष 2025-26 में असम्मिलित केरिंग कॉस्ट | 1,158.35 |
| 09. | अपील क्र. 286/2017 में माननीय APTEL के आदेश के अनुसार दावा | 161.03 |
| 10. | माननीय APTEL द्वारा नोशनल इन्कम के मामले में रिमांडेड बैक एवं CSPDCL के पक्ष में सशर्त फैसले से संबंधित राशि | 145.41 |
| 11. | वर्ष 2026-27 हेतु समायोजित सकल राजस्व आवश्यकता (1+7+8+9+10) | 32,524.46 |
| 12. | वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए विद्युत विक्रय (MUs) | 38,728.79 |
| 13. | वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए समायोजित औसत विद्युत प्रदाय दर (Rs./kWh) | 8.40 |
| 14. | वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए सकल राजस्व अंतर | 6,308.24 |

**द. वर्ष 2026-27 हेतु टैरिफ प्रस्ताव**

CSPDCL द्वारा प्रस्तावित राजस्व अंतर की भरपाई हेतु सभी उपभोक्ता श्रेणियों के टैरिफ में एक समान वृद्धि प्रस्तावित किया गया है।

**ई. वर्ष 2026-27 हेतु CSPDCL के अन्य प्रस्ताव:**

(i) CSPDCL द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के टैरिफ आदेश में अनुमोदित किए गए लोड फैक्टर रिबेट अनुसार, एचव्ही-4: स्टील उद्योग श्रेणी के उपभोक्ताओं को दिए जा रहे 25% लोड फैक्टर रिबेट को घटाकर 10% करने का अनुरोध किया है।

(ii) CSPDCL ने एचव्ही-4: स्टील उद्योग श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए टाइम ऑफ डे (ToD) टैरिफ को सौर घंटों (09:00 बजे से 17:00 बजे तक) के दौरान वर्तमान सामान्य अवधि के टैरिफ को 80% से घटाकर 70% करने और साथ ही उच्चतम मांग अवधि (17:00 बजे से 23:00 बजे तक) के दौरान टैरिफ को 120% से बढ़ाकर 125% करने का अनुरोध किया है।

(iii) CSPDCLने लोड फैक्टर रिबेट की गणना के लिए 132 केवी और 220 केवी सिस्टम से जुड़े एचव्ही-4: स्टील उद्योग श्रेणी के उपभोक्ताओं को दी जा रही 30 घंटे की 'पॉवर ऑफ आवर्स' को समाप्त किये जाने का अनुरोध किया है।

(iv) CSPDCL ने ट्रांसमिशन प्रभार के भुगतान के पुराने प्रावधान के अनुसार, दीर्घ/मध्यम अवधि के ओपन एक्सेस सोलर प्रोस्यूमर्स के लिए निर्धारित 33% ट्रांसमिशन प्रभार को 100% करने का अनुरोध किया है।

(v) CSPDCL ने पूर्व टैरिफ आदेश अनुसार, एचव्ही-2: खदान टैरिफ श्रेणी में खदान सह स्टोन क्रशर एवं सिर्फ स्टोन क्रशर, दोनों को सम्मिलित करने का अनुरोध किया है।

(vi) CSPDCL ने पूर्व के टैरिफ आदेश अनुसार, बस्तर और दक्षिण क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण क्षेत्रों में स्टील उद्योगों के लिए ऊर्जा प्रभार में 5% रिबेट देने का भी अनुरोध किया है।

(vii) CSPDCLने एचवी-4 श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए भी कम लोड फैक्टर टैरिफ का लाभ उठाने हेतु CSPDCL से 100% आपूर्ति अनिवार्य करने का अनुरोध किया है, जैसा कि एचवी-3 श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए लागू है।

(viii) CSPDCL ने स्टार्टअप पॉवर टैरिफ श्रेणाी के लिए सह-स्थित औद्योगिक इकाइयों वाले उत्पादन संयंत्रों की संविदा मांग के लिए स्पष्ट प्रावधान करने का अनुरोध किया है।

(ix) CSPDCL ने अग्रिम भुगतान पर छूट को पिछले टैरिफ आदेश में दी गई 1.25% प्रति माह से घटाकर 0.5% प्रति माह करने का अनुरोध किया है।

(x) CSPDCLने एचवी-3 और एचवी-4 श्रेणी में लोड फैक्टर के आधार पर स्थायी प्रभार के प्रावधान पर पुनर्विचार करने और श्रेणी विशेष के सभी उपभोक्ताओं के लिए खपत के निरपेक्ष, समान स्थायी प्रभार निर्धारित करने का अनुरोध किया है।

**फ.** माननीय विद्युत अपीलीय प्राधिकरण द्वारा दिनांक 01.07.2025 को अपील संख्या 303/2019 में पारित आदेश के माध्यम से आयोग को वोल्टेज-वार आपूर्ति लागत के आधार पर खुदरा दर निर्धारित करने का निर्देश दिया गया है। अतः आयोग वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए खुदरा शुल्क का निर्धारण वोल्टेज-वार आपूर्ति लागत के आधार पर करेगा। अतः आयोग को वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए वोल्टेज के अनुसार आपूर्ति लागत के आधार पर टैरिफ निर्धारित करना बाध्यकारी है।

यह आम सूचना, याचिका एवं अनुगामी प्रस्तुत किये गये दस्तावेजों की प्रति (1) आयोग की वेबसाइट www.cserc.gov.in एवं (2)CSPDCL की वेबसाईट www.cspdcl.co.in पर उपलब्ध है।

वितरण कंपनी द्वारा प्रस्तुत की गई याचिका एवं सार संक्षेपिका (हिन्दी) की प्रतियां (1) छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के कार्यालय एवं (2) याचिकाकर्ता, कार्यपालक निदेशक (निकाएवंऊप्र) कार्यालय, डंगनिया, रायपुर सहित (3) रायपुर शहर, रायपुर ग्रामीण, बिलासपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, जगदलपुर, अंम्बिकापुर एवं रायगढ़ के क्षेत्रीय में उपलब्ध हैं। याचिका अथवा सार संक्षेपिका को उक्त कार्यालयों से क्रमशः रू.100/- तथा रू.50/- के भुगतान पश्चात, किसी भी कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। याचिका/सारांश की प्रति डाक द्वारा रू.50/- का अतिरिक्त भुगतान कर प्राप्त किया जा सकता है।

उपरोक्त याचिका पर इच्छुक व्यक्ति/संस्था अपने आपत्तियां/सुझाव, निम्नलिखित पते पर इस आम सूचना के प्रकाशित होने की तिथि से 21 दिनों की समयसीमा के भीतर व्यक्तिगत रूप से अथवा डाक द्वारा सचिव, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग, सिंचाई कॉलोनी, शांति नगर, रायपुर, पिन-492001 (E-mail: cserc.sec.cg@nic.in) एवं/या कार्यपालक निदेशक (निकाएवंऊप्र), छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लि., 4थी मंजिल, विद्युत सेवा भवन, डंगनिया, रायपुर, पिन-492013 (E-mail: cecomcseb@rediffmail.com) के पते पर प्रेषित कर सकते हैं। माननीय विद्युत नियामक आयोग द्वारा उपरोक्त याचिका पर जनसुनवाई हेतु स्थान, दिनांक एवं समय पृथक से समाचार पत्रों के माध्यम से प्रकाशित किया जाएगा।

कार्यपालक निदेशक (निकाएवंऊप्र)
छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लि., रायपुर




# मर्दों के स्पर्म में सेंध लगा रहा ये साइलेंट किलर! अगली पीढ़ी पर खतरा

अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया रिवरसाइड की इस स्टडी में पाया गया कि अगर पिता माइक्रोप्लास्टिक के संपर्क में आता है, तो उसके बच्चों में आगे चलकर डायबिटीज जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। यह असर गर्भ ठहरने से पहले ही शुरू हो जाता है।

**न्यूयार्क।** यह रिसर्च काफी चौंकाने वाली इसलिए है, क्योंकि अब तक ज्यादातर ध्यान मां की सेहत पर दिया जाता था। इस बार वैज्ञानिकों ने पिता के शरीर पर पड़े असर को समझने की कोशिश की है और नतीजे काफी गंभीर निकले हैं। माइक्रोप्लास्टिक बहुत छोटे-छोटे प्लास्टिक के कण होते हैं। इनका आकार 5 मिलीमीटर से भी कम होता है। ये प्लास्टिक की बोतल, पैकेजिंग, कपड़े और दूसरे रोजमर्रा के सामान के टूटने से बनते हैं। ये कण हवा, पानी और खाने के जरिए शरीर में पहुंच जाते हैं। पहले ही ये इंसानी शरीर के कई हिस्सों, यहां तक कि प्रजनन अंगों में भी मिल चुके हैं।

## बच्चों में आगे चलकर डायबिटीज जैसी बीमारियों का खतरा

### कैसे हुई यह रिसर्च

यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, रिवरसाइड के वैज्ञानिकों ने इस रिसर्च को चूहों पर किया। देखा गया कि जिन नर चूहों को माइक्रोप्लास्टिक के संपर्क में रखा गया, उनके बच्चों की सेहत पर क्या असर पड़ा। यह रिसर्च जर्नल ऑफ द एंडोक्राइन सोसाइटी में प्रकाशित हुई है। इसे इस तरह की पहली स्टडी माना जा रहा है।



### इंसानों के लिए क्या मतलब

रिसर्च के लीड वैज्ञानिक प्रोफेसर चांगचेंग झोउ का कहना है, यह असर सिर्फ उसी व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता जो माइक्रोप्लास्टिक के संपर्क में आता है। इसका असर बच्चों तक भी पहुंच सकता है। उन्हें आगे चलकर गंभीर बीमारियों की ओर धकेल सकता है। उन्होंने कहा कि जो पुरुष भविष्य में पिता बनने की योजना बना रहे हैं, उन्हें माइक्रोप्लास्टिक जैसी हानिकारक चीजों से दूरी बनानी चाहिए। बता दें, फिलहाल यह स्टडी चूहों पर की गई है, लेकिन वैज्ञानिक मानते हैं कि इसके नतीजे इंसानों के लिए भी अहम हो सकते हैं। आगे की रिसर्च में यह देखा जाएगा कि अगर मां माइक्रोप्लास्टिक के संपर्क में आए तो क्या असर होता है।

### बच्चों पर क्या असर दिखा

वैज्ञानिकों ने चूहों की अगली पीढ़ी यानी बच्चों को हाई फैट डाइट दी ताकि छुपे हुए असर साफ नजर आ सकें। इस दौरान देखा गया कि जिन बच्चों के पिता माइक्रोप्लास्टिक के संपर्क में थे ,उनमें मेटाबॉलिक बीमारियों का खतरा ज्यादा था। इन बीमारियों में बढ़ा हुआ ब्लड शुगर, मोटापा और डायबिटीज जैसी समस्याएं शामिल हैं। बता दें कि इस स्टडी में सबसे हैरान करने वाली बात यह थी कि असर बेटों और बेटियों पर अलग-अलग दिखा. जिन मादा बच्चों के पिता माइक्रोप्लास्टिक के संपर्क में थे उनमें डायबिटीज जैसे लक्षण साफ नजर आए। उनके लीवर में ऐसे जीन ज्यादा एक्टिव पाए गए जो सूजन और डायबिटीज से जुड़े होते हैं।

## रोचक खबरें

## पहली संक्रांति पर दामाद को परोसे 158 पकवान

**नई दिल्ली।** संक्रांति सिर्फ फसल का त्योहार नहीं, बल्कि रिश्तों और परंपराओं का उत्सव भी है। आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले के तेनाली से सामने आई एक कहानी ने यही बात साबित कर दी, जहां एक परिवार ने अपने दामाद की पहली संक्रांति को इतना खास बना दिया कि पूरा देश हैरान रह गया। आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले के तेनाली कस्बे का एक परिवार इन दिनों सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। वजह है, संक्रांति के मौके पर अपने दामाद के लिए तैयार किया गया 158 व्यंजनों का भव्य भोज। एक रिपोर्ट के अनुसार, वंदनापु मुरलीकृष्ण और उनकी पत्नी ने यह खास आयोजन अपनी बेटी मौनिका और दामाद श्रीदत्त के लिए किया। श्रीदत्त मूल रूप से गोदावरी जिले के राजामहेंद्रवरम से हैं। यह उनकी शादी के बाद पहली संक्रांति थी, जिसे परिवार ने बेहद खास अंदाज़ में मनाने का फैसला किया। आंध्र प्रदेश में पहली संक्रांति का विशेष महत्व होता है, खासकर जब दामाद पहली बार ससुराल आता है। इसे सम्मान, अपनापन और प्रेम दिखाने का अवसर माना जाता है। इस भव्य भोज में पारंपरिक संक्रांति व्यंजनों की भरमार थी। इसमें मुरुक्कू, चेक्कलु और गारेलु जैसे नमकीन शामिल थे। वहीं, गुड़ से बनी मिठाइयों में अरिसेलु, बोब्बटलु, सुन्नुंडलु और कज्जिकायालु परोसे गए। इसके अलावा शाकाहारी और मांसाहारी दोनों तरह के व्यंजन भी तैयार किए गए, चावल की कई किस्में, मसालेदार करी और तरह-तरह के साइड डिशेज़ ने इस दावत को और भी खास बना दिया। इस आयोजन का वीडियो जैसे ही सोशल मीडिया पर सामने आया, देखते ही देखते वायरल हो गया। वीडियो ने परंपरा, प्यार और भव्यता को लेकर बहस भी छेड़ दी। आंध्र प्रदेश के कैबिनेट मंत्री लोकेश नारा ने भी इस वीडियो पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने सोशल मीडिया मंच पर लिखा कि संक्रांति सिर्फ त्योहार नहीं, बल्कि आंध्र के घरों में एक भावना है।



# धरती का वो खामोश कोना, जहां इंसानों से ज्यादा पास है अंतरिक्ष

पॉइंट नीमो धरती की सबसे सुनसान जगह मानी जाती है। यह समुद्र के बीचों-बीच है। यहां से चारों तरफ जमीन हजारों किलोमीटर दूर है। यहां न तो जहाज आते-जाते हैं न ऊपर से हवाई जहाज गुजरते हैं। न ही समुद्र में ज्यादा जीवन मिलता है।

**वॉशिंगटन।** यही जगह सैटेलाइट डेब्रिस भी है और कई रहस्यमयी घटनाओं से भी जुड़ी रही है। धरती पर कई ऐसी जगहें हैं जहां इंसान बहुत कम पहुंच पाता है। पॉइंट नीमो को दुनिया की सबसे अलग-थलग जगह माना जाता है। यह जगह दक्षिणी प्रशांत महासागर में स्थित है। इसका सटीक स्थान 48 डिग्री 52.6 मिनट दक्षिण अक्षांश और 123 डिग्री 23.6 मिनट पश्चिम देशांतर पर है। यहां से चारों दिशाओं में सबसे नजदीकी जमीन करीब 2,700 किलोमीटर दूर है। इसी वजह से इसे पोल ऑफ इनऐक्सेसिबिलिटी कहा जाता है। दिलचस्प बात यह है कि पॉइंट नीमो को किसी नाविक या खोजी ने नहीं ढूंढा। साल 1992 में क्रोएशियाई-कनाडाई सर्वे इंजीनियर हरवोए लुकाटेला ने कंप्यूटर की मदद से इसकी पहचान की है।



### धरती की 'स्पेस कब्रगाह'

पॉइंट नीमो का खास इस्तेमाल भी होता है। इसकी ऐसी जगह पर स्थिति के कारण अंतरिक्ष एजेंसियां पुराने और खराब हो चुके अंतरिक्ष यानों को यहीं समुद्र में गिराती हैं। इसे आधिकारिक तौर पर ऑर्बिटल ग्रेवयार्ड कहा जाता है। अब तक 300 से ज्यादा अंतरिक्ष यान यहां खत्म किए जा चुके हैं। साल 2001 में सोवियत स्पेस स्टेशन मीर को भी यहीं गिराया गया था। नासा और उसके साथी देश भविष्य में इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन को भी करीब 2031 में यहीं उतारने की योजना बना रहे हैं।

### सबसे नजदीकी जमीन इतनी दूर

अगर कोई इंसान किसी तरह पॉइंट नीमो पर समुद्र में तैर रहा हो तो भी उसे जमीन तक पहुंचने के लिए करीब 2,700 किलोमीटर का सफर तय करना होगा। पास की जमीनों में पिटकेर्न द्वीप का ड्यूसी आइलैंड, अंटार्कटिका के पास माहेर आइलैंड और ईस्टर आइलैंड के पास मोटू नुई शामिल हैं। जहां लोग रहते हैं वहां पहुंचने के लिए या तो न्यूजीलैंड की चैथम आइलैंड्स जाना होगा। साथ ही चिली की ओर लंबा सफर करना पड़ेगा।

### द ब्लूप नाम की आवाज

पॉइंट नीमो एक बड़े रहस्य से भी जुड़ा है। साल 1997 में समुद्र के अंदर लगे माइक्रोफोन ने यहां से एक बेहद तेज और अजीब आवाज रिकॉर्ड की थी। इस आवाज को द ब्लूप नाम दिया गया। यह ताकतवर हजारों किलोमीटर दूर तक सुनी गई थी। कई सालों तक सिर्फ लोग कयास लगाते रहे कि ये किसी विशाल समुद्री जीव की आवाज है। वैज्ञानिकों ने साफ किया कि यह आवाज एक बड़े हिमखंड के टूटने और पिघलने से पैदा हुई थी, जिसे आइसक्वेक कहा जाता है।

### यहां भी पहुंच गया प्लास्टिक

इतनी दूर और खाली जगह होने के बावजूद पॉइंट नीमो भी इंसानी गंदगी से बच नहीं सका। साल 2017-18 की वोल्वो ओशन रेस के दौरान वैज्ञानिकों ने यहां पानी के सैम्पल्स लिए थे। जांच में पता चला कि पानी में 9 से 26 छोटे प्लास्टिक कण मौजूद थे। इससे साफ है कि प्लास्टिक प्रदूषण धरती की सबसे दूर जगह तक पहुंच चुका है।

## चारों ओर पानी और हरी घास फिर भी क्यों मर रही हजारों गायें!

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में एक ऐसी भयावह और हैरान कर देने वाली त्रासदी सामने आई है, जिसने न सिर्फ किसानों बल्कि पूरी दुनिया को सोचने पर मजबूर कर दिया है। चारों तरफ ताजा पानी, हरी-भरी घास और खुला आसमान होने के बावजूद हजारों गायें भूख और प्यास से दम तोड़ रही हैं। यह दर्दनाक स्थिति उत्तर-पश्चिम क्वींसलैंड के आउटबैक इलाके में देखने को मिल रही है। लगातार बारिश के कारण विशाल मैदानी इलाके डूब चुके हैं और जगह-जगह छोटे-छोटे टापू जैसे हिस्से बन गए हैं। इन्हीं टापुओं पर फंसे हुए हजारों मवेशी चारों ओर से ताजे बारिश के पानी से घिरे हुए हैं, लेकिन वे पानी में उतरने से डर रहे हैं। उनके सामने घास उग रही है, लेकिन बीच में पानी होने के कारण वे वहां तक जाने की हिम्मत नहीं कर पा रहे। स्थानीय पशुपालक एंगस प्रॉपस्टिंग का कहना है, यह सुनने में बिल्कुल बेतुका लगता है, लेकिन सच यही है कि गायें पानी से घिरी होने के बावजूद प्यास से मर रही हैं। उनका कहना है कि मवेशी इतने डर और सदमे में हैं कि वे अपने छोटे से टापू को छोड़ने को तैयार नहीं हैं।



### डर, सदमा और मानसिक टूटन

किसानों के मुताबिक, यह सिर्फ शारीरिक नहीं बल्कि मानसिक संकट भी है। मवेशी कई दिनों से पानी और कीचड़ में खड़े हैं। उनका शरीर कमजोर हो चुका है और मानसिक रूप से वे पूरी तरह टूट चुके हैं। एक अन्य पशुपालक गाइ कीट्स कहते हैं, हम रोज बछड़ों को मरते देख रहे हैं। यह सब बहुत थका देने वाला और अंदर से तोड़ देने वाला है।

## इस वेट लॉस ट्रांसफॉर्मेशन जर्नी को देख खुली रह जाएंगी आंखें

**नई दिल्ली।** कभी शीशे के सामने खड़े होकर खुद से नजरें चुराना, कभी कैमरे से भागना और फिर एक दिन वही कैमरा अपनी कहानी सुनाने लगे। इंस्टाग्राम पर वायरल हो रहा यह वीडियो सिर्फ एक महिला के वजन घटाने की कहानी नहीं, बल्कि उस हौसले की दास्तान है, जो टूटने के बाद भी खुद को फिर से तराश लेता है। यह ट्रांसफॉर्मेशन किसी 'जादू' का नतीजा नहीं, बल्कि सब्र, पसीने और खुद से किए गए एक वादे की मिसाल है, जो आज लाखों लोगों के लिए प्रेरणा बन चुकी है। सोशल मीडिया की चकाचौंध में हर दिन कोई न कोई वीडियो वायरल होता रहता है, लेकिन कुछ वीडियो दिल को छू जाते हैं। वीडियो के कैप्शन में महिला लिखती हैं कि 'मेरी जर्नी एक अनएक्सपेक्टेड डिस्कवरी की वजह से बदल गई।' वीडियो की शुरुआत किसी फिल्मी सीन जैसी नहीं, बल्कि एक आम महिला की आम जिंदगी से होती है।..जहां थकान, वजन और खुद से शिकायतें थीं. यही वजह है कि लोग इस वीडियो से खुद को जोड़ पा रहे हैं। यह कोई जादुई ट्रिक नहीं, बल्कि धीरे-धीरे बदली गई डेली रुटिन एक अच्छी दिनचर्या, खान-पान और सोच की कहानी है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, हेल्दी वेट लॉस एक लंबी प्रक्रिया है। इसमें 3 से 6 महीने नहीं, बल्कि कई बार 1 साल या उससे ज्यादा समय लग सकता है। इस जर्नी में रेगुलर वर्कआउट, बैलेंस्ड डाइट, नींद और मेंटल हेल्थ का ख्याल जरूरी होता है। वायरल वीडियो भी यही पैगाम देता है कि सब्र और मेहनत का फल देर से सही, मगर मीठा होता है। इस खबर का दूसरा एंगल भी अहम है। सोशल मीडिया जहां मोटिवेशन देता है, वहीं कई बार अनरियल एक्सपेक्टेशन भी पैदा करता है। ऐसे में यह वीडियो इसलिए खास है, क्योंकि यह परफेक्ट बॉडी नहीं, बल्कि रियल प्रोग्रेस दिखाता है। आज जब फिटनेस ट्रेंड बन चुका है, यह वीडियो याद दिलाता है कि लाइफस्टाइल ट्रांसफॉर्मेशन कोई रेस नहीं, एक सफर है, जिसमें गिरना, संभलना और फिर उठना शामिल है।




## स्पेस में अगर पैदा हो बच्चा तो कैसा होगा उसका शरीर

**वॉशिंगटन।** अंतरिक्ष में लगभग न के बराबर ग्रेविटी होती है, जिसे माइक्रो ग्रेविटी कहा जाता है। पृथ्वी पर ग्रेविटी हड्डियों और मांसपेशियों को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाती है।

स्पेस में पैदा होने वाले बच्चे को यह प्राकृतिक दबाव नहीं मिलेगा। वैज्ञानिकों के मुताबिक, ऐसे बच्चों की हड्डियां कम घनी और मांसपेशियां कमजोर रह सकती हैं। उन्हें वह मैकेनिकल स्ट्रेस नहीं मिलेगा जो कंकाल प्रणाली के सही विकास के लिए जरूरी होता है। यही वजह है कि उनका शरीर देखने में दुबला और शारीरिक रूप से कमजोर हो सकता है।

### शरीर के तरल पदार्थ और दिमाग पर असर

माइक्रो ग्रेविटी में शरीर के अंदर खून और अन्य तरल पदार्थ समान रूप से नहीं बंटते। अधिकतर तरल ऊपरी शरीर और सिर की तरफ चला जाता है। अगर बच्चा अंतरिक्ष में पैदा होता है, तो उसका चेहरा फूला हुआ हो सकता है और खोपड़ी के अंदर दबाव में बदलाव आ सकता है। वैज्ञानिक मानते हैं कि इसका असर मस्तिष्क के विकास और आंखों की रोशनी पर भी पड़ सकता है। लंबे समय तक ऐसा माहौल बच्चे के न्यूरोलॉजिकल विकास को प्रभावित कर सकता है, जो पृथ्वी पर जन्मे बच्चों से अलग होगा।



### पृथ्वी पर वापसी होगी सबसे बड़ी चुनौती

वैज्ञानिकों के अनुसार, अंतरिक्ष में पैदा हुआ बच्चा कम ग्रेविटी वाले माहौल के लिए तो अनुकूल हो सकता है, लेकिन पृथ्वी पर लौटना उसके लिए बेहद मुश्किल होगा। यहां की मजबूत ग्रेविटी उसके दिल, हड्डियों और मांसपेशियों पर भारी पड़ सकती है। इससे चलने-फिरने में दर्द और कमजोरी महसूस हो सकती है। कुल मिलाकर, ऐसा बच्चा न तो एलियन होगा और न ही सुपरह्यूमन। वह बस जैविक रूप से अलग होगा एक ऐसा इंसान, जो अंतरिक्ष के लिए ढला हुआ होगा, लेकिन धरती के लिए नहीं।

### लंबा शरीर, कमजोर इम्यूनिटी और रेडिएशन का खतरा

अंतरिक्ष में रीढ़ की हड्डी पर गुरुत्वाकर्षण का दबाव नहीं होता, इसलिए वहां पैदा हुआ बच्चा सामान्य से थोड़ा लंबा हो सकता है। वहीं, अत्यधिक साफ और रोगाणु-रहित माहौल इम्यून सिस्टम के विकास में रुकावट डाल सकता है। इससे बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर रह सकती है। इसके अलावा, अंतरिक्ष में कॉस्मिक रेडिएशन का खतरा ज्यादा होता है। लंबे समय तक इसके संपर्क में रहने से डीएनए में म्यूटेशन हो सकता है। ये बदलाव एलियन शक्तियां नहीं देंगे, लेकिन स्वास्थ्य जोखिम जरूर बढ़ा सकते हैं।







## बिक गई दुनिया की सबसे महंगी जमीन, 9 लाख 16 हजार एकड़ बड़ा प्लॉट

**न्यूयार्क।** भारत में लोग प्रॉपर्टी में इन्वेस्ट करना बहुत पसंद करते हैं। जिसकी जैसी हैसियत, उसके हिसाब से प्लॉट खरीदते हैं। अब दुनिया में जमीन खरीदने की सबसे चर्चित डील अब सामने आई है। इसे अभी तक के सबसे बड़े प्लॉट की बिक्री माना जा रहा है। ये डील हुई अमेरिका के वायोमिंग राज्य में स्थित पैथफाइंडर रैंचेज़ की. यह विशाल संपत्ति हाल ही में बिक गई है। इसका कुल क्षेत्रफल करीब 916,000 एकड़ है, जो न्यूयॉर्क सिटी से चार गुना बड़ा और रोड आइलैंड राज्य से भी अधिक है। इस रैंच की लिस्टिंग प्राइस 79.5 मिलियन डॉलर (लगभग 670 करोड़ रुपए) थी और डील 14 जनवरी 2026 को फाइनल हो गई। यह रैंच रॉकी माउंटेंस में चार काउंटियों में फैला हुआ है और राज्य के कुल क्षेत्रफल का 1% से ज्यादा कवर करता है। इसमें 20 मील से अधिक स्वीटवॉटर नदी, पेड्रो, फेरिस, सेमिनो और ग्रीन माउंटेन रेंज के हिस्से शामिल हैं। ऐतिहासिक इंडिपेंडेंस रॉक भी यहीं है, जो ओरेगन, मोर्मन, पोनी एक्सप्रेस और कैलिफोर्निया ट्रेल्स पर स्थित है।



### बेहद अमीर है खरीदार

इस डील से पहले रॉबिन्सन और उनकी फैमिली की होल्डिंग लैंड रिपोर्ट मैगज़ीन की टॉप 100 लैंडओनर्स लिस्ट में 31वें नंबर पर थी। पैथफाइंडर रैंच जोड़ने के बाद उनकी कुल ज़मीन 4.70 लाख एकड़ से ज्यादा हो सकती है, जिससे वे लिस्ट में 10 पोजीशन ऊपर चढ़ जाएंगे और अमेज़न फाउंडर जेफ बेजोस (4.62 लाख एकड़) को पीछे छोड़ देंगे। रॉबिन्सन ने कहा है कि यह खरीद सिर्फ रैंकिंग या स्केल के लिए नहीं, बल्कि ज़मीन और पानी से उनका प्यार है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com